ISSN 2321-4945

PEER REVIEWED

UGC CARE listed Research Journal

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

वर्ष : 14 ● अंक : 12 ● मार्च : 2022



संपादक
डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया

अतिथि संपादक
प्रो. मोहन

एक हृदय हो भारत जननी

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

[केंद्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार के आंशिक आर्थिक सहयोग से प्रकाशित]

सलाहकार

प्रो. आर.एस. सर्राजु
प्रो. दिलीप कुमार मेधि
डॉ. नारायण तालुकदार
डॉ. अच्युत शर्मा

संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
(चलभाष : 9435340285)

अतिथि संपादक

प्रो. मोहन
(दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)
(चलभाष : 9871115500)

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
(चलभाष : 9101541395)

शब्द संयोजन व अलंकरण

रतिकांत कलिता

एक प्रति	: बीस रुपये
अर्द्धवार्षिक	: सौ रुपये
वार्षिक शुल्क	: दो सौ रुपये

प्रकाशक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी-781032

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार एवं दृष्टिकोण लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

लेखादि भेजने का पता :

संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति,
रूपनगर, गुवाहाटी-781032
E-mail: rastrasewak51@gmail.com

Postal Rgd. No. GH-127/2022-2024 **ISSN 2321-4945**
PEER REVIEWED UGC CARE listed Research Journal

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा प्रकाशित
भाषा, साहित्य, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

वर्ष : 14 **अंक : 12** **मार्च, 2022**

विषय-सूची

: हिंदी विभाग :

- संपादकीय — 2
- हृदयोपासना : औपनिषदिक चिंतन — ✍ डॉ. हेमलता जोशी — 3
- हिंदी पत्रों का इतिहास (प्रारंभ से 1898 ई. तक) — ✍ डॉ. आशा यादव — 13
- 'ब्रह्मपुत्र' आंचलिक उपन्यास के रूप में : एक अध्ययन — ✍ डॉ. सत्यजित कलिता — 25
- हिंदी के 'परती परिकथा' और असमीया के 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में चित्रित ग्राम्य जीवन का तुलनात्मक अनुशीलन — ✍ डॉ. दिनेश साहू — 30
- रामचरितमानस में चरित्र निर्मिति — ✍ डॉ. अमित कुमार शर्मा — 38
- समकालीन कवि भगवत रावत के काव्य-चरित्र — ✍ शंकर शर्मा — 42
- असमीया उपन्यास की पृष्ठभूमि — ✍ स्मिता रजक — 48
- किन्नर समुदाय एवं धार्मिक संघर्ष : एक विवेचनात्मक अध्ययन — ✍ प्रियंका कलिता — 52
- स्वशक्ति उद्घोष/फर्ज निभाना है बाकी (कविता) — ✍ अतुल/प्रमोद तिवाड़ी — 56
- संवदिया (कहानी) — ✍ फणीश्वरनाथ रेणु — 57

অসমীয়া বিভাগ

- কোচ ৰাজবংশী জনগোষ্ঠীৰ লোকদেৱতা 'মাশান ঠাকুৰ' - এক অধ্যয়ণ — ✍ গোবিন্দ বৈশ্য — ৬৩
- লিংগ অধ্যয়নৰ আলোকত মামণি ৰয়ছম গোস্বামীৰ 'নীলকণ্ঠী ব্রজ' — ✍ বিকাশ দাস — ৭০
- নগেন শইকীয়াৰ মিতভাষত ৰবীন্দ্রনাথ ঠাকুৰৰ কবিতাৰ প্রভাৱ ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন — ✍ হিৰণ্য কুমাৰ বৰা — ৭৫
- আজিৰ সময় (কবিতা) — ✍ দীপামণি মহন্ত — ৮২

लेखक/लेखिकाओं से अनुरोध : • 'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' के लिए भेजे जाने वाले लेखादि साहित्य, कला, संस्कृति विषयक होने चाहिए। • भेजे गये लेखादि साफ अक्षरों में या टाइप कराकर ही भेजें। • अनूदित लेखों के लिए मूल लेख का उल्लेख करना अनिवार्य है। • सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

संपादकीय

संस्कृति और संस्कारों की पहचान है - हिंदी

विश्व की प्राचीन और सरल भाषाओं की सूची में हिंदी को अग्रिम स्थान मिला है। हिंदी भारत की मूल है। यह भाषा हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान है। हिंदी भाषा हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान और गौरव प्रदान करवाती है। एक शोध के अनुसार विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा में हिंदी का स्थान दूसरा आता है।

हिंदी भाषा का जन्म लगभग एक हजार वर्ष पहले हुआ था। ऐसा माना जाता है कि हिंदी का जन्म देवभाषा संस्कृत की कोख से हुआ है। संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट–यह हिंदी भाषा का विकास क्रम है। हिंदी एक भावात्मक भाषा है, जो लोगों के दिल को आसानी से छू लेती है। हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र है।

पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार करने का श्रेय एकमात्र हिंदी भाषा को जाता है। भाषा की जननी और साहित्य की गरिमा हिंदी भाषा जन–आंदोलनों की भी भाषा रही है। आज भारत में पश्चिमी संस्कृति को अपनाया जा रहा है, जिसके चलते अंग्रेजी भाषा का सभी क्षेत्रों में चलन बढ़ गया है। फिर भी दुनिया में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि हिंदी भविष्य की भाषा है। एक भारतीय होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हमें भी हिंदी के महत्व को बढ़ावा देना चाहिए।

हिंदी सिर्फ एक भाषा का काम ही नहीं करती है। यह सभी लोगों को एक–दूसरे को आपस में जोड़े रखने का काम भी करती है। हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बोली जाने वाली भाषा है। इसका अध्ययन विदेशों में भी होता है और विश्व के कोने–कोने से लोग भारत सिर्फ हिंदी सीखने के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि संस्कृत भाषा का सरलतम रूप हिंदी भाषा ही है। हिंदी भाषा में संस्कृत के काफी शब्दों का समावेश देखने को मिल जाएगा।

इस भाषा की आदि जननी संस्कृत है। संस्कृत पाली, प्राकृतिक भाषा से होती हुई और अपभ्रंश तक पहुंचती है। फिर अपभ्रंश से गुजरती हुई प्राचीन/प्रारंभिक हिंदी का रूप लेती है। सामान्यता हिंदी भाषा के इतिहास का आरंभ अपभ्रंश से माना जाता है। भारत एक ग्रामीण देश है और इसकी अधिकतर जनसंख्या ग्रामीण इलाकों से ताल्लुक रखती है। भारत में सभी अंग्रेजी नहीं जानते। इसलिए भारत में आपको किसी से भी बात करनी हो या फिर संवाद करना हो तो आपको पहले हिंदी का ज्ञान होना ही चाहिए। यह एक ऐसी भाषा है, जिसकी मदद से हम अपनी भावनाओं को बहुत ही सरल तरीके से व्यक्त कर सकते हैं।

इंटरनेट एक ऐसी जगह है, जहां पर हम हर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत और विश्व में इंटरनेट जिस रफ्तार से विकसित हुआ है, वो सही में बहुत तारीफ के काबिल है। हिंदी भाषा भी अब इंटरनेट पर तेजी से अपना कब्जा जमा रही है। आज के समय में हिंदी भाषा हर समाचार पत्र से लेकर हिंदी ब्लॉग तक अपनी पहचान हासिल कर रही है। गूगल और विकिपीडिया जैसी बड़ी वेबसाइट हिंदी को हर व्यक्ति तक पहुँचाने में अपनी हर संभव कोशिश कर रही है। इन्होंने हिंदी भाषा के महत्व को समझते हुए इंटरनेट पर ट्रांसलेटर, सर्च, सॉफ्टवेयर आदि को विकसित किया, जिससे लोगों के लिए हिंदी को जानना और भी आसान हो गया है। ❑

हृदयोपासना : औपनिषदिक चिंतन

✍ डॉ. हेमलता जोशी

भारतीय परंपरा आस्थावादी परंपरा है। यह आस्था है आत्मा में, यह आस्था है परमात्मा में। यह आस्था नितांत वैयक्तिक है, भावात्मक है। पर इसकी परिणति सत्कर्मों के रूप में, आदर्शों एवं मूल्यों के रूप में, शुद्ध आचार एवं व्यवहार के रूप में प्रकट होती है। भारतीय परंपरा में भौतिक जीवन के साथ-साथ आध्यात्मिक जीवन को, इहलोक के कल्याण के साथ-साथ परलोक के कल्याण की बात भी की जाती है। आत्मा-परमात्मा को केंद्र में रखकर यह परंपरा प्राचीनकाल से ही जिज्ञासु रही है। इसी का परिणाम है कि इस क्षेत्र में अनेक खोजें, अनेक रहस्योद्घाटन अनवरत चलते रहे हैं। सत्य की इस खोज में शरीर को प्रयोगशाला बनाकर चित्त की एकाग्रता द्वारा ध्यान-योग रूपी अनेक साधनों का अभ्यास, उपयोग होता रहा है। यह साधना नितांत अनुभवात्मक है। इस साधना का शरीर-मन पर पड़ने वाले, आचार-व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभावों को वैज्ञानिक दृष्टि से भी सार्थक सिद्ध किया जा चुका है। अत: ध्यान-योग साधना भौतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अपना विशेष महत्व रखती है। यों तो शरीर साधना की प्रयोगशाला है। इस शरीर में अनेक चक्र हैं, मर्म स्थान हैं, बिंदु हैं, चैतन्य केंद्र हैं, ऊर्जा केंद्र हैं, जहाँ से विशेष शक्तियों का, रहस्यों का उद्घाटन होता है। इन्हीं में से एक है हृदय। हृदय का भौतिक शरीर में तो अस्तित्व है ही, पर आध्यात्मिक दृष्टि से भी बहुत महत्व है। इसे आध्यात्मिक हृदय भी कहा जाता है। उपनिषदों में इसे आत्मा का, परमात्मा का निवास ही नहीं, अपितु स्वयं ब्रह्म भी माना गया है। इस दृष्टि से इसका मूल्य और भी अधिक है। अत: अंगुष्ठ मात्र इस हृदय क्षेत्र की उपासना को, इस पर ध्यान को विशेष महत्व दिया गया है। इस हृदय स्थित आत्म तत्व का, परमात्मा का साक्षात्कार करने के बाद कुछ जानना शेष नहीं रह जाता है। साक्षात्कार करने वाला अमर हो जाता है।

प्रस्तुत लेख में हृदयोपासना के विविध साधनों के औपनिषदिक चिंतन को उभारने का प्रयास किया गया है, जो सुधी पाठकों के लिए उपयोगी हो सकेगा, ऐसा विश्वास है।

कुंजी शब्द : हृदय, ब्रह्म, हृदयोपासना, हृदय ग्रंथि, ऊँकार जप, ध्यान साधना, अमृतत्व।

यों तो पूरा शरीर चैतन्यमय है, पर हृदय को विशेष स्थान प्राप्त है, जो ध्यान-साधना के संदर्भ में अपना विशेष महत्व रखता है। भौतिक जगत में यह कोशिकाओं द्वारा निर्मित दो सौ से ढाई सौ ग्राम वजन का होता है, जो पूरे शरीर में रक्त प्रवाहित करता है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह आत्मा का, परमात्मा या ब्रह्म का स्थान है। इसलिए यह और भी अधिक महत्व रखता है। इसे हृदय चक्र या अनाहत चक्र भी कहा जाता है। इसे भावना का केंद्र भी माना जाता है। शरीर में इसकी स्थिति भिन्न-भिन्न बताई गई है। कोई इसे छाती के मध्य में, कोई छाती के दाईं ओर तथा कोई छाती के बाईं ओर मानता

है। इससे यह ज्ञात होता है कि हृदय की स्थिति छाती के आसपास ही है। इसे जानने की अनेक विधियाँ-प्रविधियाँ हैं। यदि इनका अभ्यास किया जाए तो अनेक रहस्यों का उदघाटन किया जा सकता है, जिसका भौतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है।

1.0 हृदय का स्वरूप :

हृदय को कई नामों से जाना जाता है जैसे हृदयम्, हृद्, हृत्, हृदय आदि। इस हृदय के अनेक अर्थ बताए हैं, पर सबका सार लगभग एक ही है। विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार हृदयम् का अर्थ है-अनुराग, रहस्य विज्ञान[1], सारांश, तत्व, प्राणधार[2], मन, चित्त[3], अंत:करण[4] वक्ष के भीतर बाईं ओर स्थित माँस का रक्तकोश, आत्मा, भीतरी रहस्य[5], प्रेम और भावनाओं का केंद्र है।[6] बृहदारण्यकोपनिषद् में कहा है कि जो हृदय है, यह ब्रह्म है, सर्व है। यह तीन अक्षर वाला है-ह्र जो ऐसा जानता है, उसके प्रति अन्य समर्पण करते हैं, द जो ऐसा जानता है, उसे स्वजन और अन्य जन देते हैं, यम् जो ऐसा जानता है, वह स्वर्गलोक को जानता है।[7] उपर्युक्त अर्थों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि वास्तव में हृदय भावों का केंद्र ही नहीं अपितु आत्मा, चित्त, मन, अंत:करण, रहस्य विज्ञान, प्राणधारा, तत्व, सार आदि का प्रतीक है। इतना ही नहीं, यह स्वयं ब्रह्म है।

विभिन्न उपनिषदों में हृदय के स्वरूप को अनेक प्रकार से व्याख्यायित किया गया है। वृहदारण्यकोपनिषद् में कहा है कि यह हृदय है, यह प्रजापति है। यह ब्रह्म है, सर्व है।[8] हृदय आयतन है, हृदय स्थितता है। समस्त भूतों की प्रतिष्ठा है, इसी में समस्त भूत प्रतिष्ठित होते हैं। हृदय ही परम ब्रह्म है। जो इसकी ऐसे उपासना करता है, उसका हृदय त्याग नहीं करता। सब भूत उसे उपहार समर्पण करते हैं। वह देव होकर देवों को प्राप्ता करता है।[9] ऐतरेय उपनिषद् में कहा है कि जो यह हृदय है, वही मन है। सम्यक् ज्ञान शक्ति, आज्ञा देने की शक्ति, विभिन्न रूप से जानने की शक्ति, तत्काल जानने की शक्ति, धारण करने की शक्ति, देखने की शक्ति, धैर्य, बुद्धि, मनन शक्ति, संकल्प, मनोरथ, प्राण शक्ति आदि उस परमात्मा की सत्ता के नाम के बोधक लक्षण हैं।[10] प्राणाग्निहोत्रोपनिषद् में कहा है कि प्राणियों के हृदय में

सर्वत्र व्याप्त होकर स्थित रहते हुए निरंतर भ्रमण करने वाले तुम ही यज्ञ, ब्रह्मा, विष्णु, वषट्कार, आपः, ज्योति, रस, अमृत ब्रह्म, भूः, भुवः, स्वः स्वरूप हो। तुम्हें मेरा नमन है।[11] बृहदारण्यक उपनिषद् में हृदय को परमात्मा का लोक कहा है। हृदय में रूप प्रतिष्ठित है, हृदय में ही श्रद्धा प्रतिष्ठित है, हृदय में ही वीर्य स्थित है, हृदय में ही सत्य प्रतिष्ठित है। हृदय किसमें प्रतिष्ठित है-इस संदर्भ में बताया गया है कि हृदय प्राण में प्रतिष्ठित है, प्राण अपान में, अपान व्यान में, व्यान उदान में और उदान समान में।[12]

भौतिक दृष्टि से हृदय का अपना आकार-प्रकार है पर आध्यात्मिक दृष्टि से वह निराकार है, अनुभवात्मक है। उपनिषदों में उसे ब्रह्म का स्थान माना है। इतना ही नहीं, अपितु उसे ब्रह्म का प्रतीक भी माना है। उपनिषदों में ब्रह्म का स्थान सर्वोपरि है। उसी का अंश प्राणीमात्र है। इसीलिए उपनिषद् के ऋषि का कहना है कि अहम् ब्रह्मास्मि-मैं ही ब्रह्म हूँ। वही ऋषि जब सामान्य प्राणियों के मध्य होते हैं तो उनका कहना होता है तत्वमसि-तुम भी वही हो। इससे स्पष्ट होता है कि उस ब्रह्म का विस्तार यह जगत है। मानव देह में उसका स्थान हृदय को माना गया है। महोपनिषद् में कहा है कि हमारे हृदय में वह आत्मतत्व महेश्वर के रूप में विद्यमान है।[13] सुबालोपनिषद् में कहा है कि हृदय से जगत उत्पन्न हुआ है।[14] इससे भी यही सिद्ध होता है कि यह हृदय ही ब्रह्म है और जगत इसका विस्तार है। दूसरी ओर कहा है कि हृदय में ब्रह्म निवास करता है। इसी संदर्भ में अथर्वाशिरोपनिषद् में कहा है कि बाल के अग्र भाग तुल्य सूक्ष्म रूप से हृदय में निवास करने वाले विश्व रूप, देव रूप समस्त उत्पन्न हुए लोगों को जानने वाले श्रेष्ठ परमात्मा को जो ज्ञानीजन अपने भीतर देखते हैं, वे कांति प्राप्त करते हैं।[15] आत्मबोधोपनिषद् में कहा है कि जो हृदय रूपी कमल है, वही ब्रह्मपुर है। वही अकेला वह क्षेत्र है, जो विद्युत अथवा दीपक के समान प्रकाशमान है।[16] हृदय कमल अथवा हृदयाकाश के संदर्भ में कहा है कि सूक्ष्म हृदय कमल कुमुद के समान श्वेत है, जो अनेक प्रकार के विकास को प्राप्त होता है। हृदयाकाश परम कोश है, जिसमें दिव्य आत्मतत्व निवास करता हैं।[17] मुंडकोपनिषद में कहा है कि इस शरीर में आत्मा और परमात्मा दोनों का अस्तित्व है। एक इस शरीर में कर्मों का भोग करता है तो दूसरा द्रष्टाभाव देखता है। जीवात्मा मोह में रहता है। परमात्मा का बोध हो जाने पर वह मुक्त हो जाता है।[18] अतः स्पष्ट होता है कि इस शरीर में आत्मा और परमात्मा दोनों का ही अपना-अपना महत्व है। आध्यात्मिक दृष्टि से हृदय का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। यहीं से आध्यात्मिक विकास की यात्रा प्रारंभ होती है और यहीं पर परम साध्य की प्राप्ति होती है। अतः निष्कर्षतः सिद्ध होता है कि वास्तव में हृदय अनेक विशेषताओं का केंद्र है, जो अनेक रूपों में व्यक्त होता है, अनेक क्रियाएँ इसके द्वारा संपादित होती हैं और साधक को वास्तविकता से, सत्य से परिचित कराने में अहम भूमिका अदा करता है। इसीलिए उपनिषदों में इसकी उपासना को महत्वपूर्ण माना है।

2.0 हृदयोपासना :

हृदयोपासना से तात्पर्य है हृदय के पास रहना, उस पर ध्यान केंद्रित करना, उस पर एकाग्र होना, उसकी पूजा करना आदि अर्थात हृदय को केंद्र में रखकर साधना करना। यह हृदय जो परम तत्व का स्थान है, उसकी प्राप्ति का स्थान है, उसे ध्यान साधना द्वारा जाना जा सके, उसका साक्षात्कार किया जा सके-इसीलिए उपनिषदों में किसी-न-किसी रूप में हृदयोपासना का वर्णन मिलता है। बृहदारण्यक उपनिषद् में कहा है कि हृदय का शरीर ही हृदय है और आकाश उसकी प्रतिष्ठा अर्थात आश्रय स्थल है। ऐसा मानकर हृदय की उपासना करनी चाहिए।[19] छान्दोग्योपनिषद् में कहा है कि यह शरीर ब्रह्मपुर है। इसके भीतर एक कमल पुष्प के समान क्षेत्र है। उसके भीतर एक सूक्ष्माकाश है। इसके भीतर जो निगूढ़ रहस्य है, तत्व है, उसका अन्वेषण करना चाहिए।[20] आकाश ही हृदय है और उसी में रहस्य है। उस रहस्य को जानने की बात कही है। कैवल्योपनिषद में कहा है कि योगीजन अपने हृदय कमल में रजोगुण से रहित विशुद्ध आत्मतत्व का विशद चिंतन करें।[21] इसी प्रकार मैत्रेयण्युपनिषद् में कहा है कि हृदय कमल के मध्य शुद्धि के समस्त कर्मों के साक्षी रूप एवं परम अनुपम प्रेम के विषयभूत परमेश्वर

का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।[22] इतना ही नहीं, संन्यासी को मोक्ष प्राप्ति हेतु बाह्य पूजा का त्याग कर हृदय में ही पूजा करनी चाहिए।[23] महोपनिषद् कहता है कि हमारे हृदय में आत्मतत्व परमेश्वर के रूप में विद्यमान है। इसको त्याग कर जो अन्य वस्तु की प्राप्ति हेतु प्रयत्नशील हैं, वे अपने हाथों से कौस्तुभ मणि को छोड़कर अन्य वस्तु की अभिलाषा में हैं।[24] इससे स्पष्ट होता है कि उपनिषदों में ब्रह्म की प्राप्ति हेतु हृदयोपासना पर विशेष बल दिया गया है। इसके लिए अनेक साधनों का विवरण मिलता है।

3.0 हृदयोपासना के साधन :

किसी भी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन का होना आवश्यक है। वे साधन सरल भी हो सकते हैं और जटिल भी। यह निर्भर करता है साध्य पर। साध्य ऊँचा हो तो साधन भी उसी के अनुरूप होते हैं। हृदयोपासना जैसा गूढ़ विषय भी सरलता से नहीं सुलझाया जा सकता है। अत: हृदयोपासना के लिए भी एक नहीं, अपितु अनेक साधन उपनिषदों में निर्दिष्ट हैं। चूँकि हृदय ब्रह्म का स्थान भी है और उसका प्रतीक भी है, अत: चाहे हृदय की उपासना करें या उस ब्रह्म की उपासना करें- दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों का परिणाम भी लगभग समान ही है। इस हेतु उपनिषदों में निर्दिष्ट प्रमुख साधन निम्न हैं-

3.1 यम-नियमों का पालन :

हृदय को जानना, परमात्मा को प्राप्त करना, उसका अनुभव करना, उसका साक्षात्कार करना सहज नहीं, अपितु कठिन है। लेकिन आचार-विचार शुद्ध हो, आदर्शों-मूल्यों की महत्ता हो, सात्विक जीवन शैली हो, दृढ़ निष्ठा हो, यम-नियमों का पालन हो तो साधक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। यम-नियमों के संदर्भ में मंडलब्राह्मणोपनिषद् में विस्तार से वर्णन किया गया है। सर्दी-गर्मी, आहार एवं निद्रा पर विजय प्राप्त करना, सर्वदा शांत और निश्चल होकर इंद्रियों पर नियंत्रण रखना यम है। गुरुभक्ति, सत्यमार्ग से अनुरक्ति, यथा लाभ, संतोष, एकांत निवास, अनासक्ति, मनोनिवृत्ति, फल की इच्छा न करना और वैराग्य भाव ही नियम हैं।[25]

भारतीय परंपरा का अंतिम लक्ष्य ब्रह्म प्राप्ति, मोक्ष प्राप्ति है, साधक उस चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उपनिषदों का सार यही है ब्रह्म साक्षात्कार, अमृतत्व की प्राप्ति। इसीलिए हृदय में चित्त की स्थिरता एवं स्थितता द्वारा पूर्णता प्राप्त करने वाले प्रणम्य होते हैं। निष्कर्षत: यह सिद्ध होता है कि हृदयोपासना अपने आप में बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, जिसका परिणाम चरम एवं परम लक्ष्य की प्राप्ति है। यही जीवन की वास्तविक प्राप्ति है, वास्तविक पूर्णता है।

अत: इनका समुचित पालन करना हृदयोपासना में उपयोगी हो सकेगा। मुंडकोपनिषद् में कहा गया है कि सबके शरीर के भीतर हृदय में विराजमान सर्व दोषों से रहित परम विशुद्ध परमात्मा को प्रयत्नशील साधक ही जान सकते हैं। सदैव सत्य भाषण, तपश्चर्या, संयम, स्वार्थ त्याग तथा ब्रह्मचर्य के पालन से उत्पन्न यथार्थ ज्ञान द्वारा ही वे प्राप्त हो सकते हैं।[26] इसी प्रकार ब्रह्मोपनिषद् में कहा गया है कि जिस प्रकार तिल में तेल, दही में घृत, स्रोत के प्रवाह में जल और काष्ठ में अग्नि अप्रत्यक्ष रूप से विद्यमान रहती है, उसी प्रकार आत्मा हमारे अंत:करण में विद्यमान है। उसे सत्य और तप के द्वारा ही देखा जा सकता है।[27] इससे स्पष्ट होता है कि यम-नियम वास्तव में साधक को बाह्य एवं आंतरिक रूप से शुद्ध रखते हैं। यही शुद्धता उस परम सत्ता की प्राप्ति में सहायक होती है।

3.2 अभ्यास और वैराग्य :

किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभ्यास और वैराग्य आवश्यक है। अभ्यास का अर्थ है– बार–बार क्रिया को दोहराना और वैराग्य का अर्थ है– राग रहित होना, अनासक्त होना। साधना के क्षेत्र में इनका विशेष महत्व है। अत: उपनिषदों में भी इन्हें परम तत्व की प्राप्ति में सहायक माना गया है। महोपनिषद् में कहा है कि पौरुष रूप अभ्यास और वैराग्य का आश्रय लेते हुए आकाश रूपी हृदय में चिंतन द्वारा बराबर चैतन्य तत्व में लगे हुए चित्त रूपी चक्र की धार से चित्त को अचिंत्यावस्था में ले जाकर मन का दमन करना चाहिए। इससे सभी बंधन कट जाएँगे।[28] मन के नियंत्रण के संबंध में बताया है कि मन को तब तक रोक कर रखना चाहिए जब तक कि वह हृदय में विलीन न हो जाए। मन का हृदय में विलीन हो जाना ही आत्मज्ञान और मोक्ष है।[29] इससे यही सिद्ध होता है कि बिना अभ्यास और वैराग्य के मानसिक नियंत्रण संभव नहीं है। महोपनिषद् में कहा है कि वैराग्य की भावना प्रबल होने पर हृदय की गाँठें खुल जाती हैं।[30] इंद्रियों पर विजय प्राप्ति के लिए अभ्यास और वैराग्य बहुत आवश्यक है। इंद्रियों पर नियंत्रण का परिणाम बताते हुए महोपनिषद् में कहा है कि हृदय में इंद्रियजन्य विषय हलचल नहीं करते हैं तो संसार रूपी समुद्र से तरा जा सकता है।[31] इसका तात्पर्य है कि हृदय में चित्त शांत अवस्था को प्राप्त होता है तो सभी बंधनों से मुक्त हुआ जा सकता है। इसी संदर्भ में यह भी कहा है कि मुक्त और शांत वही है, जो हृदय से सभी वासनाओं को छोड़ देता है। वही परमेश्वर है।[32] ब्रह्मबिन्दूपनिषद् में कहा है जब मन विषयासक्ति से रहित हो जाता है तथा वह हृदय में स्थिर होकर उन्मनी भाव को प्राप्त हो जाता है तब वह ब्रह्मपद को प्राप्त कर लेता है।[33] महोपनिषद् में कहा है कि जड़ता ही हृदय की पाषाणवत स्थिति है। उसका परित्याग करने पर जो अमन्यस्कता की अवस्था है, उसी में लीन रहो।[34] कहने का तात्पर्य है कि वासनाओं का छूटना, विषयासक्ति का छूटना, जड़ता का छूटना अभ्यास और वैराग्य का ही परिणाम है। अत: जब इनकी भावना दृढ़ हो जाती है तब परम सत्ता को प्राप्त किया जा सकता है।

3.3 भक्तिभाव :

भक्ति में भक्त का अपने इष्ट के प्रति समर्पण का भाव होता है। उस परम सत्ता को प्राप्त करने हेतु नवधा भक्ति का अपना विशेष स्थान है। उपनिषदों में भी भक्ति द्वारा उस परम सत्ता को प्राप्त करने की बात कही गई है। श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है कि हृदय में स्थित अंतर्यामी परमेश्वर को भक्तिपूर्ण हृदय से निर्मल मन के द्वारा जान लेने पर अमर हो जाते हैं।[35] परमात्मा मनुष्यों के हृदय में सम्यक प्रकार से स्थित हैं। उनके गुण व प्रभाव को सुनकर द्रवित और विशुद्ध हुए निर्मल हृदय में, निश्चयपूर्वक बुद्धि और एकाग्र मन के द्वारा ध्यान करने पर वे परमात्मा प्रत्यक्ष होते हैं। जो साधक इस रहस्य को प्राप्त कर लेते हैं, वे उन्हें प्राप्त करके अमृततुल्य हो जाते हैं।[36] तेजोबिंदूपनिषद् में कहा है कि परमात्मा को इन आँखों से नहीं देखा जा सकता है। अत: जो साधक हृदय स्थित परमात्मा को भक्तिपूर्ण हृदय से गुण, प्रभाव का श्रवण करके भक्तिभाव से द्रवित हृदय में निर्मल मन के द्वारा जान लेते हैं, अमर हो जाते हैं।[37] इसी प्रकार कठोपनिषद् में भी कहा गया है कि इस परमेश्वर का दिव्य स्वरूप प्रत्यक्ष विषय के रूप में अपने सामने नहीं ठहरता। अर्थात कोई भी इन चर्म चक्षुओं से उसे नहीं देख पाता। जो निरंतर प्रेमपूर्वक उसका चिंतन हृदय में करता है, उसके हृदय में उस स्वरूप का प्रगाढ़ ध्यान होता है। उसका हृदय ध्यानजनित स्वरूप में निश्चल हो जाता है। ऐसे निश्चल विशुद्ध बुद्धि से वह हृदय में उस परमात्मा को जान लेता है। इसे जानने वाला अमृत हो जाता है, वह परमानंद स्वरूप हो जाता है।[38] इससे ज्ञात होता है कि भक्ति भावना के विभिन प्रकारों के द्वारा भी उस परम सत्ता को जाना जा सकता है।

3.4 प्राणायाम :

प्राण शक्ति को बढ़ाने का सशक्त उपाय है प्राणायाम। प्राणशक्ति जितनी प्रबल होती है, स्वास्थ्य पर उतना ही अधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इतना ही नहीं, प्राण शक्ति की सुदृढ़ता, इसका जागरण साधना के क्षेत्र में भी विशेष महत्व रखता है। मुख्य प्राण का स्थान हृदय माना गया है। दूसरी ओर कहा गया है कि हृदय

प्राण में प्रतिष्ठित है, प्राण अपान में, अपान व्यान में, व्यान उदान में और उदान समान में।[39] बृहदारण्यकोपनिषद् में कहा है कि हृदय द्वार ही वायु का प्रवेश द्वार है। इसी हृदय से प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करता है। सुषुम्ना ऊर्ध्व गमन का मार्ग है। इसके ऊपर मोक्ष का द्वार ब्रह्मरंध्र है। इसी को योगी सूर्य मंडल जानते हैं।[40] प्राण को हृदय पर धारण कर, उसका हृदय पर निरोध करना साधना की दृष्टि से उपयोगी बताया गया है। ब्रह्मविद्योपनिषद् में कहा है कि जिस प्रकार मथने वाले दंड से दुग्ध को मथा जाता है, उसी प्रकार चार कलाओं से युक्त हृदय में स्थित प्राण को शरीर में भ्रमण कराया जाता है।[41] ध्यानबिंदूपनिषद् में कहा है कि अनुलोम-विलोम प्राणायाम के अभ्यास से नाड़ियाँ वायु से पूर्ण हो जाती हैं। उन नाड़ियों में दसों प्राण धाराएँ सम्यक होने लगती हैं। तदंतर हृदय रूपी कमल विकसित होकर स्पष्ट हो जाता है तथा उस स्थान पर परमात्म स्वरूप निष्पाप वासुदेव के दर्शन होने लगते हैं।[42] ध्यानबिंदूपनिषद् कहता है कि पूरक में नाभि में विष्णु का ध्यान, कुंभक में हृदय में ब्रह्मा का ध्यान तथा रेचन में शिव का ध्यान करना चाहिए।[43]

खेचरी मुद्रा की सिद्धि हेतु योग कुंडलिनी उपनिषद् में कहा है कि प्राण को हृदय में निरोध कर नेत्रों से भौहों के मध्य देखते हुए उसकी शलाका से मंथन करें।[44] ध्यान के साथ प्राणायाम करने के संदर्भ में योग चूड़ामणि उपनिषद् में कहा गया है कि हृदयकमल में स्थित प्रज्ज्वलित ज्वाला सदृश सूर्य के ध्यान के साथ प्राणायाम करना योगी के लिए सुखदाई होता है।[45] नाद योग की सिद्धि में वायु का हृदय पर निरोध करना साधना की दृष्टि से उपयोगी बताया है। अत: योग चूड़ामणि उपनिषद् में कहा है कि ऊपर और नीचे दोनों ओर से गतिशील वायु जब आकाश मंडल हृदय में स्थिर होती है तब नादयोग की सिद्धि होती है।[46] कुंडिकोपनिषद् के अनुसार वायु के नाद का प्रकट होना ही हृदय का तप कहा जाता है। वह शरीर को भेदकर ऊर्ध्व की ओर गमन करता हुआ मूर्धा को प्राप्त कर लेता है। मूर्धा को प्राप्त कर लेना ही परम गति कहा गया है। इसे प्राप्त करने वाला ब्रह्मज्ञानी मुक्त हो जाता है।[47] ओम् के साथ भी प्राणायाम का निर्देश मिलता है। अमृतनाद उपनिषद् कहता है कि ओंकार का ध्यान करते हुए प्राणायाम करें। इस तरह प्रणव गर्भ प्राणायाम नाभि के ऊर्ध्व भाग अर्थात हृदय में ध्यान करते हुए स्थूलातिस्थूल मात्रा में संपन्न करें।[48] ध्यान बिंदूपनिषद् में निर्देश मिलता है कि इड़ा नाड़ी से वायु भरकर उदर में स्थापित करें। देह के मध्य भाग में ज्योर्तिमय ओम् का ध्यान करें। पूरक, रेचक, कुंभक को क्रमश: ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र कहा गया है। ये प्राणायाम के देवता हैं।[49] इससे सिद्ध होता है कि प्राणायाम के द्वारा भी हृदयोपासना संभव है।

3.5 ओंकार जप :

भारतीय परंपरा में ओंकार का विशेष स्थान है। इसे ब्रह्म का प्रतीक माना गया है जो सर्वज्ञ है, सर्वशक्तिमान है, सर्वव्यापक है। यह अतुलनीय है। इसे प्रणव नाम से भी जाना जाता है। अत: साधना में इस ओंकार के जप का विशेष महत्व है। उपनिषदों में ओंकार का विशद वर्णन मिलता है। हृदय पर ध्यान करने में इस ओंकार के जप को साधन के रूप में लिया गया है। मुंडकोपनिषद् में कहा है कि रथचक्र की नाभि में जैसे अरे लगे होते हैं उसी प्रकार शरीर की संपूर्ण नाड़ियाँ हृदय मध्य स्थित होती हैं। उस पर परमेश्वर का ओम् के उच्चारण द्वारा ध्यान करना चाहिए। अज्ञान दूर करने के लिए यह आवश्यक है।[50] इसी प्रकार मैत्रेयण्युयोपनिषद् में कहा गया है कि यह आकाश ही कमल है। इसमें निवास करने वाला समस्त प्रकार की जानकारी रखता है। वह इन चारों दिशाओं, उपदिशाओं में प्रतिष्ठित है। वह श्रेष्ठ है। इस प्राण और आदित्य की ओंकार से युक्त एवं व्याहृतियाँ सहित गायत्री, सावित्री महामंत्र से उपासना करनी चाहिए।[51] ध्यान बिंदूपनिषद् में कहा गया है कि अंत:करण को नीचे अरणि तथा प्रणवाक्षर को ऊपर की अरणि बनाकर यथारूप ध्यान के अभ्यास से अग्नि की भांति व्याप्त गूढ़ तत्व का साक्षात्कार करें।[52] निरंतर हृदय में ध्यान करके पुरुषोत्तम का ओम् नाम के उच्चारण से परमात्मा को प्राप्त करने में समर्थ हो जाते हैं, जो अज्ञानरूप अंधकार से सर्वथा अतीत और संसार समुद्र के परे हैं।[53] बुद्धिमान मनुष्य ध्यान की अवस्था में समस्त इंद्रियों को मन के द्वारा निरुद्ध करके हृदय में ओंकार रूप नौका द्वारा संपूर्ण भयंकर प्रवाहों को पार कर जाए।[54] इससे स्पष्ट

होता है कि ओंकार का उच्चारण, उसका जप करना भी हृदयोपासना के लिए उपयोगी है।

3.6 ध्यान :

किसी भी आलंबन पर चित्त की सघन एकाग्रता को ध्यान कहा जाता है। ध्यान को योग का हृदय माना गया है। हृदयोपासना में भी ध्यान का अपना विशेष महत्व है। ध्यानबिंदूपनिषद् में कहा गया है कि हृदयकमल की कर्णिका के मध्य स्थित ज्योतिशिखा के समान अंगुष्ठमात्र आकार के नित्य ओंकार रूप परमात्मा का ध्यान करें।[55] इसी प्रकार योगकुंडल्योपनिषद् के अनुसार अंगुष्ठमात्र, धूमरहित, ज्योतिस्वरूप, प्रकाशमान, कूटस्थ (शाश्वत) अव्यय, आत्मतत्व का अंत:करण में ध्यान करते रहना चाहिए।[56] शांडिल्योपनिषद् में कहा है कि पांच इंद्रियों के प्रवाह वाला हृदय रूप रिक्त आकाश को प्रादुर्भूत करने वाला है तथा वहीं खेचरी मुद्रा स्थित रहती है। अत: उसी का सेवन करें।[57] मैत्रेयण्युपनिषद् में कहा है कि हृदयकमल में बुद्धि के समस्त कर्मों के साक्षी रूप एवं परम अनुपम प्रेम के विषयभूत परमेश्वर का ध्यान करना चाहिए।[58] हंसोपनिषद् के अनुसार मंत्र के साथ अंगन्यास तथा करन्यास के पश्चात हृदय स्थित अष्टदल कमल में हंस का ध्यान करना चाहिए।[59] ध्यान बिंदूपनिषद् के अनुसार सौ अरे वाले, सौ पत्ते वाले, विकसित पंखुड़ियों वाले हृदय पद्म में सूर्य, चंद्र और अग्नि का क्रमश: एक के बाद दूसरे का ध्यान करना चाहिए। सूर्य, चंद्रमा और अग्नि के बोध हेतु सर्वप्रथम हृदयकमल में विकसित होने का ध्यान करना चाहिए। तत्पश्चात हृदयकमल में स्थित बीजाक्षरों को ग्रहण करके ही अचल चेतनावस्था प्राप्त होती है।[60] ब्रह्मविद्योपनिषद् के अनुसार हृदय में ज्ञानमुद्रा के स्वरूप वाले हंस का ध्यान करना चाहिए।[61] इसी प्रकार त्रिशिखब्राह्मणोपनिषद् में कहा है कि हृदय रूपी कमल में आसीन कोटि-कोटि सूर्य सदृश प्रकाशयुक्त नित्य विश्वरूप विष्णु का ध्यान करना चाहिए।[62] तेजोबिन्दु उपनिषद् में प्रणव रूप ध्यान को महत्व देते हुए कहा है कि हृदयाकाश में अवस्थित प्रणव स्वरूप तेजोमय बिंदु का ध्यान ही परम ध्यान है।[63] योगराजोपनिषद् में कहा गया है कि चतुर्थ चक्र अर्थात हृदय चक्र नीचे की ओर मुँह किए हृदय में स्थित है। उसके मध्य में प्रकाश के रूप में हंस का ध्यान प्रयत्नपूर्वक करना चाहिए। इससे संसार वशीभूत हो जाता है। इसमें संशय नहीं है।[64] अत: साधक उपरोक्त बताए हुए उपायों को व्यवहारगत कर, उनका अभ्यास कर हृदय में उस परमात्मा का साक्षात्कार कर सकता है।

4.0 हृदयोपासना का परिणाम :

किसी भी साध्य की प्राप्ति में एक नहीं, अपितु अनेक परिणाम प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार हृदयोपासना का भी चरम लक्ष्य ब्रह्मत्व की प्राप्ति है, लेकिन इस मार्ग में प्रस्थान करने वाले को भी कई परिणाम प्राप्त होते हैं। ये छोटे-छोटे परिणाम ही बड़े परिणाम की ओर ले जाते हैं। हृदयोपासना में भी यही चरितार्थ होता है। शांडिल्योपनिषद् में कहा है कि हृदय में चित्त का संयम करने पर स्व: लोक का ज्ञान होता है। हृदय के ऊर्ध्व भाग में चित्त का संयम करने से मह:लोक का ज्ञान होता है।[65] महोपनिषद् के अनुसार ब्रह्म का साक्षात्कार होते ही हृदय ग्रंथि खुल जाती है। सभी संशय समाप्त हो जाते हैं। समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं।[66] पैंगलोपनिषद् के अनुसार मैं शुद्ध मानस हूं-ऐसे ज्ञान के अनुभव से और श्रेय परमात्मा के हृदय में प्रतिष्ठित हो जाने पर देह को शांतिपद की प्राप्ति हो जाए तब साधक चैतन्यरूप हो जाता है।[67] मुंडकोपनिषद् के अनुसार उस ब्रह्म को जान लेने पर साधक ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। उसके कुल में कोई ज्ञान रहित नहीं होता। सभी ब्रह्म को जानने वाले होते हैं। वह शोक से पार पा जाता है, पाप समुदाय से तर जाता है। उसकी हृदय की गाँठ खुल जाती है। वह अमर हो जाता है।[68]

सुबालोपनिषद् में कहा है कि हृदय के मध्य भाग में माँस का लाल पिंड है। उसमें चंद्रमा के द्वारा विकसित होने वाले कमलिनी पुष्प की भांति शुभ्र श्वेत एक सूक्ष्मातिसूक्ष्म कमल है। उसका विकास विभिन्न तरह से हुआ है। इसके मध्य समुद्र, उसके मध्य कोश है। उसमें चार नाड़ियाँ रमा, अरमा, इच्छा और अपुनर्भवा है। रमा मुख्य लोक को जाती है। अरमा पापलोक को ले जाती है। इच्छा द्वारा जिसे प्राप्त करना हो, उसे प्राप्त किया जा

सकता है। अपुनर्भवा द्वारा हृदय कोश को खोला जाता है। कोश से मस्तक को, मस्तक से पृथ्वी को, पृथ्वी के भेदन से जल को, जल के भेदन से तेज को, तेज के भेदन से वायु को, वायु से आकाश को, आकाश से मन, अहंकार, महत्व को, मन अहंकार, महत्व से प्रकृति को, प्रकृति से अक्षर को, अक्षर से मृत्यु अर्थात परमात्मा में लीन होता है। इसके बाद सद्-असद्, सदासद् कुछ शेष नहीं रहता है।[69] हृदय रूपी गुहा में निवास करने वाला वह आत्मा अमृत और दैदीप्यमान है। विद्वान उसे आनंद रूप से देखते हैं और उसमें विलय हो जाने पर उससे भिन्न कुछ नहीं है।[70] शांडिल्योपनिषद् में कहा गया है कि चिरकाल तक हृदय प्रदेश में आकाश की ही अनुभूति होने से वासनाविहीन मन ध्यान मग्न होने लगता है। इससे प्राण का स्पंदन अवरुद्ध हो जाता है।[71] जो साधक हृदयकमल में ध्यान करता है, वह ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। सारी सिद्धियाँ अणिमा, लघिमा आदि उसे प्राप्त होती हैं।[72] यह तभी संभव है, जब साधक इन विधियों का श्रद्धा से पालन करता है।

5.0 निष्कर्ष :

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि उपनिषदों में आत्मा के उत्तरोत्तर विकास हेतु, कर्म बंधनों से मुक्ति हेतु, हृदय ग्रंथि को खोलने हेतु, ब्रह्म प्राप्ति हेतु अनेक विधियों-प्रविधियों को निर्दिष्ट किया है। साथ ही हृदय जो भावों का, प्रेम का केंद्र है, आत्म साक्षात्कार तथा ब्रह्म प्राप्ति का स्थान है अथवा स्वयं आत्मा तथा परमात्मा है, ऐसे केंद्र पर, ऐसे स्थान की उपासना करना, उस पर ध्यानयोग की साधना करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। इसे यम-नियमों के पालन द्वारा, भक्तिभाव द्वारा, अभ्यास-वैराग्य के द्वारा, प्राणायाम के द्वारा, ओंकार जप और ध्यानयोगादि के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। इससे यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि अपने भीतर अनंत संभावनाएँ निहित हैं। यदि इनको उभारने का, रहस्योद्घाटन का प्रयास किया जाए, इस मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ा जाए और अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर पुरुषार्थ किया जाए तो साधक को जीवन में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त हो सकती हैं। इनका उपयोग भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों ही क्षेत्रों में किया जा सकता है। जैसे कि भारतीय परंपरा का अंतिम लक्ष्य ब्रह्म प्राप्ति, मोक्ष प्राप्ति है, साधक उस चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उपनिषदों का सार यही है ब्रह्म साक्षात्कार, अमृतत्व की प्राप्ति। इसीलिए हृदय में चित्त की स्थिरता एवं स्थितता द्वारा पूर्णता प्राप्त करने वाले प्रणम्य होते हैं। निष्कर्षत: यह सिद्ध होता है कि हृदयोपासना अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसका परिणाम चरम एवं परम लक्ष्य की प्राप्ति है। यही जीवन की वास्तविक प्राप्ति है, वास्तविक पूर्णता है। ❑

संदर्भ सूची :

1. संस्कृत हिंदी कोश, वामन शिवराज आप्टे, पृ. 1362
2. हिंदी संस्कृत कोश, पृ. 657
3. वृहत् हिंदी पर्यायवाची शब्दकोश, पृ. 322
4. हिंदी पर्यायवाची कोश, पृ. 708
5. शिक्षार्थी हिंदी शब्दकोश, पृ. 884
6. अंग्रेजी हिंदी शब्दकोश, पृ. 383
7. तृतीय ब्राह्मण, बृहदारण्यक उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 517
8. पंचम अध्याय तृतीय ब्राह्मण, बृहदारण्यक उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 517
9. चतुर्थ अध्याय, प्रथम ब्राह्मण, बृहदारण्यक उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 507

10. तृतीय अध्याय मंत्र-2, ऐतरेय उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 316
11. 1/8, प्राणाग्निहोत्रोपनिषद्, पृ. 140
12. अमृतनादोपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 699
13. 6/20, पृ. महोपनिषद्, पृ. 188
14. 1/6, सुबालोपनिषद्, पृ. 322
15. मंत्र 5, अथर्वाशिरोपनिषद्, पृ. 41
16. मंत्र 2, आत्मबोधोपनिषद्, पृ. 33
17. 11/4, सुबालोपनिषद्, पृ. 395
18. 3/1/1, मुंडकोपनिषद्, पृ. 371
19. 4/4/7, बृहदारण्यकोपनिषद्, पृ. 307
20. 8/1/1, छांदोग्योपनिषद्, पृ. 183
21. मंत्र 5, कैवल्योपनिषद, पृ.58
22. 1/12, मैत्रैयण्युपनिषद्, पृ. 247
23. 2/26 मैत्रैयण्युपनिषद्, पृ. 250
24. मंत्र, 20, महोपनिषद्, पृ. 188,
25. मंत्र 3-4, मंडलब्राह्मणोपनिषद्, पृ. 221,
26. तृतीय खंड, छांदोग्योपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 470
27. मंत्र 19 ब्रह्मोपनिषद्, पृ. 226-27
28. 1/93, महोपनिषद्, पृ. 169-70
29. तृतीय वल्ली, श्लोक-17, कठोपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 239
30. 5/65, महोपनिषद्, पृ. 177
31. 5/174, महोपनिषद्, पृ. 186
32. 6/8, महोपनिषद्, पृ. 188
33. मंत्र 4, ब्रह्मबिंदूपनिषद्, पृ. 201
34. 5/51, महोपनिषद्, पृ. 176
35. द्वितीय मुंडक, द्वितीय खंड, श्लोक-6, मुंडकोपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 283-284
36 मंत्र-8, श्वेताश्वतर उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 379
37. तेजोबिन्दु उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 692
38. ब्रह्मबिन्दूपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 688
39. अष्टम अध्याय, षष्ठ खंड, छांदोग्योपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 471
40. द्वितीय ब्राह्मण, बृहदकारण्य उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 507
41. मंत्र 2, ब्रह्मविद्योपनिषद्, पृ. 214
42. मंत्र 97-100, त्रिशिखब्राह्मणोपनिषद्, पृ. 77
43. मंत्र 30-32, ध्यानबिंदूपनिषद्, पृ. 94
44. 2/45, योगकुंडल्युपनिषद्, पृ. 205-6
45. मंत्र 77, योगचूड़ामण्युनिषद्, पृ. 220
46. मंत्र 155, योगचूड़ामण्युनिषद्, पृ. 229
47. मंत्र 21-22, कुंडिकोपनिषद्, पृ. 55-56
48. मंत्र 22, अमृतनादोपनिषद्, पृ. 31

49. मंत्र 20, ध्यानबिंदूपनिषद्, पृ. 93
50 2/2/8, मुंडकोपनिषद्, पृ. 370
51. 5/2 मैत्रेयण्युपनिषद् पृ. 394
52. मंत्र 22, ध्यानबिंदूपनिषद्, पृ. 94
53. 2/2/6, मुंडकोपनिषद् (उपनिषद्-अंक) पृ. 283-284
54. मंत्र 8 श्वेताश्वतर उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 379
55. मंत्र 19, ध्यानबिंदूपनिषद्, पृ. 93
56. 3/26, योगकुंडल्योपनिषद् पृ. 208
57. 1/39 शांडिल्योपनिषद्, पृ. 293
58. 1/12, मैत्रेयण्युपनिषद्, पृ. 247
59. मंत्र 11-12, हंसोपनिषद्, पृ. 243
60. मंत्र 34-35, ध्यानबिंदूपनिषद्, पृ. 94
61. मंत्र 68, ब्रह्मविद्योपनिषद्, पृ. 218
62. मंत्र 153, त्रिशिखब्राह्मणोपनिषद्, पृ. 81
63. 39, तेजोबिन्दु उपनिषद्, (उपनिषद्-अंक) पृ. 692
64. मंत्र 11-12, योगराजोपनिषद्, पृ. 223-24
65. 1/7/52, शांडिल्योपनिषद्, पृ. 296
66. 4/82, महोपनिषद्, पृ. 168
67. 4/12, पैंगलोपनिषद्, पृ. 207
68. 3/2/8, मुंडकोपनिषद्, पृ. 374
69. 11/1, सुबालोपनिषद्, पृ. 336
70. 8/1, सुबालोपनिषद्, पृ. 229
71. 1/7/35, शांडिल्योपनिषद्, पृ. 292
72. मंत्र 159-60, त्रिशिखब्राह्मणोपनिषद्, पृ. 82

संदर्भ ग्रंथ :

1. संस्कृत हिंदी कोश, वामन शिवराज आप्टे, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स, प्रा. लिमिटेड, दिल्ली।
2. हिंदी संस्कृत कोश, चौखंबा विद्याभवन वाराणसी, 2004।
3. वृहत् हिंदी पर्यायवाची शब्दकोश, गोबिंद चातक, सुजाता बिष्ट, तक्षशिला प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली, 1985।
4. हिंदी पर्यायवाची कोश, डॉ. भोलेनाथ तिवारी, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 1993।
5. शिक्षार्थी हिंदी शब्दकोश, डॉ. हरदेव बाहरी, राजपाल एंड संस, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2005
6. अंग्रेजी हिंदी शब्दकोश, फादर कामिल बुल्के, कैथोलिक प्रेस, रांची, 2009।
7. कल्याण उपनिषद्-अंक, तेईसवें वर्ष का विशेषांक, गीता प्रेस, गोरखपुर, सं. 2072।
8. 108 उपनिषद् (ब्रह्मविद्याखंड) भाग 1,2,3, पं. श्रीरामशर्मा आचार्य, युग निर्माण योजना, गायत्री तपोभूमि, मथुरा, (उ.प्र.) 2005।
9. 108 उपनिषद् (ज्ञानखंड) पं. श्रीरामशर्मा आचार्य, युग निर्माण योजना, गायत्री तपोभूमि, मथुरा, (उ.प्र.) 2005।

सहायक आचार्य
योग एवं जीवन विज्ञान विभाग
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं (राज.)

आलेख

हिंदी पत्रों का इतिहास (प्रारंभ से 1898 ई. तक)

✍ डॉ. आशा यादव

आधुनिक विश्व में समाचार पत्रों का महत्व और उपयोगिता सर्वविदित है। वे अभिव्यक्ति का एक ऐसा संशक्त माध्यम हैं, जो समाज की प्रत्येक गतिविधि को गहराई से प्रभावित करते हैं। स्वतंत्रता से पूर्व पत्रकारिता राष्ट्रीय आंदोलन का अंग था। देश के प्रबुद्ध वर्ग को राष्ट्रीय आंदोलन की ओर मोड़ने में इस देश के पत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय राष्ट्रीयता के विकास और उसको संचालित करने का श्रेय भी भारतीय पत्रकारिता को है, क्योंकि स्वतंत्रता आंदोलन के प्रारंभ होने से पूर्व ही उनका ध्यान राजनीतिक समस्याओं की ओर था। जब से भारतीय संपादकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपनी लेखनी का प्रयोग करना प्रारंभ किया, उसके पहले से ही समाचार पत्रों ने राजनीतिक विषयों में गहरी दिलचस्पी लेना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय स्वतंत्रता एवं सुधार के क्षेत्र में तपस्वी पत्रकारों द्वारा किए गए कार्य को विस्मृत करना असंभव है। यह भी संयोग की ही बात है कि लोकमान्य तिलक, महात्मा गाँधी, एनी बेसेंट, मदन मोहन मालवीय आदि पत्रकार रहे हैं।[1]

ब्रिटेन के साथ संबंधों से हानि-लाभ के लेखे-जोखे में यदि यह कहा जाए कि भारत में पत्रकारिता का प्रारंभ ही था, जिसका देश में राष्ट्रीयता के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा तो अतिशयोक्ति न होगी। उसने बिखरे समूहों को एकता के सूत्र में पिरो दिया। भारत जब दासता में था तो प्रेस का लक्ष्य राष्ट्रीयता की कहानी सुनाना था और ऐसा करने में उसे उन संकटों का सामना करना पड़ा, जोकि अग्रदूतों को कसौटी होते हैं और जिनके कारण क्रांतिकारियों मूल्यों का सृजन होता है।[2]

आधुनिक पत्रकारिता का जन्म यद्यपि मुद्रण प्रणाली के भारत में प्रारंभ होने के बाद अठाहवीं शताब्दी के अंतिम चरण में हुआ था, परंतु इसके पूर्व भी भारत में पत्रकारिता के अस्तित्व का प्रमाण मिलता है। अठाहरवीं शताब्दी के पूर्व मुगल शासनकाल में भी समाचार पत्रों का प्रचलन था, परंतु इसका स्वरूप राजकीय था। मुगल शासनकाल में अखवारनवीस, वाकियानवीस, वाकियानिगार, हरकारा आदि व्यक्ति ऐसे पत्रों से संबंधित थे।[3] ये अधिकारी वेतनभोगी होते थे और उन्हें राज्य की ओर से निश्चित वेतन प्राप्त होता था। इनके द्वारा रचित पत्र शासन के लिए होते थे। सामान्य जनता तक इनकी पहुँच नहीं थी।[4]



अत: भारत में समाचार पत्रों का प्रारंभ अँग्रेजों के शासनकाल से ही प्रारंभ हुआ। यद्यपि भारतीय प्रकाशन की आवश्यकता अनुभव करते थे, किंतु उनके पास साधनों का सर्वथा अभाव था और अँग्रेज अपने हाथों यह अधिकार परतंत्र भारत के नागरिकों को सौंपने को तैयार न थे। अँग्रेजों को भी समाचारों की आवश्यकता थी। अपनी भूख मिटाने के लिए उन्होंने डिनर-पार्टियों, नृत्य-संगीत के कार्यक्रम पिकनिक, शिकार आदि का आयोजन प्रारंभ किया । फिर भी अँग्रेज ऐसे साधन की आवश्यकता अनुभव करते थे, जिससे वे आपस में व्यक्तिगत एवं व्यापारिक सूचनाओं के आदान-प्रदान द्वारा संपर्क तथा प्रशासन की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सकें। मौखिक समाचारों के आदान-प्रदान से उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति अत्यंत कठिन प्रतीत होने लगी। इस प्रकार उपरोक्त परिस्थितियाँ ही भारत में समाचारो पत्रों की स्थापना का आधार बनी। अत: 18वीं शताब्दी के पहले चरण में ईस्ट इंडिया कंपनी ने भी इन संवाद लेखकों की सेवाएं प्राप्त कीं।[5] सन् 1780 में ''कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर'', जो ''हिकीगजेट'' के नाम से भी जाना जाता है (क्योंकि इसे मिस्टर जेम्स अगस्ट हिकी ने प्रकाशित किया था) का पहला अंक शनिवार 29, जनवरी 1780 को निकला।[6] इस पर यह घोषणा प्रकाशित हुई थी कि यह राजनैतिक और व्यापारिक साप्ताहिक खुला तो सब पार्टियों के लिए है, परंतु प्रभावित किसी से नहीं है।[7] हिकी महोदय ने अपने पत्र में कंपनी के कर्मचारियों तथा गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स की नीतियों की आलोचना करनी प्रारंभ कर दी। श्रीमति हेस्टिंग्स, कर्नल थॉमस, डीप पियर्स और स्वदेशी मिशनरी जॉन जाटारिया केरनेडर आदि इसकी आलोचना के लक्ष्य बन गए। फलत: हिकी परेशानी में फँस गया। 14 नवंबर, 1780 में गवर्नर जनरल ने इस पत्र की डाक सुविधा बंद कर दी। पत्र प्रकाशन के सभी अधिकार छीन लिए गए। जून 1781 में उसे एक वर्ष का कारावास एवं 2000 रुपए की जुर्माने की सजा हुई।[8] परंतु ये सब निर्भीक पत्रकार के आक्रमणों को रोक न सकें। हिकी ने अपने विचारों में कोई परिवर्तन नहीं किया और वह अपने पत्र का संपादन जेल से ही करता रहा। कुछ समय पश्चात उसने बंगाल छोड़ दिया।[8]

''इंडिया गजेट'' नामक दूसरा पत्र सन् 1780 में ही कलकत्ता से निकला। इसमें ईस्ट इंडिया कंपनी की व्यापारिक गतिविधि संबंधी सूचनाएँ छपा करती थीं। तीसरा पत्र ''कैलकटा गजेट'', फरवरी 1784 में प्रकाशित हुआ। चौथा पत्र ''बंगाल जर्नल'' था, जो फरवरी 1785 में प्रकाशित हुआ। इस प्रकार छह वर्षों के अंदर कलकत्ता से ही पाँच, एक मासिक और चार साप्ताहिक प्रकाशित हुए।[9] कलकत्ता में पत्रों की भरमार ने मद्रास वालों को भी पत्र प्रकाशन की ओर आकर्षित किया। फलस्वरूप मद्रास से सन् 1785 में ''मैड्रास कुरियर'' का प्रकाशन हुआ और बंबई से पहला पत्र सन् 1789 में ''बोम्बे हेराल्ड'' निकला। सन् 1719 में ''बॉम्बे

कूरियर'' और ''बाम्बे गजेट'' आदि पत्रों का प्रकाशन हुआ। भारतीय पत्रकारिता के आरंभिक दस वर्षों में इन तीनों प्रेसिडेंसियों से प्राय: पंद्रह पत्र प्रकाशित हुए और सब अँग्रेजी में निकले, क्योंकि इनके संपादक और प्रकाशक अँग्रेज ही थे।[10]

हिकी के बाद सरकारी कोप दृष्टि का दूसरा शिकार एक आयरिश अमेरिकन विलियम दुआनी था। ''बंगाल-जर्नल'' में सरकार की कठोर आलोचना प्रकाशित करने के कारण उसे पत्र के संपादक पद से हाथ धोना पड़ा।[11] अत: भारतीय पत्रकारिता की स्वाधीनता पर प्रारंभ से ही ब्रिटिश सरकार का आक्रमणात्मक रवैया रहा[12] क्योंकि भारत में मुद्रण कला के विकास को ब्रिटिश सरकार एक प्रतिकूल शक्ति का अशुभ जनक समझती थी। भारतीय पत्रकारिता के जनक यूरोपीय पत्रकार ही थे, फिर भी ब्रिटिश सरकार इन सजातीय पत्रकारों के प्रति नितांत असहिष्णु थी। तत्कालीन समाचार पत्रों के प्रति शंकालु थी और हमेशा मामूली कारणों से उन पर सांघातिक चोट करने के लिए उद्यत रहती थी। दूसरी ओर प्रेस के संचालक हमेशा ही ऐसे आक्रमणों से बचने के लिए सावधान रहते थे।[13]


HICKY's
BENGAL GAZETTE;
OR THE ORIGINAL
Calcutta General Advertiser.

अत: भारतीय पत्रकारिता की स्वाधीनता पर प्रारंभ से ही ब्रिटिश सरकार का आक्रमणात्मक रवैया रहा। वेलेजली, जो प्रारंभ से ही पत्रों की स्वतंत्रता का विरोधी था,[14] के समय (1799) में प्रथम प्रेस अधिनियम बनाया गया।[15] यूरोपीय राजनीति में इंग्लैंड-फ्रांस युद्ध ने उसे स्वातंत्र्य दमन हेतु उपयुक्त अवसर प्रदान किया।[16] 13 मई, 1799 को बने अधिनियम के अंतर्गत पत्र के मुद्रक के लिए पत्र के अंत में अपना नाम प्रकाशित करना, पत्र के संपादक एवं संचालक को अपने नाम और निवास स्थान का पता सरकार के सेक्रेटरी को भेजना, सरकारी निरीक्षण के पूर्व पत्र प्रकाशित न करना तथा रविवार को पत्र प्रकाशित करना अनिवार्य कर दिया।[17] इस कानून के पीछे सरकार का एक ही मंतव्य था कि भारत के लोगों को जहाँ तक हो सके बर्बरता और अंधकार में रखा जाए और देशी जनता में ज्ञान फैलाने के किसी भी प्रयत्न का कड़ाई से विरोध किया जाए।[18]

हेस्टिंग्स (1813-1823) ने 19, अगस्त 1818 को सेंसर प्रथा को समाप्त कर दिया तथा साधारण नियम बनाए, जिनमें पत्रों में उन विषयों की चर्चा वर्जित थी, जिनसे सरकार की सत्ता पर प्रभाव पड़ता हो अथवा जिनसे सार्वजनिक हितों की हानि होती हो।[19]

सन् 1818, में एक मासिक पत्र ''दिग्दर्शन'' सौरामपुर (श्रीरामपुर) के बैपटिस्ट मिशनरियों ने निकाला। इसके संपादक जान क्लार्क मार्शल थे। यह शिक्षाप्रद मासिक था तथा भारतीय छात्रों एवं नवशिक्षकों के लिए ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा एवं मनोरंजन की सामग्री प्रस्तुत करना इसका उद्देश्य था। अत: वैज्ञानिक परिभाषा के अनुसार इस पत्र को हिंदी का प्रथम समाचार पत्र नहीं कहा जा सकता।[20] दो साप्ताहिक पत्र बंगाल की क्रांतिकारी भूमि से निकले- ''बंगाली-गजट'' और ''समाचार दर्पन''।[21]

इन पत्रों का मुख्य उद्देश्य ईसाई धर्म का प्रचार करना था। मेले जैसे सार्वजनिक स्थानों पर इनका नि:शुल्क वितरण किया जाता था।[22] इसी समय कलकत्ता से पूर्णत: भारतीयों द्वारा संपादित एवं प्रकाशित प्रथम पत्र ''बंगाल गजेट'' का प्रकाशन हुआ, जिसके संपादक श्री गंगाधर भट्टाचार्य एवं प्रकाशक हरचन्द्रराय थे। ये दोनों ही राजा राम मोहन राय के विचारों से प्रभावित थे।[23]

सन् 1818 में जेम्स बंकिघम ने ''कलकत्ता जर्नल'' प्रकाशित किया।[24] उस युग में ''कलकत्ता जर्नल'' ने अपने निष्पक्ष, निर्भीक, स्पष्ट एवं मानवता सम्मत विचारों एवं टिप्पणियों से भारतीय पत्राकारिता को नई दिशा प्रदान की।[25]

4 दिसंबर, 1821 को राजा राममोहन राय ने बंगला

में ''संवाद-कौमुदी'' का प्रकाशन किया। उनका मुख्य उद्देश्य था हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों, भ्रष्टाचार एवं सती प्रथा जैसी रूढ़ियों का खंडन करना।[26]

ईसाई मिशनरियों के प्रचार के उत्तर में उन्होंने सन् 1821 में ही ''ब्रहमैनिकल मैगजीन'' का प्रकाशन किया। 1822 में उन्होंने ''मीरात-उल-अखबार'' का प्रकाशन किया, जिसे अपनी उग्रता के कारण ब्रिटिश सरकार की दमन नीति का शिकार होना पड़ा।[27] उनका मुख्य उद्देश्य था जनता को उन उपायों से परिचित करना, जिनके द्वारा शासकों से सुरक्षा पाई जा सके और उचित माँगें पूरी कराई जा सकें।[28]

सन् 1822 में ही राजा राममोहन राय ने सुधारवादी आंदोलन का विरोध करने वाले पुराणपंथियों एवं कट्टरपंथी बंगालियों के बंगला साप्ताहिक ''समाचार चंद्रिका'' का प्रकाश किया।[29]

भारतीय पत्रकारिता के दौर में 19वीं शताब्दी का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इसी काल में विविध भाषाओं में समाचार पत्रों का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। हिंदी समाज को आधुनिकता से जोड़ने की महत्वाकांक्षा के फलस्वरूप ''उदन्तमार्तण्ड'' नामक हिंदी के प्रथम पत्र का प्रकाशन 30 मई, 1926 को कलकत्ता से हुआ। इसका प्रकाशन पं. युगलकिशोर शुक्ल ने किया, जो आर्थिक कठिनाइयों एवं सरकारी डाक व्यय की सुविधा प्रदान न होने के कारण डेढ़ वर्ष पश्चात बन्द हो गया था।[30]

अँग्रेजी पत्रकारिता जहाँ कंपनी के असंतुष्ट कर्मचारियों या अँग्रेजों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा के कारण प्रतिशोधात्मक कदम था, वहीं, हिंदी पत्रकारिता नवजागरण का प्रमाण थी।[31]

अन्य भाषा की तरह हिंदी भाषा में भी सत्य समाचार पढ़ व समझ सकें, इस उद्देश्य से ''उदन्तमार्तण्ड'' में सरकारी अफसरों की नियुक्ति, सार्वजनिक विज्ञापन, जहाजों के आने का समय, कलकत्ते के बाजार भाव एवं देश-विदेश के समाचार भी प्रकाशित किए जाते थे। ज्योतिष की चर्चा भी इसमें रहती थी।[32] इस प्रकार ''उदन्तमार्तण्ड'' का प्रकाशन हिंदुस्तानियों के हित हेतु अर्थात् उन्हें परावलंबन से मुक्ति दिलाकर स्वतंत्र दृष्टि प्रदान करने के निमित्त हुआ था।[33] हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास की रचना इसी मूल प्रतिज्ञा ''हिंदुस्तानियों का हित साधन'' की आधारशिला से संबद्ध होकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महायज्ञ की पुण्याहुति सिद्ध होती है।[34] इस प्रकार भारतीय समाचार पत्रों का इतिहास उनकी स्वतंत्रता के अनवरत संघर्ष का इतिहास है। अत: जिस अनुपात में भारतीय राष्ट्रवाद का विकास हुआ, उसी अनुपात में भारतीय समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर आघात हुआ।[35] सन् 1822 ई. में सरकार द्वारा सर थॉमस मुनरों ने अपने ''डेंजर ऑफ ऐ फ्री प्रेस इन इंडिया'' शीर्षक टिप्पणी में समाचार पत्रों की स्वतंत्रता को भारत में ब्रिटिश शासन के लिए अत्यंत हानिकारक बताया। उसके अनुसार एक स्वतंत्र प्रेस और विदेशियों का राज्य परस्पर विरोधी हैं तथा वे अधिक समय तक एक साथ नहीं चल सकते हैं।[36]

सन् 1823 में लार्ड हेस्टिंग्स का कार्यकाल समाप्त होने पर जान ऐडम कार्यवाहक गवर्नर जनरल नियुक्त हुआ। उसने 14 मार्च, 1823 को मुनरों के विचारों को कार्यरूप में परिणित करते हुए वेलेजली से भी अधिक कठोर नियम लागू किए।[37] इनके अनुसार सरकार से लाइसेंस या अनुमति लिए बिना पुस्तकों एवं पत्रों को प्रकाशित करना तथा प्रेस का प्रयोग करना निषिद्ध कर दिया गया। प्रकाशन संबंधी सरकारी लाइसेंस के लिए प्रार्थना-पत्र देते समय शपथ-पत्र देना भी आवश्यक कर दिया गया जिसमें पत्रिका, समाचार पत्र या पुस्तक के प्रकाशक का नाम तथा पूरा पता उल्लिखित हो।[38] ये कानून 5 अप्रैल, 1823 से बंगाल में प्रभावित हुए।[39] जनवरी 1827 में इसी तरह के रेग्युलेशन बंबई की सरकार द्वारा भी पारित किए गए।[40]

लार्ड एमहर्स्ट के शासनकाल (1823-1828) में प्रेस संबंधी नया कानून बना, जिसके अनुसार किसी पत्र से किसी सरकारी कर्मचारी का किसी प्रकार का संबंध निषिद्ध कर दिया गया।[41] सन् 1828 में भारत के गवर्नर जनरल का कार्यभार लार्ड विलियम बैंटिक ने संभाला। उसके शासनकाल में (1828-1835) में किसी समाचार पत्र के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की गई।[42] बैंटिक के बाद भारत के कार्यकारी गवर्नर जनरल चार्ल्स मेटकाफ के शासनकाल (1835-1836) में समाचार पत्रों की स्वतंत्रता को समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे भारतीय प्रेस को प्रोत्साहन मिला।[43] हिंदी का दूसरा पत्र ''बंगदूत'' था, जोकि अँग्रेजी ''बंगाल हेराल्ड'' का हिंदी संस्करण था। इसके संपादक नीलरत्न हालदार थे। यह पत्र फारसी एवं बंगला में भी निकलता था। इस पर फारसी एवं बंगला का ही अधिक प्रभाव था।[44] हिंदी का तीसरा पत्र सम्भवत: ''प्रजामित्र'' था, जो जून 1834 में कलकत्ता से निकला, किंतु इसका प्रकाशन संदिग्ध है।[45]

''बनारस अखबार'' उत्तर प्रदेश से प्रकाशित होने वाला नागरी लिपि और भाषा शैली में उर्दू से प्रभावित हिंदी का पहला पत्र था। इस साप्ताहिक पत्र के संपादक पं. गोविंद रघुनाथ चट्टे थे। इसके संचालक शिव प्रसाद सितारे हिंद थे। यह पत्र सन् 1845 में बनारस से निकलता था।[46] सन् 1846 में कलकत्ता से ''इंडियन सन'' पत्र निकाला जो हिंदी, फारसी, अँग्रेजी, बंगला और उर्दू में निकलता था। इसके हिंदी संस्करण का नाम ''मार्तण्ड'' था।[47] सन् 1848 में ''मालवा अखबार'' हिंदी और उर्दू में निकला।[48] यह मध्य भारत का प्रथम पत्र था।[49] सन् 1849 में कलकत्ता से बंगला-हिंदी में एक पत्र ''जगदीपक भास्कर'' नाम से प्रकाशित हुआ था।[50] सन् 1850 में बनारस से ही तारामोहन मिश्र ने ''सुधाकर'' पत्र निकाला।[51] यह बंगला एवं हिंदी में निकला।[52] इसकी भाषा बनारस अखबार से कहीं अधिक अच्छी थी।[53] भाषा की दृष्टि से ''सुधाकर'' को ही हिंदी प्रदेश का प्रथम पत्र कहना चाहिए।[54] सन् 1850 में ही संपादक पं. युगलकिशोर शुक्ल ने ''साम्यदंड मार्तण्ड'' पत्र निकाला।[55]

सन् 1852 ई. में आगरा से प्रकाशित ''बुद्धि प्रकाश'' भाषा एवं शैली के विचार से महत्वपूर्ण था। इस पत्र में विविध विषयों यथा इतिहास, भूगोल, शिक्षा, स्त्री संबंधी समाचार आदि विषयों पर सामग्री प्रकाशित होती थी। इसके संपादक मुंशीसदासुख लाल थे।[56] इसकी भाषा को आचार्यों ने सराहा।[57] सन् 1854 में हिंदी एवं बंगला में द्विभाषी ''सुधावर्षण'' का प्रकाशन हुआ जिसके संपादक श्री श्यामसुन्दर सेन थे। इसके आरंभिक दो पृष्ठ हिंदी के एवं शेष दो बंगला के होते थे। यह सन् 1868 तक निकलता रहा।[58] ''सर्वहितकारक'' नामक साप्ताहिक सन् 1855 में आगरा से श्री शिवनारायण ने प्रारंभ किया। इसमें हिंदी व उर्दू दोनों भाषाएं रहती थीं।[59]

सन् 1857 की क्रांति के समय कुछ पत्र निकले, जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता के समर्थक थे।[60] ''दूरबीन'', ''समाचार सुधावर्षण'', मुम्बई समाचार'' जामे जमशेद, दादा भाई नौरोजी का रास्त-गफतार'' और अजीमुल्ला खाँ का ''पयामें आजादी'' आदि इसी कोटि के पत्र थे, जिन्हें ब्रिटिश दमन नीति का शिकार होना पड़ा।[61]

इस प्रकार प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अर्थात् सन् 1857 के पूर्व कलकत्ता से हिंदी के अनेक पत्र प्रकाशित हुए।[62] सन् 1857 के पूर्व अन्य प्रांतों से भी अनेक पत्रों का प्रकाशन हुआ -जैसे सन् 1839 में प्रथम दैनिक ''नवजीवन'' और सन् 1844 में ग्वालियर शासन द्वारा ''ग्वालियर'' अखबार।[63] सन् 1853 में ''ग्वालियर गजट'' और ''जयाजी प्रताप'' का प्रकाशन भी हुआ।[64]

हिंदी पत्रकारिता का विकास प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम (1857) तक यद्यपि उतनी तेजी से नहीं हुआ, जितनी अपेक्षा थी, फिर भी भारतीय पत्रकारिता की कहानी राष्ट्रीय विकास की कहानी का रूप ले चुकी थी। यद्यपि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की असफलता से राष्ट्रीय जीवन में एक प्रकार की शिथिलता-सी आ गई थी और भारतीय जनमानस एक अनुत्साही उदासी एवं अवसाद की स्थिति में था। किन्तु 19वीं शती के सांस्कृतिक आंदोलन भारतीय जनमानस को उद्वेलित करने में सहायक सिद्ध हुए। अत: 1857 ई. की क्रांति ने जहाँ भारतीयों को आत्म निरीक्षण के लिए अवसर प्रदान किया, वहीं अब भारत का शासन ताज के अधीन आ गया, किंतु

अँग्रेजों की नीति में (लूट-खसोट एवं दमन की नीति) व्यावहारिक रूप से कोई परिवर्तन नहीं हुआ। क्रांति की विफलता के बाद तो सरकार ने और तीव्रता से दमन चक्र चलाना प्रारंभ कर दिया। इसी समय 13 जून, 1857 को समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर पुन: कुठाराघात हुआ और लार्ड केनिंग द्वारा प्रतिपादित प्रेस संबंधी कानून ''गैंगिग-ऐक्ट'' (गला घोंटू कानून) द्वारा समाचार पत्रों की स्वतंत्रता पर प्रहार किया गया।[65] यद्यपि इस कानून की अवधि मात्र एक वर्ष के लिए थी, फिर भी अनेक भारतीय पत्र इससे प्रभावित हुए।[66]

1857 के संग्राम से पहले के सभी पत्रों का स्वर, चाहे वे अँग्रेजी में प्रकाशित हुए या हिंदी या बंगला में, कंपनी शासन की कमियों पर प्रकाश डालना था, किंतु इस संग्राम ने यह स्थिति बदल दी। 1857 की क्रांति के समय भारतीय पत्रकारिता में दो विचारधाराएं चल रहा थीं। एक तो स्वतंत्रता के समर्थक तथा दूसरे अँग्रेजी साम्राज्य के समर्थक। पहली श्रेणी के पत्र भारतीय भाषाओं में होते थे और सरकार के विरूद्ध बोलते थे, जबकि दूसरी श्रेणी के पत्र अँग्रेजी में थे और सरकारी दमन नीतियों का समर्थन करते थे। सच्चाई तो यह है कि इस समय के भारतीय भाषाई समाचार पत्रों के माध्यम से ही उस भावभूमि का निर्माण हुआ, जिसने प्रथम स्वत्रंतता संग्राम को जन्म दिया।[67]

क्रांति की विफलता ने भारतीय मन: स्थिति को अवसादपूर्ण कर दिया था। इसका प्रभाव हिंदी भाषी पत्रों पर भी पड़ा। दमन, आतंक व अत्याचार के राजनीतिक भूकंप ने हिंदी पत्रकारिता के विकास को कुछ समय के लिए अवरूद्ध कर दिया[68] किंतु दमनकारी प्रेस संबंधी कानून की अवधि समाप्त होने (13जून, 1858) एवं राजनीतिक भूकंप के शांत होने पर पत्राकारिता पुन: मुखरित हुई।[69]

''धर्मप्रकाश'' अहमदाबाद से सन् 1858 में, ''सूरज प्रकाश'' एवं ''ज्ञान प्रकाश'' आगरा से सन् 1861 में और ''प्रजाहित'' इटावा से सन् 1861 में प्रकाशित हुए।[70] सन् 1864 में आगरा से ही ''भारतखंडामृत'' निकला।[71] इस प्रकार स्पष्ट है कि उदयकाल में हिंदी पत्रकारिता का जो अरूणोदय ''उदन्तमार्तण्ड'' के रूप में हुआ[72] उसकी किरणें धीर-धीरे सम्पूर्ण उत्तर एवं पश्चिमी भारत तक पहुँची। युग की माँग के अनुसार अधिकांश पत्र, या तो बंगला-हिंदी के अथवा उर्दू-हिंदी द्विभाषी थे। इस समय के संपादकों का यही मुख्य लक्ष्य था कि पाठकवर्ग की मानसिक स्थिति एवं भाषा को ध्यान में रखकर ही समाचार पत्रों की भाषा बनाई जाए।[73] परिणामस्वरूप जनता की भाषा में अपनी बात कहने के कारण ''भाषायी प्रेस'' ने राष्ट्रीय चेतना के प्रचार में अभूतपूर्व वृद्धि की। वे जन-जन की आस्था और

आकांक्षाओं के प्रतीक बन गए।[74]

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र युग :

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र सन् 1867 तक हिंदी पत्रकारिता के विकास की गति धीमी पढ़ी रही।[75] सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की पराजय से जो अवसाद की स्थिति बन गई थी, इसे तोड़ने में सांस्कृतिक आंदोलन ने मदद की थी। केशव चन्द्र सेन, परमहंस दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद जैसे आध्यात्मिक पुरुषों ने विविध अंधविश्वासों को समाप्त किया, जिसके कारण हिंदी पत्रकारिता को भी नई गतिशीलता प्राप्त हुई। हिंदी भाषी क्षेत्रों में नवजागरण के अग्रदूत भारतेन्दु हरिश्चन्द्र थे।[76] हिंदी पत्रकारिता का भारतेन्दु युग उस दरबारी और रीतिकालीन साहित्य पर एक प्रश्नचिन्ह[77] था, जो एक छोटी-सी सीमा में बंध कर रूग्ण हो गया था। भारतेन्दु युग की पत्रकारिता ने इस सीमा को तोड़ कर राष्ट्रीय विचारों से ओत-प्रोत वास्तविक जनसाहित्य की सृष्टि की।[78]

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने काशी से 1867 में ''कविवचन सुधा'' का आरंभ करके हिंदी पत्रकारिता के नए युग का शुभारंभ किया।[79] स्वाधीनता, स्वदेशी एवं मातृभूमि की सेवा आदि इन्हीं विचारों एवं भावनाओं से अभिभूत इस युग में देश के अनेक क्षेत्रों से हिंदी में कई विचारशील पत्र प्रकाशित हुए। यद्यपि भारतेन्दु युग के आरंभ के साथ ही समाचार पत्रों की स्वाधीनता पर पुन: सरकारी प्रहार हुआ।[80] किंतु भारतीय पत्रकारों ने संक्रांति की इस चुनौती को भी स्वीकार कर पत्रकारिता के विकास के साथ ही भारतीय मानस मनीषा में जागृति उत्पन्न की। ''अल्मोड़ा अखबार'' अल्मोड़ा से, ''प्रयागदूत'' प्रयाग से, ''हिन्दु प्रकाश'' कानपुर से, ''मौर्यगजट'' मेरठ से, ''आर्यदर्पण'' शाहजहाँपुर से, ''प्रेमपत्र'' आगरा से 1872 में, 'हिन्दी दीप्ति प्रकाश'', ''बिहार बन्धु'', कलकत्ता से 1872 में, ''जबलपुर समाचार'' पत्र जबलपुर से 1873 में, ''मर्यादा परिपाटी समाचार'' आगरा से और ''नागरी प्रकाश'' मेरठ से, ''नाटक प्रकाश'' इलाहाबाद से, ''मंगल समाचार'' अलीगढ़ से, 1875 में , ''प्रयाग धर्म प्रकाश'' इलाहाबाद से, और ''आर्यभूषण'' शाहजहाँपुर से 1976 में प्रकाशित हुए।[81]

यद्यपि इन पत्रों का उद्देश्य तात्कालिक सामाजिक एवं धार्मिक व्यवस्था में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं भ्रष्टाचार को प्रकाश में लाकर जातीय सुधार करना था तथापि इनमें राजनीतिक चेतना का भी समावेश रहता था।[82] इसी कारण सरकारी दमन नीति भी साथ-साथ चलती रही। अपने राजनीतिक चरित्र के कारण हिंदी भाषी प्रांतों की देशी पत्रकारिता और सरकार के बीच टकराव का प्रथम संकेत 1873 में प्रकट हुआ। उत्तर प्रदेश के काशी से प्रकाशित ''बनारस अखबार'' और भारतेन्दु के पत्र पर सरकारी प्रहार हुआ।[83] हिंदी पत्रकारिता के दूसरे दौर में पंडित बालकृष्णभट्ट द्वारा सितंबर 1877 में प्रयाग से ''हिन्दी प्रदीप'' मासिक पत्र का प्रकाशन हुआ, जोकि पत्रकारिता की दृष्टि से हिंदी साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी घटना है।[84] बंगाल विभाजन के बाद यह अधिक उग्र हो गया और इसके प्रकाशन के लिए मुद्रणालय की कठिनाइयाँ उत्पन्न हो गईं।[85] अप्रैल 1908 में पं. माधव शुक्ल की 'बम क्या है' शीर्षक कविता के कारण सरकार ने इस पर रोक लगा दी। भट्ट जी ने फरवरी 1910 में इसे पुन: निकाला, परंतु सरकारी कोपदृष्टि के कारण लगभग तैंतीस वर्ष की लंबी यात्रा के बाद, यह बंद हो गया।[86] यह प्रथम राजनीतिक पत्र था, जो अपनी तीव्रतापूर्ण गतिविधियों में अति प्रभावशाली सिद्ध हुआ।[87]

एक ओर जहाँ सरकारी दमन नीति का चक्र पूरे वेग से चल रहा था, वहीं भारत में सूखा, अकाल और द्वितीय अफगान युद्ध के कारण काफी अशांति फैल रही थी। दलित और पराजित भारत में स्वतंत्रता की आकांक्षा पुन: हिलोरें ले रही थी। भारतीय भाषा के समाचार पत्र इसमें प्रमुख अस्त्र के रूप में काम कर रहे थे। उनकी वृद्धि और लोकप्रियता को देखते हुए लॉर्ड लिटन के शासनकाल में भारतीय भाषा के लिए 14 मार्च, 1878 को ''वर्नाक्यूलर प्रेस ऐक्ट'' की घोषणा की गई। यह मद्रास के अतिरिक्त सभी प्रांतों में प्रभावी हुआ।[88] विभिन्न स्थानों में सभाएँ आयोजित कर इस कानून के प्रति क्षोभ प्रकट किया गया।[89]

इस कानून से सर्वप्रथम प्रभावित बंगला भाषा का पत्र ''अमृत बाजार पत्रिका'' था।[90] इस कानून की अवधि

लगभग तीन वर्ष रही। लॉर्ड रिपन के उदारवादी शासनकाल में 1881 में इसे रद्द कर दिया गया। लॉर्ड रिपन ने साधारण कानूनों द्वारा समाचार पत्रों पर नियंत्रण लगाया।[91] यद्यपि प्रेस ऐक्ट के फलस्वरूप भारतीय पत्रकारिता के विकास में अवरोध उत्पन्न हुआ तथापि इन तीन वर्षों में अनेक प्रमुख पत्रों का जन्म भी हुआ जैसे –''भारतमित्र'' 1878 में, ''सार सुधा निधि'' 1879 में, ''उचित वक्ता'' 1880 में और ''हिंदी बंगवासी'' 1890 में।[92] इनके अतिरिक्त इस युग में कुछ जातीय पत्रों का भी प्रकाशन हुआ। ये थे–लाहौर से ''हिन्दु प्रकाश'' 1873 में, ''सत्यामृत'' 1875 में, ''हिन्दुबन्धु'' 1875 में, ''कायस्थ समाचार'' प्रयाग से 1878 में, ''ज्ञानचन्द'' एवं ''आर्यमित्र'' काशी से 1878 में, ''शुभचिन्तक'' 1878 में कानपुर से, ''ज्ञान चन्द्रोदय'' इलाहाबाद से 1879 में, काशी से ''काशीपंच'' 1879 में, ''मोतीचूर'' पटना से 1880 में प्रकाशित हुए। 1881 में ''भारती विलास'' आगरा से तथा 1882 में ''प्रथम समाचार'' इलाहाबाद से, ''देवनागरी प्रचारक'' 1882 में एवं ''बनारस गजट'' काशी से निकले, जोकि राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत जागरूक पत्र थे।[93]

हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में ''ब्राह्मण'' पत्र का विशिष्ट स्थान है। इसे 1883 में पं. प्रताप नारायण मिश्र ने कानपुर से प्रकाशित किया, जिसमें साहित्य एवं राजनीतिक विषयों पर लेख होते थे।[94] 1883 में ही ''भारतेन्दु'' काशी से, ''हिन्दुस्तानी हिन्दु'' उर्दू में लखनऊ से एवं ''साहित्य सुधानिधि'' काशी से प्रकाशित हुए। 1884 में भी दो प्रसिद्ध पत्रों का प्रकाशन हुआ, ये थे– ''भारत–जीवन'' एवं दूसरा ''काशी समाचार''।[95] 1884 में विभिन्न अंचलों से ''कायस्थ व्यवहार'', ''कुलश्रेष्ठ समाचार'', ''गौड़ कायस्थ'' आदि पत्र प्रकाशित हुए।[96] इसी समय ''काशी समाचार'' एवं ''मथुरा समाचार'' नामक पत्रों का भी प्रकाशन हुआ।[97]

अत: स्पष्ट है कि 1885 में कांग्रेस के जन्म से एक वर्ष पूर्व देश में जिस नवीन राजनीतिक चेतना का विकास हो रहा था, फलस्वरूप हिंदी पत्रों के प्रकाशन में भी नए युग का सूत्रपात हो रहा था। लॉर्ड लिटन जैसे प्रतिक्रियावादी शासकों के शासनकाल में दिल्ली दरबार, अफगान युद्ध, वर्नाक्यूलर प्रेस एवं ''आर्म्स ऐक्ट'' जैसे कुकृत्यों के कारण भारतीय जनता का असंतोष उग्र रूप धारण कर चुका था।[98] अँग्रेज शासकों के शोषण–दमन,

भारतीयों के प्रति अपमानजनक व्यवहार एवं रंगभेद की नीति के फलस्वरूप पूरे देश में असन्तोष का वातावरण था जिसके फलस्वरूप अनेक सामाजिक-राजनीतिक संस्थाओं का निर्माण हुआ।[99]

इल्वर्ट बिल (1883) की प्रतिक्रिया के रूप में अँग्रेजों की स्वार्थप्रियता ने भारतीयों को और अधिक सजग बना दिया और उनमें इस भावना का संचार किया कि राजनीतिक संसार में सफलता के लिए संगठित प्रति क्रियाशीलता आवश्यक है।[100] एलन आक्टोवियन ह्यूम द्वारा 1885 में अखिल भारतीय कांग्रेस की स्थापना हुई।[101] कांग्रेस की स्थापना के मूल में भारतीय पत्रकारिता का विशिष्ट स्थान है। कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन का पत्रकारिता से निकटवर्ती संबंध था, क्योंकि राष्ट्रीय संगठन की स्थापना में भारतीय समाचार पत्रों के प्रमुख संपादकों ने भाग लिया।[102] कांग्रेस की स्थापना के फलस्वरूप देश के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक इतिहास में एक नए युग का शुभारंभ हुआ। कांग्रेस की स्थापना के बाद भारतीय पत्रकारिता विशेषत: हिंदी पत्रकारिता में विशेष उत्साह दिखाई पड़ा।

फलस्वरूप हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी पत्रकारिता के विकास को नई गति प्राप्त हुई। इस समय के प्रमुख प्रकाशन थे- ''हिन्दी प्रदीप'' प्रयाग से, ''हिन्दोस्तान'' कालांकाकर से एवं ''ब्राह्मण'' कानपुर से। ये पत्र कांग्रेस की नीतियों के समर्थक एवं पक्ष प्रचारक थे।[103] कालांकाकर से राजा रामपाल सिंह का ''हिन्दोस्थान'' उत्तर प्रदेश से प्रकाशित होने वाला हिंदी का प्रथम राजनीतिक पत्र था, जो कांग्रेस की स्थापना के वर्ष प्रकाशित हुआ। इसके प्रधान सम्पादक स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी पं. मदनमोहन मालवीय थे।[104] इसके संपादकीय नवरत्न थे- श्री अमृत लाल चक्रवर्ती, शशिभूषण चटर्जी, प्रतापनारायण मिश्र, बालमुकुंद गुप्त, गोपालराम गहमरी, लाल बहादुर, गुलाबचन्द चौबे, शीतलाप्रसाद उपाध्याय, रामप्रसाद सिंह और शिवनारायण सिंह, जो तत्कालीन मूर्धन्य विद्वानों में से थे।[105]

1885 से 1895 के बीच राजनैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पत्रों का प्रकाशन हुआ यथा- ''भारत प्रकाश'' (मुरादाबाद), ''भारतोदय'', (कानपुर), ''रसिक पंच'', ''प्रयागमित्र'' (इलाहाबाद), ''विचारपत्र'' (इटावा), ''भारत भानु'' एवं ''मित्र'' (बनारस), ''बुद्धि प्रकाश'' (लखनऊ), ''हिन्दीपंच'' (अलीगढ़), ''देवनागरी गजट'' (मेरठ), ''खिचड़ी समाचार'' (मिर्जापुर), ''भारत हितैषी'' (फर्रूखाबाद), ''ब्रजवासी'' (मथुरा), ''भारत प्रताप'' (कानपुर), ''भारतभूषण'' (बनारस) एवं ''स्वतंत्र'' (बनारस) आदि।[106] ''सोमप्रकाश'', ''सुलभ समाचार'', ''आर्यदर्शन'', ''साधना'', ''बंगाली'', ''प्रवासी'' आदि पत्रों का प्रकाशन भी हुआ।[107]

आर्य समाज एवं अन्य धार्मिक आंदोलनों से प्रभावित पत्र ''धर्म प्रचारक पत्र'', ''सत्यार्थ प्रकाश'', ''आर्य समाचार'', ''सत्यधर्म पत्र'', ''सुदर्शन चक्र'', ''राम-पताका'', ''गो-धर्म प्रकाश'', ''गौ-सेवक'', ''ब्राह्मण सामचार'' आदि भी प्रकाशित हुए।[108] 1889 में अजमेर से ''राजस्थान समाचार'' का प्रकाशन हुआ।[109] पं. अमृतलाल चक्रवर्ती के संपादन में ''हिन्दी बंगवासी'' का 1890 में प्रकाशन हुआ।[110] इसी दौरान दैनिक पत्रों का प्रकाशन भी आरंभ हुआ। 1890 में बिहार का प्रथम हिंदी दैनिक ''सर्वहितैषी'' निकला, जो अल्पजीवी ही रहा। उधर बंबई से 1892 में मासिक ''भारतभूषण'', और 1894 में ''प्रभाकर'', ''मुम्बई वैभव'' और ''गुराखी'' नामक दैनिक निकले। 1896 में बंबई से प्रकाशित ''श्री व्यंकटेश्वर समाचार'' अपने समय का उल्लेखनीय पत्र था।[111]

जहाँ एक ओर भारतीय पत्रों पर सरकारी प्रहार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा था, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय पत्रकारिता जनहित एवं मातृसेवा के पुनीत पथ पर दृढ़ संकल्प तथा अदम्य उत्साह के साथ उत्तरोत्तर गातिमान होती जा रही थी। भारतीय पत्रकारिता के विकास की दृष्टि से उन्नीसवीं शताब्दी तेजस्वी पत्रकारिता का युग था। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में राजनीतिक चेतना को मुख्यत: हिंदी भाषी क्षेत्रों में विकसित करने में हिंदी पत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है। विभिन्न प्रांतों में मुद्रणालय स्थापित हुए। प्रारंभ में आगरा, इलाहाबाद, और वाराणसी पत्रों के प्रकाशन के प्रमुख केंद्र थे। बरेली, नैनीताल, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, झाँसी, अल्मोड़ा और

मथुरा से भी हिंदी पत्रों का प्रकाशन अत्यंत तीव्र गति से हुआ।[112] हिंदी पत्रकारिता के राष्ट्रीय चरित्र का प्रभाव उर्दू व अन्य भारतीय भाषाओं के पत्रों पर भी पड़ा। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में उर्दू के अनेक पत्र निकले, जो हिंदी में भी प्रकाशित हुए। अवध-अखबार, ''हिन्दोस्तानी'' और पंच (कालांतर में ''अवधपंच'') उर्दू-हिंदी में निकलने वाले पत्र थे। ''अवध अखबार'' व ''हिन्दोस्तानी'' दोनों पत्र कांग्रेस के कट्टर समर्थक थे। ''अवध पंच'' अपने व्यंग्य चित्रों के लिए प्रसिद्ध था।[113]

भारतेन्दु युग में ऐसे अनेक महान पत्रकार भी हुए, जिनका साहित्य उच्च कोटि का था। देशोन्नति के निमित्त सामान्य भाषा के विकास हेतु श्रीकेशवचन्द्र सेन, स्वामीदयानन्द सरीखे अहिन्दी भाषी विद्वानों का भी समर्थन प्राप्त हुआ।[114] ❑

संदर्भ सूची :

1. ● भानावत, संजीव, ''प्रेस कानून और पत्रकारिता, पृष्ठ-111
   ● बूल्जले, रोलैंड ई, भारतीय पत्रकार कला, पृष्ठ-8
   ● ब्रह्मानंद- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और उत्तर प्रदेश की हिन्दी पत्रकारिता-पृष्ठ-18
2. भानावत, संजीव, पृष्ठ-111
3. ओ मेली, एल. एस. एस.- मार्डन इंडिया एंड दि वेस्ट लंदन, पृष्ठ-188
4. सेन, एस. पी., दि इंडियन प्रेस, पृष्ठ-115-50
5. जोशी, बी. बी. ''हिन्दी पत्रिकाओं में राष्ट्रीय काव्यचेतना'', पृष्ठ-73
6. ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-19
   ● भानावत-संजीव, पृष्ठ-1
7. नटराजन, एस, हिस्ट्री ऑफ इंडियन जर्नलिज्म, पृष्ठ-14
8. जोशी, बी. बी, पृष्ठ-74
9. नटराजन, एस, पृष्ठ-19
10 वाजपेयी, अम्बिका प्रसाद, समाचार पत्रों का इतिहास, पृष्ठ-32
11. ● नटराजन, एस. पृष्ठ 20
   ● घोष, हेमेन्द्र प्रसाद, दि न्यूज पेपर इन इंडिया, पृष्ठ-39
12. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-20
13. घोष- हेमेन्द्र प्रसाद, पृष्ठ-39
14. ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-21
   ● भानावत, संजीव-21
15. ● बार्न्स, एम,द इण्डियन प्रेस, पृष्ठ-74
   ● राबटर्स, जी. ई.वेलेजली के अधीन भारत, पृष्ठ-163,164
   ● भानावत, संजीव, पृष्ठ-4
16. नारायण, प्रेम,प्रेस एण्ड पॉलिटिक्स इन इण्डिया, पृष्ठ-3
17. ● बार्न्स, एम. पृष्ठ. 74-75
   ● भानावत, पृष्ठ-3
18. घोष, हेमेन्द्र प्रसाद, पृष्ठ-20
19. बार्न्स, एम., पृष्ठ-76
20. ● जोशी, बी. बी., पृष्ठ-76
   ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-22
21. भटनागर, रामरतन, दि राइज एंड ग्रोथ ऑफ हिन्दी जर्नलिज्म, पृष्ठ-21
22. ● जोशी, बी.बी., पृष्ठ-77
   ● भानावत, संजीव, पृष्ठ-7
23. जोशी, बी. बी., पृष्ठ- 76
24. ● त्रिपाठी, कमलापति, पत्र और पत्रकार, पृष्ठ-87
   ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-22
25. पूर्वोक्त-23
26. ● भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-23
   ● कोटनाला, एम.सी. राजा राम मोहन राय एंड इण्डियन अवेकनिंग, पृष्ठ- 103, 104
27. ● ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-23
   ● जोशी, बी. बी., पृष्ठ-77
28. घोष, हेमेन्द्र प्रसाद, पृष्ठ 25, 26
29. ● वाजपेयी, अम्बिका प्रसाद पृष्ठ-37
   ● ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-26
   ● भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-67
30. ● वाजपेयी, अम्बिका प्रसाद पृष्ठ-67
   ● ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-26
31. जोशी, बी. बी. पृष्ठ-78
32. तिवारी, रामचन्द्र, पत्रकारिता के विविध रूप पृष्ठ-14, 15
33. जोशी, बी. बी. पृष्ठ-78
34. ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-27
35. ● भानावत, संजीव , पृष्ठ-1
   ● देसाई. ए. आर. पृष्ठ-212
   ● ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-24
36. दि माडर्न रिव्यू, अगस्त 1913, खंड-14, पृष्ठ-133
   देसाई, ए. आर. पृष्ठ-212
37. भानावत, संजीव , पृष्ठ-8
38. बार्न्स, एम. पृष्ठ-115-19

39. नये प्रेस सम्बन्धी कानूनों का शिकार राजाराममोहन राय का फारसी पत्र मीरातउल अखबार हुआ। ब्रह्मानन्द, पृष्ठ-25
40. ● दि माडर्न रिव्यू, खंड-14, अगस्त 1913, पृष्ठ-136
    ● ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-25
41. नटराजन, एस. पृष्ठ-47
42. ब्रह्मानन्द- पृष्ठ-25
43. ● पाणिग्रही, डी. एन., चार्ल्स मेटकॉफइन इंडिया, पृष्ठ-213, 214
    ● भानावत, संजीव, पृष्ठ-13
44. ● यह 10 मई 1829 को प्रकाशित हुआ इसकी भाषा थी - 'भारतखण्ड की ठकुराई और राजनीतिक और 'बनुज' वैपार और विद्याभ्यास के प्रकार और सब देश के समाचार और देशांतरीण विद्या और सुघड़ता के प्रसंगनी के शास्त्रार्थ युक्त यह पत्र बंगला और काम पड़े तो फरसी और हिंदी भाषा के प्रति सतवारे छपेगा जिसके बहुत भाँति के प्रयोजन के मूल सजीव होने की सम्भावना है।''
    ● व्यास, लक्ष्मीशंकर, हिन्दी पत्रकारिता के युग निर्माता, पृष्ठ-9
    ● जोशी, बी.बी., पृष्ठ-79
    ● ब्रहमानन्द- पृष्ठ-27
45. किस तिथि व किसके सम्पादकत्व में यह पत्र प्रकाशित हुआ, ज्ञात नहीं है। - भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-70
46. ● दास, राधा कृष्ण हिन्दी भाषा के सामयिक पत्रों का इतिहास, पृष्ठ-9
    ● मिश्र, कृष्ण बिहारी मिश्र के अनुसार 'बनारस अखबार' सन् 1845 में नहीं अपितु सन् 1844 ई. के जून मास में निकला था और उसके सम्पादक एक बंगाली सज्जन तारामाहन मिश्र थे। - मिश्र, कृष्ण बिहारी, हिन्दी पत्रकारिता : जातीय चेतना एवं खड़ी बोली साहित्य की निर्माण भूमि, पृष्ठ-31
47. ● अम्बिका प्रसाद वाजपेयी ने 'मार्तण्ड' नामक पत्र का उल्लेख किया है। 1 जून 1846 को कलकत्ते से 'इंडियन-सन' प्रेस से 'मार्तण्ड' नामक साप्ताहिक पत्र पाँच भाषाओं में प्रकाशित हुआ। - मिश्र, कृष्ण बिहारी, पृष्ठ-34
    ● जोशी, बी. बी. पृष्ठ-78
48. व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ-10
49. जोशी, बी. बी. पृष्ठ-93
50. पूर्वोक्त, पृष्ठ-79
51. ● व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ-23
    ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-29
52. जोशी, बी. बी. पृष्ठ-79
53. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-27
54. वाजपेयी, अम्बिका प्रसाद पृष्ठ-110
55. ● जोशी, बी. बी. पृष्ठ-79
    ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-27
56. ● व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ-24
    ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-28
    ● 1853 के अंक की भाषा अत्यन्त परिपक्व थी, ''प्रगट हो कि अब इस देश में एक लोहे की सड़क बन गई है जिस पर विगत 4 तारीख से पंथियों का आवागमन आरम्भ हो गया है और जो यह लोहे की सड़क खुली है, तो बम्बई से थाने तक बनी है।
    ● नागर, अमृतलाल, ''पुरानी कलम की धार'', उत्तर प्रदेश ''मासिक पत्रिका' (पत्रिकारिता, अंक मार्च-अप्रैल, 1976, पृष्ठ-15)
57. जोशी, बी. बी. पृष्ठ-79 (आचार्य रामचन्द्र शुक्ल एवं सम्पादकाचार्य अम्बिका प्रसाद वाजपेयी)
58. व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ - 10
59. वाजपेयी, अम्बिका प्रसाद पृष्ठ-118
60. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-29
61. ● बार्न्स, एम. पृष्ठ -252-258
    ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-30
62. बार्न्स, एम., पृष्ठ -256-58
63. जोशी, बी. बी., पृष्ठ-92
64. व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ- 10
65. ● बार्न्स, एम. पृष्ठ -252-55
    इस गलाघोटू कानून द्वारा सरकार मुद्रणालयों की स्थापना पर नियंत्रण,, वितरण पर प्रतिबंध लगाना एवं लाइसेंस अनिवार्य कर दिया गया था।
    ● भानावत, संजीव, पृष्ठ-16
66. बार्न्स, एम. पृष्ठ -256
67. ● भटनागर, रामरतन,पृष्ठ-76
    ● ब्रह्मानन्द, पृष्ठ-29 - 'उस समय के अधिकतर पत्र प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता के समर्थक थे।'
68. ब्रह्मानन्द, पृष्ठ-30
69. भानावत, संजीव, पृष्ठ-17
70. ब्रह्मानन्द, पृष्ठ-30
71. पूर्वोक्त, पृष्ठ-30,31
72. व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ- 20
73. जोशी, बी. बी., पृष्ठ-79
74. भानावत, संजीव, पृष्ठ-18
75. नटराजन, एस. पृष्ठ-104
76. जोशी, बी. बी., पृष्ठ-138

77. मिश्रा, कृष्ण बिहारी ,पृष्ठ-92
78. शुक्ल, रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ-308 'भारतेन्दुयुगीन लेखकों की यह विशिष्टता थी कि 'प्राचीन और नवीन के संधि स्थल पर खड़े होकर वे दोनों का जोड़ इस प्रकार मिलान चाहते थे कि नवीन प्राचीन का प्रवर्धित रूप प्रतीत हो, न कि ऊपर से लपेटी वस्तु।''
79. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-31
80. 1867 के प्रेस एण्ड रजिस्ट्रेशन ऑफ बुक्स ऐक्ट' के द्वारा पत्रों एवं पुस्तकों के मुद्रण एवं प्रकाशन पर पुन: नियंत्रण लगाया गया।
81. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-102, 103
82. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-33
83. ''बनारस अखबार' को पुलिस के संबंध में गलत टिप्पणी प्रकाशित करने के कारण एक हजार रूपये जुर्माना और 1874 में भारतेन्दु के पत्र की सहायता बंद करने के साथ ही उनको (हरिश्चन्द्र चन्द्रिका 1874) प्रदत्त आनरेरी मैजिस्ट्रेट के अधिकारों से वंचित किया गया।
84. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-478
85. पूर्वोक्त, पृष्ठ-478, 479
86. वैदिक, वेदप्रताप, हिन्दी पत्रकारिता : विविध आयाम,
87. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-102
88. ● The vernacular press Act 1870 No. IX of 1878 An Act for the better control of publications in oriental languages. बार्न्स, एम. , पृष्ठ-280
    ● इस कानून के द्वारा जिला मेजिस्ट्रेटों या पुलिस कमिश्नरों को ऐसी शक्ति प्राप्त हो गई कि वे किसी भी समाचार पत्र से जमानत ले सकते थे या किसी भी प्रकाशित सामग्री को जब्त कर सकते थे।
    ● नटराजन, एस. पृष्ठ- 341-47
    ● भानावत, संजीव, पृष्ठ-20 , 21
89. बनर्जी, सुरेन्द्रनाथ, ए नेशन इन मेकिंग, पृष्ठ-58
90. यह पत्र था ''अमृत बाजार पत्रिका'' जो बंगाल के जैसोर जिले से निकलता था। 14 मार्च को उक्त कानून घोषित किया गया, उसके एक सप्ताह बाद 21 मार्च 1878 को पत्रिका का जो अंक प्रकाशित हुआ, वह विशुद्ध अंग्रेजी था। रातोरात यह अंग्रेजी भाषा का साप्ताहिक हो गया।
    ● त्रिपाठी , कमलापति, पृष्ठ-102
91. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-35
92. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-32 , 36
93. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-485
94. जोशी, बी. बी., पृष्ठ-139
    भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-485
95. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-36
96. वाजपेयी, अम्बिका प्रसाद पृष्ठ-190
97. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-36
98. सिंह, अयोध्या, भारत का मुक्ति संग्राम पृष्ठ-56-60
99. ● ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन (1851-52), बाम्बे एसोसिएशन (1852), मद्रास नेटिव एसोसिएशन (1852), इंडियन लीग (1875) इंडियन एसोसिएशन (1876), बाम्बे प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन (1885)
    ● बृह्मानन्द, पृष्ठ-37
100. ● मजूमदार , ए0 सी. , इंडियन नेशनल इवाल्यूशन,
    ● ब्रह्मानंद, पृष्ठ-37
101. मेहरोत्रा, एस. आर, दि इमरजैंसी ऑफ द इंडियन नेशनल कांग्रेस, अध्याय - 4, पृष्ठ - 146-229
102. ● नटराजन, जे. पृष्ठ-98
    ● पट्टाभि, सीता रमैया, कांग्रेस का इतिहास, पृष्ठ-15
    ● बेसेंट, एनी., हाउ इंडिया फाइट फ्रॉर फ्रीडम, पृष्ठ-5,6
103. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-485
104. वैदिक, वेद प्रताप, पृष्ठ-123
105. व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ-50
106. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-143-44, 742-51
107. बार्न्स, एम. पृष्ठ-276
108. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-39
109. व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ-60
110. पूर्वोक्त , पृष्ठ-61
111. ● तिवारी, -रामचन्द्र, पृष्ठ-34
    ● व्यास, लक्ष्मीशंकर, पृष्ठ-62
112. ब्रह्मानंद, पृष्ठ-39
113. भटनागर, रामरतन, पृष्ठ-678
114. ● तिवारी,-रामचन्द्र, पृष्ठ-34
    ● शर्मा, श्रीपाल, हिन्दी पत्रकारिता-राष्ट्रीय नवउद्बोधन पृष्ठ-1

एसो. प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग
एम.एम. (पी.जी.) कॉलेज मोदीनगर
गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)

आलेख

'ब्रह्मपुत्र' आंचलिक उपन्यास के रूप में : एक अध्ययन

✍ डॉ. सत्यजित कलिता

भूमिका :

देवेंद्र सत्यार्थी हिंदी, उर्दू और पंजाबी भाषाओं के प्रख्यात विद्वान तथा साहित्यकार हैं। उन्होंने देश के कोने-कोने की यात्रा कर वहाँ के लोक-जीवन, गीतों और परंपराओं को आत्मसात किया और उन्हें पुस्तकों और वार्ताओं में संग्रहीत कर दिया। इसी यात्रा की एक उपज है 'ब्रह्मपुत्र'।

आंचलिक उपन्यास क्या है? आंचलिक शब्द 'अंचल' से बना है, जिसका अर्थ होता है- कोई स्थान विशेष, अर्थात भौगोलिक सीमाओं द्वारा घिरा हुआ किसी जनपद का क्षेत्र। अंचल एक गाँव, शहर, मोहल्ला अथवा किसी वन की उपत्तिका कुछ भी हो सकता है। और आंचलिक उपन्यास उन्हें कहा जाता है, जिसमें किसी स्थान-विशेष का संपूर्ण जन-जीवन अपनी संपूर्ण विशेषताओं के साथ प्रतिबिबिंत हो उठता है।

शिव कुमार मिश्र के अनुसार, ''आंचलिक उपन्यास में देश के किसी भू-भाग के किसी विशेष अंचल के लोगों को स्थान मिला, उनके संघर्षों, उनके दैनंदिन जीवन, उनकी आशा-निराशाओं, विजयों-पराजयों के चित्र प्रस्तुत किए, जो उन उपन्यासकारों की स्वस्थ जीवन दृष्टि के कारण इतके अनूठे व भव्य प्रतीत हुए कि उनके एक विशेष भू-भाग से संबंधित होने पर भी संकीर्णता न आने पाई, कुछ विशेष प्रकार के लोगों की जीवन कथा होने पर भी जो सर्वग्राह्य बने रहे और हमारे प्रबुद्ध पाठक वर्ग ने उन्हें सहर्ष अपनाया।''[1]

आंचलिक उपन्यासकार राजेन्द्र अवस्थी के अनुसार, ''हमारे देश के विभिन्न अंचल ही हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। शहरों ने हमारी संस्कृति को कभी प्रभावित नहीं किया और न ही उनके बलबूते एक विराट सांस्कृतिक धारा बन पाई। आंचलिक कथा साहित्य हमारा सांस्कृतिक उपादान है और यदि विभिन्न अंचलों पर किसी प्रकार का सामूहिक प्रयास किया जाए तो उससे हमारी बिखरी संस्कृति का एकीकरण हो सकता है।''[2]

किसी अंचल अथवा प्रदेश विशेष का अपने उपन्यासों की कथाभूमि बनाकर वहाँ के रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार, आचार-विचार को प्राय: वहीं की बोली में लिपिबद्ध करना आंचलिक उपन्यासों की प्रमुख विशेषता है।

आंचलिक उपन्यास के प्रमुख तत्व :

आंचलिक उपन्यास में निम्नलिखित तत्वों का निर्वाह होना चाहिए :-

1. किसी अंचल (क्षेत्र) विशेष की भौगोलिक (प्राकृतिक) स्थिति एवं सुषमा का बिंबात्मक वर्णन।

2. अंचल-विशेष पर आधारित कथानक अथवा कथानक का आधार अंचल विशेष।

3. स्थानीय लोक-संस्कृति का समग्र चित्रण, जिसमें स्थानीय माटी की महक हो।

4. सामाजिक, राजनीतिक, आधि वैदिक चेतना आदि विभिन्न स्थितियों का पुर्ण चित्रण।

5. जन चेतना का सशक्त अंकन।

6. स्थानीय भाषा का संतुलित एवं स्वाभाविक प्रयोग।

7. स्थानीय वातावरण का वर्णन- इसके अंतर्गत विशेष रूप से स्थानीय लोक गीतों की मादक अनुगँज का चित्रण।[3]

आंचलिक उपन्यास के रूप में ब्रह्मपुत्र :

'ब्रह्मपुत्र' उपन्यास को आंचलिक उपन्यास की संज्ञा दी जाए या नहीं, यह विवाद का विषय है। परंतु इस आंचलिक उपन्यास के तत्वों और विशेषताओं को ध्यान में रखकर यदि देखा जाय तो 'ब्रह्मपुत्र' को आंचलिक उपन्यास की संज्ञा दी जा सकती है, क्योंकि इसमें भी लेखक ने देश के एक विशेष भू-भाग के कुछ विशेष लोगों की कथा कही है। उसकी दृष्टि हिंदी-भाषी प्रदेश को पार करके एक अहिंदी भाषी प्रांत के ऐसे लोगों के जीवन की ओर गई है, जिसका उस प्रांत में भी अपना एक विशिष्ट स्थान है और वह है- ब्रह्मपुत्र के किनारे बसने वाले असम के जन-साधारण का जीवन, उन नदी-पुत्रों का जीवन जो सदा ब्रह्मपुत्र के उल्लास और कोप का लक्ष्य बनते हुए भी उसके सम्मुख नतमस्तक रहे हैं; जिनके हृदय में उस ब्रह्मपुत्र के लिए प्रगाढ़ श्रद्धा है, जो उनका जीवन, उनकी जीविका, उनकी मृत्यु, उनका काल सब कुछ है, ब्रह्मपुत्र का जिनके जीवन के साथ उतना ही घनिष्ठ संबंध है, जितना धरती के साथ किसान का, पुत्र के साथ उसके माता-पिता का होता है और उसके संबंध में उनकी विविध हर्ष, शोक, भय, श्रद्धा, ममता आदि

"हम तो मछुए हैं। हमारा काम यही है- जाल फेंकें मछलियाँ पकड़ें, आप खायें दूसरों को खिलायें। धन्य है ब्रह्मपुत्र! धन्य है ब्रह्मपुत्र की मछलियाँ! देश गुलाम था, तो भी मछलियाँ जाल में फँसती रहीं। अब देश आजाद है तो भी बराबर जाल में फँस रही हैं मछलियाँ।"[6] इससे स्थानीय वातावरण खूब उभरा है। कथा अथवा भाषा अवश्य दिसांगमुख की है पर उसे दिसांगमुख की नहीं ब्रह्मपुत्र के किनारे बसनेवाले समस्त नदी पुत्रों की है।

की भावनाएँ उनके गीतों में उतराई पड़ती हैं-

ब्रह्मपुत्र कासते, बरहमथुरी जुपी,
आमि खरी लोवा ठाइ;
उटूवाई निनिवा, ब्रह्मपुत्र देवता,
तामोल दी मानोता नाइ।[4]

(असमीया बिहूगीत जो उपन्यास में व्यवहृत है।)

(ब्रह्मपुत्र के किनारे बरहमथुरी गाछ है, जहाँ हम ईंधन (लकड़ी) लाने जाते हैं। इसे लील (बहा) मत लेना, ब्रह्मपुत्र देवता! हममें इतनी भी क्षमता नहीं है कि हरि सुपारी (तांबुल-पान) से तुम्हारी अर्चना करें।)

देवेन्द्र सत्यार्थी जी ने एक अहिंदी भाषी प्रांत के जनसाधारण के एक विशेष वर्ग के जीवन का जो चित्र उपन्यास में प्रस्तुत किया है, वह उनकी विशाल दृष्टि का परिचायक तो है ही, साथ ही उन नदी पुत्रों के जीवन के गहन अध्ययन और सूक्ष्म पर्यवेक्षण का भी प्रमाण है, जिसे उन्होंने महीनों असम में घूम-फिरकर किया है। उपर्युक्त कारणों से ही हम 'ब्रह्मपुत्र' उपन्साय को आंचलिक उपन्यास की श्रेणी में रख सकते हैं।

कथावस्तु :

ब्रह्मपुत्र उपन्यास की कथावस्तु में उतना आकर्षण नहीं है, जितना उसमें चित्रित नदी पुत्रों के जीवन के विविध उतार-चढ़ाव से पूर्ण प्रसंगों में, उनके राजनीतिक संघर्षों में, उनकी सामाजिक एवं सांस्कृतिक चित्रों में और वही सब मिलाकर उपन्यास की कथावस्तु की सारी शिथिलता को ढक लेते हैं। क्रिया तो साधारण ही है, उस कथा के सब पात्रों के जीवन के जो चित्र लिपटे हुए हैं वही पाठकों को आनंदित किए रहते हैं। नदी-पुत्रों के जीवन की एक-एक रेखा को लेखक ने एक कथा के माध्यम से उजागर किया है। यह असमीया नदी-पुत्रों के जीवन की महान गाथा है। स्वतंत्रता के पूर्व से लेकर भारत की स्वाधीनता के पश्चात तक कथा का विस्तार है, जिसमें अनेक छोटी-बड़ी घटनाओं ने मिलकर इस भू-भाग के राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी प्रकार के उत्थान-पतनों को उजागर किया है। हिंसा-अहिंसा से लेकर भारत के राष्ट्रीय नवनिर्माण तक के न जाने कितने प्रश्नों पर लेखक ने पात्रों के माध्यम से प्रकाश डाला है। लेखक की दृष्टि असम के लोक जीवन के उद्घाटन की ओर रही है।

पात्र-योजना :

उपन्यास की कथावस्तु का विकास उसमें समाहित पात्रों के माध्यम से किया जाता है। ब्रह्मपुत्र में कल्याण, भगत, नीलमणि, राखाल काका, अब्दुल कादिर, धर्मानन्दी जैसे बूढ़े पात्र भी हैं और देवकांत, अतुल, नीरद, मुकन, प्रभात, जादू जैसे युवक भी। विभिन्न अवस्थाओं के और भी न जाने कितने पात्र हैं, जो सब मिलकर असमीया लोक जीवन के चित्रण का माध्यम बनते हैं। इन पात्रों की अपनी-अपनी प्रतृत्तियाँ और विचार हैं- कुछ को अपने स्वयं के झंझटों और कार्यों से फुरसत नहीं, कुछ अधिक जाग्रत हैं और देश की विविध समस्याओं से लेकर अपने गाँव के छोटे-बड़े प्रश्नों पर यदा-कदा अपने विचार

प्रकट करते हैं। संस्कृति तथा सामूहिक मनोवृत्ति के चित्रण में रत रहने के कारण आंचलिक उपन्यास पात्र-रूप में कुछ व्यक्तियों को उभार कर उनके चरित्र निरूपण को अपना उद्देश्य नहीं बना लेता, वरन वहाँ अंचल को व्यक्त करने वाली गतिशील पात्र-चित्रमाला का आयोजन करता है।

युवक वर्ग सभी क्रियाशील है। बूढ़ों के समुदाय में राखाल काका की दृष्टि कुछ अधिक व्यापक है, शेष सभी पात्र अपने ही जीवन में केंद्रित रहने वाले हैं। बूढ़ा धर्मानन्दी भी निशिष्ट व्यक्तित्व के हैं। कल्याण, भगत वैष्णवों के प्रातिनिधि हैं और नीलमणि पुत्र अतुल को गाँवबुढ़ा बनाकर बाप-दादों की परंपरा को कायम रखना चाहता है। घन सिंह और रतन नापित की दुकान-गाँव का समाचार केंद्र हैं। देवकांत क्रांतिकारी है। उसकी कथा की वस्तुत: उपन्यास की कथा को भी गति देती है, उसका प्रभाव ही दिसांगमुख व उसके आसपास फिरंगी सरकार के लिए सिर दर्द बनने वाले कतिपय कार्यों को जन्म देता है, जिसके विविध परिणाम होते हैं। वही कथा को 'क्लाइमेक्स' तक पहुँचाता है, जब उसकी गिरफ्तारी को लेकर दिसांगमुख वालों और फिरंगी सरकार की मिलिट्री के बीच जमकर गोलियाँ चलती हैं। दिसांगमुख थाने का दारोगा गोपीनाथ अपने कतिपय सिपाहियों सहित इस संघर्ष में देवकांत की ओर से जूझकर, अपनी बलि देकर अपने पिछले कृत्यों की कालिमा को धो जाता है और अत्याचारी नारायण दारोगा से सर्वथा विपरीत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वस्तुत: देवकांत की कथा ही फैलकर अधिकांश पात्रों को अपनी लपेट में लेती हुई, कथानक की अनेक घटनाओं को जन्म देकर, उनमें शनै: शनै: तीव्रता उत्पन्न करके एक विषादमय अंत को जन्म देती है। पर यह अंत सदा विषादमय ही नहीं रहता, जीवन फिर अपनी राह पर चल पड़ता है। विभिन्न पात्रों के माध्यम से दिसांगमुख के जन-जीवन अनेकानेक दुर्बलताएँ और विशेषताएँ उभरती हैं। आजादी और भूकंप भी चित्रित किया गया है। वहाँ के लोगों की पारस्परिक फूट, असमीया, मीरी व नेपालियों का संघर्ष, सब कुछ साफ-साफ चित्रित किया गया है। नीरद लेखक है, जो ब्रह्मपुत्र पर कोई पुस्तक लिख रहा है, अतुल अहिंसावादी है। पत्नी जुनतारा का मोह ही कदाचित इसे अहिंसावादी बना देता है; कारण देवकांत का साथ देने के अर्थ था जुनतारा का बिछोह और जो उसे स्वीकार न था। नीरद भी अहिंसात्मक सत्याग्रह में भाग लेता है। उसकी ब्रह्मपुत्र पर लिखी जाने वाली पुस्तक भी अंत तक प्रकाशित नहीं हो पाती, जिसके बारे में उसे आशा थी कि शायद उस पर उसे नोबेल पुरस्कार भी मिल जाए। माजुली का सारा नवयुवक वर्ग संघर्षशील है; जादू, मुकन, प्रभात सभी क्रियाशील पात्र हैं। अंधा सूरदास माजुली के पात्रों में सबसे अधिक आकर्षक है। शेष पात्र सामान्य कोटि के हैं, जो असमीया लोक जीवन के रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हैं।

नारी-पात्रों में प्रमुख जुनतारा, आरती व हाउसन साहब की पुत्री लिली हैं। प्रारंभ में अनंत यौवना जुनतारा सबके आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। विवाह के पश्चात ही उसका जीवन पति व परिवार तक ही सीमित हो जाता है और वह अपनी एक, दो, तीन, चार, संतानों का पालन-पोषण करती हुई एक सामान्य नारी की भाँति जीवन यापन करती है। दूसरी ओर धर्मानन्दी की पुत्री आरती अंत तक संघर्षशील रहती है। लिली का चरित्र सामान्य है। नीरद की पत्नी बनकर वह अपने असम प्रेम को चरितार्थ कर देती है। नारी पात्रों में आरती प्रभावशाली रही। असम के जन-जीवन की गायिका के रूप में चित्रित यह चरित्र 'ब्रह्मपुत्र' का एक कुशल और आकर्षक चरित्र है।

भाषा-शैली :

राजेन्द्र अवस्थी के अनुसार आंचलिक उपन्यास की कथा सूत्र की सरसता को रोकने वाला हर तत्व बाधक है- यह चाहे भाषा से संबंध रखता हो अथवा बोली से। उसमें स्थानीय शब्दों का प्रयोग उस सीमा तक होना चाहिए जहाँ तक के भाषा में अनगढ़पन और अनपच उत्पन्न न करे।[5] इस दृष्टि से ब्रह्मपुत्र उपन्यास एक सफल उपन्यास है। भाषा साफ और प्रवाहमयी है। बीच-बीच में असम के लोक-जीवन को उभारने

वाले न जाने कितने स्थानीय शब्दों का व्यवहार किया गया है, जो कर्णप्रिय तो हैं ही वातावरण की यथार्थता को बल भी प्रदान करते हैं। शब्द ही नहीं, कहीं-कहीं तो असमीया लोक-भाषा के वाक्य के वाक्य उठाकर रख दिए गए हैं। अधिकाशत: ये कहावतें और मुहावरे ऐसे ही हैं, जिनमें प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से 'ब्रह्मपुत्र' समाया हुआ है। भाषा की ये विशेषताएँ अन्य स्थानीय वातावरण से मिलकर असम का एक से एक सजीव व यथार्थ चित्र प्रस्तुत करती हैं।

बूढ़ा धर्मानन्दी के शब्दों में-

''हम तो मछुए हैं। हमारा काम यही है- जाल फेंकें मछलियाँ पकड़ें, आप खायें दूसरों को खिलायें। धन्य है ब्रह्मपुत्र! धन्य है ब्रह्मपुत्र की मछलियाँ! देश गुलाम था, तो भी मछलियाँ जाल में फँसती रहीं। अब देश आजाद है तो भी बराबर जाल में फँस रही हैं मछलियाँ।''[6] इससे स्थानीय वातावरण खूब उभरा है। कथा अथवा भाषा अवश्य दिसांगमुख की है, पर उसे दिसांगमुख की नहीं, ब्रह्मपुत्र के किनारे बसने वाले समस्त नदी पुत्रों की है।

निष्कर्ष :

प्रस्तुत उपन्यास 'ब्रह्मपुत्र' में आंचलिक उपन्यास के सभी गुण विद्यमान हैं। असमीया लोक जीवन का सजीव चित्र है। कथानक, चरित्र चित्रण, देशकाल और वातावरण योजना, भाषा शैली, संवाद योजना आदि सभी दृष्टियों से आंचलिक उपन्यास के सभी गुण इसमें समाहित हैं।

उपन्यास का प्रत्येक पृष्ठ स्थानीय रंगत से ओत-प्रोत है। प्रस्तुत उपन्यास सत्यार्थी जी की हिंदी कथा-साहित्य को एक महत्वपूर्ण देन है। आज हमें ऐसे ही और उपन्यासों की आवश्यकता है, जो हमारे देश के विभिन्न अंचलों के लोक-जीवन के चित्र हों, जिनको पढ़कर हम भारत के विशाल भू-भाग में बसने वाले भिन्न-भिन्न निवासियों के जीवन से परिचित हो सकें। ब्रह्मपुत्र उपन्यास द्वारा सत्यार्थी जी ने असम के नदी-पुत्रों के लोक जीवन को एक कथा के रूप में चित्रित कर सजीवता प्रदान की है। उसके लिए एक असमीया होने के नाते हम उन्हें कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। ❑

संदर्भ :

1. मिश्र शिवकुमार - आलोचना - पृ. 119
2. अवस्थी राजेन्द्र - मैला आँचल समीक्षा - पृ. 1
3. चतुर्वेदी डॉ. राजेश्वर प्रसाद - साहित्यिक निबंध - पृ. 279
4. सत्यार्थी देवेन्द्र - ब्रह्मपुत्र - पृ. 307
5. अवस्थी राजेन्द्र - मैला आँचल समीक्षा - पृ. 1
6. सत्यार्थी देवेन्द्र - ब्रह्मपुत्र - पृ. 287

विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग
गुवाहाटी महाविद्यालय
बामुनीमैदान, गुवाहाटी (असम)
फोन : 9864030513
drsatyajitkalita@gmail.com

आलेख

हिंदी के 'परती परिकथा' और असमीया के 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में चित्रित ग्राम्य जीवन का तुलनात्मक अनुशीलन

✍ डॉ. दिनेश साहू

सार-संक्षेप :

भारत एक विशाल आबादी वाला देश है, जिसका एक बड़ा हिस्सा अभी भी गाँवों में रहता है। ग्रामीण जीवन के प्रति साहित्य का नजरिया बस आंचलिकता भर का नहीं है। भारतीय समाज और संस्कृति के साथ भी ग्रामीण चेतना का संबंध अन्योन्याश्रित है। अधिकतर भारतीय रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं में इस ग्राम्य जीवन से संबंधित विविध रीति-रिवाज, आचार-विचार, खान-पान, जीवन शैली, आस्था-विश्वास, तीज-त्योहार, जाति-प्रथा, भौगोलिक परिवेश, रूढ़ि-परंपरा आदि की विशेषताओं को दर्शाया है। इसी तरह हिंदी में फणीश्वरनाथ रेणु ने 'परती परिकथा' और असमीया में नवकांत बरुवा ने 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में ग्रामीण जीवन से जुड़े सभी पहलुओं को जीवंत रूप में दिखाने का प्रयास किया है। दोनों उपन्यासकारों ने ग्रामीण जीवन के समस्त दिशाओं को उपन्यास में उकेरकर प्रस्तुत किया है। ग्रामीण जीवन के यथार्थ का दोनों उपन्यासकारों ने जिस बारीकी से चित्रण किया है, मानो उसमें ग्रामीण आत्मीयता का गंध और सजीव होकर मुखरित हुआ है। 'परती परीकथा' में दर्शाए गए ग्रामीण परिवेश ने परानपुर गाँव की सुंदरता को और जीवंत कर दिया है। रेणु ने ग्रामीण समाज को हिंदी साहित्य के मुख्य स्वर के रूप में पहचान दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई है। 'कपिली परिया साधु' में वर्णित कपिली न केवल एक नदी है, बल्कि वहाँ के ग्रामीणों के लिए माँ के समान है। इनके सुख-दुख का संबंध कपिली नदी से जुड़ा हुआ है। दोनों रचनाकार शिक्षा के महत्व से वाकिफ हैं, इसीलिए वे ग्रामीण जीवन में व्याप्त कुसंस्कार-अंधविश्वास, गरीबी, जादू-टोना, जात-पात में भेदभाव आदि का खात्मा शिक्षा से ही करना चाहते हैं। रेणु गाँवों को राजनीतिक चेतना से संपन्न बनाने के पक्षधर थे और उन्होंने अपने साहित्य में इसका चित्रण भी किया है। दोनों उपन्यासों के भौगोलिक परिवेश और समाज-संस्कृति में सामान्य अंतर के बावजूद विविध क्षेत्र में एकरूपता के दर्शन होते हैं।

बीज शब्द :

ग्राम्यांचल, यथार्थपरक, भौगोलिक परिवेश, संकीर्णता, निदर्शन, परानपुर, कपिली, संस्कृति, तांत्रिक, अंधविश्वास, तुलनात्मक, समानता-असमानता ।

1. प्रस्तावना :

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। आरंभिक अवस्था में मानव प्राकृतिक संकटों से बचने के लिए सामाजिक जीवन की उपयोगिता और आवश्यकता को समझकर

परिवार बनाकर रहने लगा। धीरे-धीरे परिवार बढ़ता गया और समाज का निर्माण हुआ। मनुष्य हो या पशु- हर किसी का अपना समाज होता है। जब से मनुष्य अपना घुमक्कड़ जीवन त्याग करके परिवार के साथ रहने लगा तभी से ग्राम अस्तित्व में आए हैं। धीरे-धीरे आदिम मानव को कृषि की जानकारी प्राप्त हुई तथा एक साथ रहने के कारण उन्हें बहुत समस्याओं का समाधान मिलने लगा। तब से वे एकजुट होकर घर बनाकर स्थायी रूप से एक जगह रहने लगे, जिससे स्थायी जीवन की नींव पड़ी और ग्राम्य जीवन का आरंभ हुआ। संसार की अधिकांश जनसंख्या आरंभ से लेकर अभी तक गाँवों में ही बसी है। गाँव स्थायी जीवन का परिचायक है। दूसरी और स्थायी गाँव की उत्पति के साथ कृषि का भी प्रत्यक्ष संपर्क है। (मुखर्जी 2015:542) अत: स्थायी जीवन से ही गाँव का निर्माण हुआ है। जब मनुष्य ने कृषि करना प्रारंभ किया तथा एक स्थान पर स्थायी रूप में रहने लगा तब ग्राम का विकास हुआ। ग्राम का इतिहास बहुत प्राचीन है। किसी भी समाज को जानना है तो उस समाज के गाँव का अध्ययन अनिवार्य है। गाँव मानव के सामूहिक जीवन का प्रथम स्तर है। मनुष्य सबसे पहले सामूहिक रूप से गाँव में ही रहना प्रारंभ किया था। बृहत हिंदीकोश में 'ग्राम' के पर्यायवाची शब्दों के रूप में बस्ती, गाँव, जाति-समूह (श्रीवास्तव 2016:404) और हिंदी शब्दसागर में छोटी बस्ती, मनुष्यों के रहने का स्थान, आबादी, जनपद, ढेर (दास 1920:137) दिया गया है।



रवीन्द्रनाथ मुखर्जी कहते हैं कि गाँव एक ऐसासमुदाय भी है, जहाँ के प्राथमिक या घनिष्ठ समूह एक-दूसरे से आतंरिक रूप से अंत:क्रिया करते रहते हैं और अपने सदस्यों के व्यवहार को नियंत्रित तथा निर्देशित करते रहते हैं। इसी कारण गाँव के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में विभिन्नता के स्थान पर बहुत कुछ समानता देखने को मिलती है। (मुखर्जी 2015:10) ग्राम की जो प्रारंभिक स्थिति है, वह मूलत: आदि मानव के स्थायित्व होना ही गाँव की उदय की प्रक्रिया को उद्घाटित करता है। आदि काल से ही गाँव भारतीय समाज जीवन का आधारभूत एवं महत्वपूर्ण अंग रहा है। कंदमूल, फल, जंगली जानवर के मांस को आहार के रूप में ग्रहण कर जीवन-यापन कर रहे आदि मानव धीरे-धीरे कृषि की ओर आकृष्ट हुए। उन्हें एक स्थान पर रहने की

आवश्यकता महसूस हुई। मनुष्य की प्रवृत्ति समूह में रहने की बन गई तथा वे एक सामाजिक हिस्सेदार बनते गए। धीरे-धीरे वह सभ्य, सुसंस्कृति एवं आदर्श आचरण करने वाले बन गए। कई परिवार मिलकर गाँव, एक समाज तथा बाद में जाकर राज्य और राष्ट्र का निर्माण हुआ। गाँव भारतवर्ष की संरचना का प्रधान अंग है। भारत की तीन-चौथाई आबादी गाँवों में निवास करती है। ग्रामीण जन की अपनी संस्कृति, परंपरा, आर्थिक जीवन, रहन-सहन, खान-पान, आस्था-विश्वास, राजनैतिक जीवन, सामाजिक ढाँचा रहता है। विश्व के हर प्रांत में गाँव किसी-न-किसी रूप में मौजूद है, परंतु हर प्रांत के गाँव अपनी अलग-अलग विशेषताएँ लिए हुए हैं। भारत में गाँव का स्वरूप अत्यंत व्यापक है। कहा जाए तो भारतवर्ष गाँवों का देश है। न जाने कितने गाँव एक-दूसरे से कोसों मील दूर बसे हैं। प्रत्येक गाँव, क्षेत्र, प्रांत के लोगों की जीवन शैली और रहन-सहन के ढंग अलग-अलग हैं तथा हर गाँव की कोई-न-कोई अलग विशेषता होती है। भारतीय ग्रामीण समाज में मानवीयता, आत्मीयता, सहानुभूति की संवेदना विराजमान है। रंग-रूप, वेश-भूषा, परंपरा के कारण विश्वभर में भारतीय गाँवों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। भारतीय साहित्य के विविध कालों में ग्रामीण जीवन की अभिव्यक्ति मिलती है। वैदिक काल के ग्रंथों में, रामायण काल, महाभारत काल, मौर्य कालीन एवं बौद्ध कालीन साहित्य में ग्रामीण जीवन की अभिव्यक्ति हुई है। इस समय के साहित्य की प्रत्येक विधा में ग्राम्य समाज की उपस्थिति का आभास मिलता है।

भारतीय साहित्यकारों ने ग्रामीण जीवन के सच्चे स्वरूप को अपने साहित्य के माध्यम से उकेरा है। ग्राम के विकसित सभ्यता के आस-पास साहित्य की रचना हुई है। ग्रामीण जीवन से जुड़े हर पहलु को साहित्यकारों ने बड़े ही ईमानदारी के साथ चित्रित किया है। ग्रामीण समाज के सादगी भरे जीवन को जिस तरह साहित्यकारों ने मनोरम ढंग से व्यक्त किया है, उसी प्रकार ग्रामीण समाज में व्याप्त कुरूपता तथा कुसंस्कारों को भी यथार्थ रूप से चित्रण करने का प्रयास भी किया है। हिंदी साहित्य में आरंभिक उपन्यास मूलत: जासूसी, ऐयारी, तिलस्मी प्रधान थे। आरंभिक समय में उपन्यास साहित्य मनोरंजन के लिए लिखा गया था। प्रेमचंद के आगमन ने हिंदी साहित्य तथा उपन्यास को यथार्थ के धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया। साहित्यकार अपने लेखन में उस सच्चे स्वरूप को चित्रित करने लगे, जिसका संबंध उनकी जन्मभूमि, उनके गाँव-प्रांत से है। गाँव को उन्होंने जिस रूप में देखा था, वही जीवंत रूप आज किस प्रकार परिवर्तित हो रहा है, ग्रामीण जनों की जीवन शैली, आस्था-विश्वास, जाति व्यवस्था, परिवार, भौगोलिक परिवेश, धर्म, अंधविश्वास आदि को लेखन के माध्यम से पाठकों के सामने प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

2. अध्ययन का उद्देश्य :

'परती परिकथा' और 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में चित्रित ग्राम्य जीवन का तुलनात्मक अनुशीलन करने से दोनों अंचल में रहने वाले ग्रामीण लोगों की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक विशिष्टताओं का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे पाठक वर्ग दो भिन्न भाषी ग्रामीण समाज के परिवेश को समझ सकेगा, साथ ही राष्ट्रीय चेतना एवं सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देना ही शोध पत्र का उद्देश्य है।

3. अध्ययन में व्यवहृत पद्धति :

अध्ययन की पद्धति विश्लेषणात्मक एवं तुलनात्मक है। उद्धरण एवं संदर्भ ग्रंथ सूची में एमएलए शैली का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के लिए आधार ग्रंथ के रूप में 'परती परीकथा' और 'कपिली परिया साधु' उपन्यास को लिया गया है एवं इसके साथ अन्य पुस्तकों की सहायता ली गई है।

4. अध्ययन का महत्व :

इस शोधालेख के माध्यम से उभय भाषा के उपन्यासों में अभिव्यक्त ग्रामीण जीवन के तत्कालीन यथार्थ से हम परिचित हो पाएँगे। साथ ही इस अध्ययन से दोनों प्रदेशों के ग्राम्य जीवन की विशेषताओं को जाना जा सकता है। ग्राम्य जीवन तथा भौगोलिक परिवेश में कहाँ अलगाव तथा साम्यता है, उसे जानने



में यह शोध पत्र सहायक होगा।

5. विश्लेषण एवं निर्वचन :

हिंदी साहित्य में ग्राम जीवन पर लिखने वाले साहित्यकारों में प्रेमचंद के बाद फणीश्वरनाथ रेणु का नाम समर्थ रचनाकार के रूप में लिया जाता है। रेणु ने ग्रामीण जीवन को एक विशेष प्रकार की अभिव्यक्ति दी है। रेणु ने ग्रामीण जीवन के हर पक्ष को बड़ी ईमानदारी के साथ अपने लेखन में उकेरा है। ग्रामीण जीवन के यथार्थ का उन्होंने जिस बारीकी से चित्रण किया है, मानो उसमें ग्रामीण आत्मीयता का गंध और सजीव होकर मुखरित हुआ है। उनकी यही विशेषता उन्हें अन्य ग्रामीण कथाकारों से अलग करती है। उनके कथा साहित्य में भारतवर्ष के विभिन्न गाँवों की झलक जीवंत रूप में चित्रित है। उन्होंने ग्रामीण जीवन के विविध पहलू जैसे- ग्रामीण जन की जीवन शैली, आचार-विचार, खान-पान, रीति-रिवाज, आस्था-विश्वास, धर्म, जमींदारी प्रथा, परिवार, ग्रामीण भौगोलिक परिवेश, पर्व-त्योहार, गीत-संगीत, सुख-दु:ख आदि को विश्वसनीय बनाकर पाठक के सामने प्रस्तुत किया है। भारत की आत्मा गाँवों में बसती है, इस बात को अपने मन-मष्तिस्क में रख रेणु उस आत्मा को पहचान कर लेखन के माध्यम से पाठक वर्ग तक ले गए ताकि पाठक भी अपने देश की आत्मा को पहचान सके। साथ ही लेखक ने गाँव के अच्छे और बुरे दोनों रूपों से परिचय कराने की चेष्टा की है। रेणु द्वारा रचित 'परती परिकथा' ग्रामीण जीवन की अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट उदहारण है।

हिंदी की तरह ही असमीया साहित्य में गाँवों का वर्णन आरंभिक काल से ही मिलता है। असमीया गद्य साहित्य में जोनाकी युग से पहले वस्तु धर्मी, नीतिवाद, धर्मीय आदर्श की अभिव्यक्ति हुई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद असमीया उपन्यास की विकास यात्रा ने गतिशील रूप धारण किया। साहित्य में जहाँ रोमांटिक विषय-वस्तु की प्रधानता थी, वह धीरे-धीरे समाज के यथार्थ की ओर अग्रसर होना आरंभ हुआ। कथा साहित्य के विषयों में विविधता आने लगी, जैसे- ऐतिहासिक, सामाजिक, राजनैतिक, मनोविश्लेषणवादी, यथार्थपरक आदि विषयों की प्रधानता साहित्य में बढ़ने लगी। स्वतंत्रता के बाद असमीया ग्राम्य जीवन को साहित्य में यथार्थ रूप में उकेरने का काम प्रसिद्ध लेखक नवकांत बरुवा ने किया है। नवकांत बरुवा असमिया साहित्य के अग्रिम साहित्यकारों में से एक हैं। गाँव के हवा-पानी तथा मिट्टी की सुगंध में पले-बढ़े नवकांत बरुवा ने ग्रामीण जीवन को बहुत करीब से देखा-जाना है। उन्होंने अपने उपन्यासों में ग्रामीण जीवन के सूक्ष्म से सूक्ष्म पहलुओं को यथार्थ रूप में अंकन किया है। असमीया ग्रामीण जीवन विविधता से भरा हुआ है। असमीया समाज की रीति-नीति, जीवन

दर्शन, भौगोलिक वातावरण, प्रेम-प्रणय, विश्वास-अंधविश्वास, खान-पान, सुख-दु:ख को बड़ी ही ईमानदारी के साथ लेखक ने चित्रण किया है। असम में गाँव सामाजिक जीवन का मूल केंद्र हैं। इसी केंद्र के अनेक रूपों को नवकांत बरुवा ने अपने उपन्यास 'कपिली परीया साधु' में चित्रित किया है। इस उपन्यास में नगाँव जिले में अवस्थित कपिली नदी के आस-पास बसने वाले ग्रामीण जन-जीवन की विविध पहलुओं को उजागर किया गया है।

फणीश्वरनाथ रेणु ने भी अपने कथा साहित्य में अपने प्रदेश केग्राम्यांचल के वास्तविक रूप का वर्णन किया है। उनका रचित 'परती परिकथा' ग्राम्य जीवन का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने ग्रामीण जीवन की समस्त दिशाओं को उपन्यास में उकेरकर प्रस्तुत किया है। उपन्यास के माध्यम से उन्होंने ऐसे पात्रों की रचना की है, जो एक ओर ग्राम्य जीवन की सीमाओं और संकीर्णताओं से ग्रस्त हैं, तो दूसरी ओर जो इन विडंबनाओं तथा समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाने के साथ संघर्षरत हैं। उन्होंने न केवल ग्राम्य अंचल, बल्कि उसमें आए परिवर्तन की ओर भी पाठक का ध्यान आकर्षित करने की चेष्टा की है। भारतीय समाज में फैली हुई जात-पात की कठोर व्यवस्था का चित्रण रेणु ने 'परती परिकथा' उपन्यास में इस प्रकार किया है, ''एक समय था ब्राह्मण और बबुआन टोले के बाबुओं का सात खून माफ था लेकिन आज स्थिति बिगड़ रही है। आजकल जमाना उलट गया है, तो क्या? एक जमाने की बात नहीं, हाल-साल की बात है, परानपुर की बबुआन टोली के बाबू लोग सलाम कराने पर आँख की पलकों को जरा-सा झुकाते भी नहीं थे, बात करना तो दूर की बात। अब तो सोलकन्ह लोग भी बाबू की दावी करने लगे हैं। धन की ऊँचाई जाति के बुर्ज से भी ऊँची होती है। पैसा होते ही लोग बाबू कहलाने लगते हैं। बुनियादी बबुआन टोली को अब कौन पूछता हैं?''(रेणु 1995:99)

ग्राम्य जीवन में जातिगत व्यवस्था की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यह धीरे-धीरे समाज व्यवस्था को खोखला करता जा रहा है। जाति को लेकर ग्रामीण समाज में राजनीति की जाती है। इसका निदर्शन उपन्यास में मिलता है। ''नहीं चाहिए लुत्तो को ऐसी जमीन, जिससे जाति की इज्जत माटी में मिल जाये और छोटी जाति केलोग तो अपनी जगह पर ठीक हैं। आजकल हरिजन भी कहलाने लगे। लेकिन खवास? न जलो, न थलो। बामनों की चालाकी खूब समझता है लुत्तो। समझकर मन ही मन कुढ़ता है। सियार पंडित डोम, चमार, काछी-हाड़ी को तो गाँव से बाहर बसाया। शूद्रों में कुछ साफ-सुथरे घराने का पानी चला दिया, नहीं तो पानी खुद भरकर पीना होगा। दही-चूड़ा का भार कौन ले जाता ढोकर बीस कोस, पच्चीस कोस बंहगी में टांगकर ढुलकी लगाते।'' (रेणु 1995:32)

असमीया उपन्यास 'कपिली परीया साधु' में असम में प्रचलित जाति व्यवस्था के कठोर रूप को चित्रित किया गया है। कोई भी प्रांत हो या क्षेत्र, उसमें अपनी ही जातिगत व्यवस्था का रूप रहता है, जिसके द्वारा ग्रामीण जीवन संचालित होता है। ग्रामीण जन जाति को छोड़कर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। असमीया ग्रामीण समाज में जाति का महत्व अत्यधिक है। 'कपिली परीया साधु' में जातिगत प्रथा और उसके कुप्रभावों का वर्णन किया गया है। उपन्यास का पात्र रूपाय आजीवन धीरसिंह को अपना पिता मानता है। धीरसिंह भले ही उसके सगे पिता नहीं हैं, परंतु उन दोनों में पिता-पुत्र का संबंध सगे से भी ज्यादा है। परंतु धीरसिंह की मृत्यु के बाद रूपाय को पिंडदान करने से वंचित रखा गया। कारण यह है कि इन दोनों में खून का संबंध नहीं है। असमीया ग्रामीण समाज में मान्यता है कि जिस व्यक्ति के जात-कुल के बारे में कोई नहीं जनता, वह पिंडदान नहीं कर सकता है। ''पिताजी का पिंडदान मैं क्यों नहीं कर सकता? मैं दीक्षित नहीं हूँ तो क्या मैं अपने पिता का पिंडदान करने के योग्य नहीं हूँ ?'' (बरुवा 2014:52)

यहाँ पर यह सिद्ध होता है कि इनके भी ग्रामीण समाज में भेदभाव की भावनाएँ विद्यमान हैं। इनकी यही भावना ग्राम्य जीवन को दीमक की तरह खोखला करती जा रही है। विवाह संबंध में तो यह और भयंकर रूप धारण करता है। रूपाय की माँ उसे विवाह करने के संबंध में बात करती है तो उसके दिमाग में केवल यह प्रश्न बार-बार अशांति दे रहा था कि उसे धीरसिंह ने

पाल-पोसकर बड़ा किया है। भले ही वह धीरसिंह को अपना पिता मानता हो, पर गांव वाले उसे धीरसिंह के गोत्र का नहीं समझते। रूपाय यही सोचता था कि जाति-कुल जाने बगैर कोई मुझसे विवाह करेगा। माँ को यही उत्तर देता है कि जिसका जात-कुल का ही ठिकाना नहीं है, उसको कौन लड़की देगा माँ? (बरुवा 2014:61)

परिवार भारतीय ग्रामीण जीवन का नींव है। ग्राम्य समाज में पूरा गाँव एक परिवार की तरह रहता है। सुख-दु:ख में वे एक-दूसरे को सहारा देते हैं तथा सहभागी भी होते हैं। फणीश्वरनाथ रेणु ने ग्राम्य समाज के संयुक्त परिवार को देखा-परखा तथा उसे टूटते हुए भी देखा है। उन्होंने 'परती परिकथा' उपन्यास में परिवार किस प्रकार विघटन की ओर जा रहा है, उसे चित्रित करने का प्रयास किया है। उपन्यास के अनेक हिस्सों में संयुक्त परिवार तथा ग्राम्य समाज में बिखराव देखने को मिलता है। उपन्यास का एक पात्र जितेन्द्र ने गाँव में वर्तमान पारिवारिक संबध किस प्रकार बदल रहे हैं, उसका चित्रण इस प्रकार किया है, ''परानपुर ही नहीं, सभी गाँव टूट रहे हैं। गाँव के परिवार टूट रहे हैं, क्यूँकि टूट रहा है- रोज-रोज, काँच के बर्तनों की तरह।'' (रेणु 1995:351) दूसरी ओर 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में नवकांत बरुवा ने ग्रामीण समाज के लोगों के प्रेमपूर्ण मनोभाव को दर्शाया है। ग्रामीण जन एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी होते हैं, वे आस-पड़ोस की समस्या या विपत्ति को अपना मानकर उसे हल करने में एक-दूसरे का साथ देते हैं। गाँव के हर बच्चे को अपना समझकर उसे आगे ले जाने में सहायता तथा उपदेश देते हैं। उपन्यास में जब रूपाय कुछ क्षण के लिए खो जाता है तो पूरे गाँव के लोग उसे खोजने में लग जाते हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि रूपाय केवल धीरसिंह का बेटा नहीं, बल्कि पूरे गाँव का बेटा हो। इससे ग्रामीण जनों के बीच आपसी प्रेम तथा भाईचारे के भाव का प्रदर्शन होता है। आखिर में गाँव के ग्रामप्रधान द्वारा रूपाय कपिली नदी के किनारे बैठा हुआ मिल जाता है। वे रूपाय को अपने घर पर पहुँचा आते हैं। ग्रामप्रधान रूपाय को नदी के किनारे से लाकर कहते हैं, ''कपिली नदी के किनारे भूत पकड़ा हुआ आदमी की तरह वह बैठा हुआ था। जब रूपाय को देखा तो मैं इसे अपने साथ ले आया।''(बरुवा 2014:16)

ग्रामीण समाज में भौगोलिक परिवेश की एक अलग विशेषता रहती है। नदी, झरना, तालाब, पर्वत-पहाड़, खेत, मैदान, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी ग्राम्य जीवन का अभिन्न अंग हैं। विभिन्न अंचलों की भौगोलिक विविधता ही हमारी संस्कृति की पहचान है। रेणु ने 'परती परिकथा' उपन्यास में भौगोलिक परिवेश का चित्रण बहुत ही सुंदर ढंग से किया है। उपन्यास में परानपुर गाँव के भौगोलिक परिवेश का वर्णन इस प्रकार किया है, ''गाँव के पश्चिम में बहती दुलारीदाय की घाटी, तीन ओर विशाल प्रान्त, वृक्ष-तरु शून्य लाखों एकड़ बादामी रंग की धरती दुलारीदाय इसकी पश्चिमी रेखा है.....जहाँ से हरियाली शुरू होकर पश्चिम की ओर गहरी होती गई है ...गाँव के दक्खिन हजारों सेमल के पेड़ का बाग हैं...।'' (रेणु 1995:17)

इसी प्रकार 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में नगाँव जिले में बहने वाली कपिली नदी के आस-पास के ग्राम्य प्रांत के भौगोलिक वातावरण को नवकांत बरुवा ने बड़े ही मनोरम ढंग से चित्रित किया है। उपन्यास में नदी को एक जीवंत चरित्र के रूप में लेखक ने पाठक के सामने उभारा है। बाढ़ के समय कपिली भयंकर रूप धारण कर लेती है। इस नदी के आस-पास रहने वाले जन समुदाय यह जानते हैं कपिली दुख और सुख दोनों का कारण है। बाढ़ के वक्त कपिली नदी उन्हें पीड़ा देती है, परंतु यह कपिली ही उनके खेतों की जमीन को उर्वर भी बनाती है। कपिली का निर्मल जल उनके प्यास को तृप्त करता है। कपिली से उनका व्यवसाय चलता है। कपिली का इतिहास आज का नहीं, बहुत प्राचीन राजाओं के दिनों से है। आहोम-जयंतिया विवाद से संबंधित कई युद्ध स्थल कपिली की भूमि रहे हैं। (बरुवा 2014:06)

मानव जीवन के विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा मनुष्य के जीवन की विविध पहलुओं को समझने में सहायक बनाती है। मनुष्य के भीतर उचित-अनुचित का ज्ञान शिक्षा ही प्रदान करती

है। शिक्षा हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय है। हिंदी के साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु और असमीया के साहित्यकार नवकांत बरुवा ने शिक्षा के महत्व को अपने-अपने उपन्यासों में चित्रित किया है। वे जानते हैं कि ग्रामीण जीवन में व्याप्त कुसंस्कार-अंधविश्वास, गरीबी, जादू-टोना, जात-पात में भेदभाव आदि का खात्मा शिक्षा से ही हो सकता है। रेणु ने इस उपन्यास में परानपुर गाँव में शिक्षा की स्थिति का निदर्शन इस प्रकार किया है, ''गाँव की आबादी करीब सात-आठ हजार हैं। पहले पढ़े-लिखे लोगों की बात लीजिए! आठ ग्रेजुएट, दो एम.ए, एक शास्त्री, पचास मैट्रिक्युलेट, एक सौ मिडिल पास। डेढ़ दर्जन कवि, दो साहित्यलंकार और एक नाटककार। लड़कियाँ भी पढ़ी-लिखी हैं। जिले की एकमात्र साहित्यिक पत्रिका में एक कुमारी कवयित्री की रचनाएँ हमेशा सचित्र छपती हैं।... और रग्घू रामायनी को क्या कहियेगा? एक अक्षर का भी जिसे बोध नहीं, किंतु बालकांड से उत्तरकांड तक क्षेपक सहित जिसके कंठ में है।'' (रेणु 1995:19-20) दूसरी ओर ग्रामीण जन के मन में शिक्षा के प्रति कोई आदर भाव नहीं है। वे शिक्षित व्यक्ति को भी कोई महत्व नहीं देते। इस बात का चित्रण रेणु ने उपन्यास में किया है, ''लुत्तो बी.ए, एम.ए वालों को गाय-बैल समझता है-गोशाल का।'' (रेणु 1995:26)

इसी प्रकार नवकांत बरुवा का 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में शिक्षा को समाज में चेतना तथा विकास का माध्यम के रूप में दिखाया गया है। शिक्षा के प्रति ग्रामीण जन सजग हैं। वे अथाह कष्ट उठाकर भी अपने बच्चों को शिक्षा देना चाहते हैं। विद्यालय से आकर अगर घर में कुछ काम न हो तो रूपाय गणित के प्रश्नों को समाधान करने में लग जाता था। भांगुरी भकत जब पुस्तकों का पाठ करते हैं तो वहाँ रूपाय जाकर सुना करता है। भांगुरी भकत ने उसे बंगला का 'एकलव्य की गुरु दक्षिणा' पुस्तक को भी पढ़ कर सुनाया है। (बरुवा 2014:17) रूपाय पढ़ाई के प्रति आग्रही था। केवल रूपाय ही नहीं, गाँव के लोग भी शिक्षा के प्रति जागरू क थे। भांगुरी भकत धीरसिंह को रूपाय को शिक्षा देने के संबंध में कहते हैं, ''लोग बच्चों को पढ़ाने के लिए कंगन-झुमके तक बेच देते हैं। भगवान की कृपा से तुम्हारे पास सुपारी और नींबू बेच कर कुछ पैसे आ जाते हैं। तुम इससे अपने बेटे को पढ़ा सकते हो।'' (बरुवा 2014:22)

ग्रामीण समाज के अधिकतर लोगों में अंधविश्वास जैसी मान्यताएँ व्याप्त हैं। अंधविश्वास को ग्राम्य समाज एक आस्था के रूप में मानता है। अज्ञानता ही इसका मूल कारण है। विज्ञान और तकनीक के इस युग में बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के नाम पर अमानवीय कार्य किया जाता है। धर्म का सही रूप न समझकर ग्रामीण जन अंधविश्वास को बनाए रखते हैं। रेणु ने 'परती परिकथा' में ग्रामीण जन किस प्रकार अंधविश्वास को धर्म मानकर उसके ऊपर आस्था रखते हैं, उसका चित्रण किया है। परानपुर गाँव के लोग ब्रह्मपिशच के बारे में यह सोचते हैं, ''ताड़ वृक्ष पर ब्रह्मपिशाच रहता है, विशाल परती पर डेढ़-डेढ़ सौ एकड़ की पाँच परिधियों पर ब्रम्हापिशाच का राज्य था। प्रत्येक वर्ष शरद की चाँदनी में वह इन पाँचों चक्रों में अपना रुपया पसारकर सूखने देता था। असली चाँदी के रूपये, सोने की मुहरें! .....ब्रम्हापिशाच के तथा उसके रुपयों को बहुतों ने देखा, पर किसी की हिम्मत नहीं हुई कि कभी उसे टोके भी। किस की माँ ने ऐसा अगिया बैताल पैदा किया है जो ब्रम्हापिशाच को देखकर भी होश दुरुस्त कर सके?'' (रेणु 1995:22-23) जादू-टोना को ग्रामीण जन दवा समझते हैं। चिकित्सा से ज्यादा उन्हें तांत्रिकों के झाड़-फूँक पर विश्वास है। ''जब लुत्तो बार-बार एक ही सपना देख कर जग जाता था और सो नहीं पाता था तो उसकी माँ ने झाड़-फूँक करवाना शुरू कर दिया। लुत्तो की माँ ने लगातार एक महीना झाड़-फूँक करवाया। तब जाकर कहीं उसे सपने आना बंद हुआ।'' (रेणु 1995:230) 'कपिली परीया साधु' उपन्यास में भी अंधविश्वास के प्रकोप में ग्रामीण जन जकड़े हुए हैं। अज्ञानता, अशिक्षा और निर्धनता से ही ग्राम्य समाज में अंधविश्वास फैला हुआ है। ''किसी को कहे बिना रूपाय रात्रि समय कपिली नदी के किनारे आकर बैठा था। उसकी खोज में उसका भैया नदी के किनारे पहुँच गया।

दूसरे ही दिन से उसे तेज बुखार हो गया। ग्रामीणों को यह लगा कि उसे भूत ने पकड़ लिया। झाड़-फूँक किया, मिर्ची जलाकर धुआँ भी सुंघाया। लोग मानने लगे कि भूत चला गया, क्योंकि भूत जाने का चिन्ह रूप में घर के पास के पेड़ का डाल टुटा हुआ था।'' (बरुवा 2014:16-17) ''केवल इतना ही नहीं, जब रूपाय नदी किनारे ग्रामप्रधान को मिला था तो उसने पहले उसे भूत ही मान लिया था। रूपाय को उन्होंने राम बोलने के लिए कहा था, क्योंकि उनको विश्वास था कि भूत-प्रेत भगवान का नाम नहीं लेते हैं। अब ग्रामप्रधान को यह निश्चित हो गया कि ये रूपाय ही है। भूत राम का नाम नहीं लेता है।'' (बरुवा 2014:15-16)

6. निष्कर्ष :

अत: दोनों उपन्यासों के अध्ययन के पश्चात तुलनात्मक रूप में निम्नलिखित निष्कर्ष सामने आते हैं। 'परती परिकथा' और 'कपिली परीया साधु' उपन्यासों में दर्शाया गया ग्रामीण जीवन अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। दोनों उपन्यास भले ही अलग-अलग भाषा में रचित हों, परंतु उनमें निहित ग्रामीण जीवन से संबंधित भावनाओं में विविध समानताएँ विद्यमान हैं। ग्रामीण समाज में भौगोलिक परिवेश की विशेषता सदियों से रही है। 'परती परिकथा' में चित्रित ग्राम्य वातावरण ने परानपुर गाँव के सौंदर्य को और अधिक जीवंत बना दिया है। वैसे ही 'कपिली परीया साधु' में वर्णित कपिली नदी ने आस-पास के गाँव के वातावरण को सजीव कर दिया है। कपिली न केवल एक नदी है, बल्कि वहाँ केग्रामीणों के लिए एक माँ के समान है। इनके सुख-दुख का संबंध कपिली नदी से जुड़ा हुआ है। दोनों उपन्यासों में ग्रामीण समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था के कठोर रूप को दिखाया गया है। हमारे भारत के अधिकांश प्रांतों में जातिगत भेदभाव सदियों से चला आ रहा है और यह इन दोनों उपन्यासों में किसी-न-किसी रूप में विद्यमान है। केवल इतना ही नहीं, अज्ञानता तथा शिक्षा के अभाव के कारण ग्राम्य समाज अंधविश्वास के कुचक्र में फँसा हुआ है। गाँव के लोग प्राय: अंधविश्वास को आस्था के रूप में स्वीकार करते हैं। इसका भी यथार्थ उदाहरण दोनों उपन्यासों में प्रतिबिंबित होता है। जहाँ एक ओर 'परती परिकथा' में शिक्षा की उदासीन मानसिकता का चित्रण है, वहीं 'कपिली परीया साधु' में शिक्षा को लेकर ग्राम्य जन में जागरूकता दिखाई देती है। 'परती परिकथा' में जहाँ टूटते हुए परिवार और ग्राम्य एकता में बिखराव देखने को मिलता है तो वहीं 'कपिली परीया साधु' में अटूट ग्राम्य एकता और आपसी संबंधों की मजबूती बरकरार है। दोनों उपन्यासों में समानता के साथ-साथ कुछ असमानताएँ भी मौजूद हैं। परंतु यह सत्य है कि दोनों भाषाओं के उपन्यासकारों ने बड़ी जीवंतता और सजगता के साथ ग्राम्य जीवन केसूक्ष्म-से-सूक्ष्म विषयों को उपन्यास में यथार्थ रूप में चित्रित किया है। तत्कालीन ग्रामीण समाज में चल रही विविध समस्याओं को दोनों रचनाकारों ने विविध प्रसंगों के माध्यम से हमारे सामने प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. दास, श्यामसुन्दर, हिंदी शब्दसागर, प्रयाग: काशी-नागरी प्रचारिणी सभा, 1920
2. बरुवा, नवकांत, कपिली परीया साधु, गुवाहाटी: लयार्स बुक स्टॉल, 2014
3. मुखर्जी, रवीन्द्रनाथ, भारतीय सामाजिक संस्थाएं. नई दिल्ली: एसबीपीडी पब्लिकेशन, 2015
4. रेणु, फणीश्वरनाथ, परती परिकथा, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, 1995
5. श्रीवास्तव, मुकुन्दी लाल, बृहत् हिंदी कोश, वाराणसी: ज्ञान मंडल, 2016

सहायक प्रोफेसर , हिंदी विभाग,
सिक्किम विश्वविद्यालय, काजी रोड, नियर ओवरसीज़ बैंक,
गंगटोक, सिक्किम-737101
मो.-7864878427

आलेख

रामचरितमानस में चरित्र निर्मिति

✍ डॉ. अमित कुमार शर्मा

हिंदी साहित्य के इतिहास में गोस्वामी तुलसीदास निर्विवाद युग दृष्टा के प्रतीक हैं। तुलसीदास ने साहित्य परंपरा को एक नई ऊँचाई प्रदान की। अवधी भाषा में रचित महाकाव्य रामचरितमानस की लोकप्रियता इतनी है कि संपूर्ण विश्व में इस ग्रंथ का अमंगल की शांति हेतु अखंड पाठ आयोजित होते रहते हैं। महाकवि तुलसीदास का यह महाकाव्य व्यक्तिगत साधना के साथ-साथ लोक धर्म की जन्मस्थली भी है। रामचरितमानस के राम एवं अन्य पात्र अपने-अपने कर्म क्षेत्र में उस समय आदर्श स्थापित करते हैं, जब भारत में इस्लाम की स्थापना के साथ, राज सिंहासन के लिए भाई-भाई का कत्ल कर रहा था। बेटा, बाप को कैदखाने में डालकर राजगद्दी हड़प रहा था। ऐसी स्थिति में तुलसीदास रामराज्य की स्थापना के लिए इस बिखरे हुए भारतीय जनमानस को एक करने हेतु सबसे बड़े मार्गदर्शक प्रभु श्रीराम का चरित्र सामने लाते हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रभु श्रीराम का चरित्र आदर्श बनता है। जातियों में विभाजित भारतीय जनमानस के लिए प्रभु श्रीराम एक समन्वयक की भूमिका में भारतीय समाज के सामने आदर्श व्यक्तित्व के रूप में खड़े दिखाई देते हैं, जहाँ वे एक आदर्श पुत्र के रूप में, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श स्वामी, आदर्श शिष्य, आदर्श राजा के रूप में समाज के सम्मुख आदर्श प्रस्तुत करते हैं। आज भारतीय जनमानस में राम का चरित्र मापदंड का आधार बन गया है।

वर्तमान समय में हमारा चरित्र नई उपलब्धियों और हलचलों से भरा मानवी-जीवन भूमंडलीकरण की दौड़ में हाँफ रहा है। फिर भी यह विडंबना ही कही जाएगी कि आज हमारे सामने सबसे बड़ा संकट मानवीय-चरित्र का है। चरित्र किसी भी समाज एवं व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि मनुष्य का चरित्र ही उसका सबसे बड़ा धन होता है। उसका स्वास्थ्य किसी प्रकार से चला जाए, तो उसे वह पुनः प्राप्त कर सकता है। धन चला जाए तो पुनः धन अर्जित किया जा सकता है, किंतु चरित्र एक बार नष्ट हो जाए तो पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता। जैसे रगड़ने, काटने, तपाने और पीटने, से सोने की परीक्षा होती है, ठीक उसी प्रकार से त्याग शील, गुण और कर्म इन चार गुणों को देखकर ही मनुष्य के अच्छे और बुरे कर्म की पहचान होती है।

तुलसी कृत रामचरितमानस चरित्र-रक्षा का सबसे बड़ा उदाहरण है, क्योंकि राम केवल रामायण के पात्र नहीं हैं, बल्कि वास्तविक जीवन के राम व्यक्ति चरित्र हैं। राम पूरे भारतीय संस्कृति के लिए व्यक्ति चरित्र का उत्तम उदाहरण हैं। राम द्वारा अपने बाहुबल से जीती गई राज्य लंका को बिना किसी हिचक विभीषण को सौंप देना यह दिखाता है कि यह त्याग अचानक आए हुए उत्साह का परिणाम नहीं है, बल्कि राम के बाल्यकाल से ही क्रमबद्ध सतत चला आ रहा चरित्र विकास का स्वभाव है। उसे हम चौगान के खेल में छोटे भाइयों से जीत कर भी हार मानते हुए बालक, पुत्र एवं शिष्य राम

के रूप में देख सकते हैं–

प्रातकाल उठि कै रघुनाथा।
मातु पिता गुरु नावहिं माथा।।
आयसु मागि करहिं पुर काजा।
देख चरित हरषइ मन राजा।।[1]

अर्थात प्रात: काल माता–पिता और गुरु का चरण स्पर्श कर, आज्ञा लेकर अपने राज्य का काम करते हैं। राम के इस चरित्र को देखकर राजा अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

राम तुलसी साहित्य के प्रमुख पात्र हैं। वे शक्ति, शील और सौंदर्य के प्रतिमान हैं। जनकपुर में धनुष यज्ञ के उपरांत परशुराम और राम के बीच संवाद होता है। जनकपुर में पराक्रम दिखाने वाले राम परशुराम से विनम्रता से बात करते हैं, जबकि परशुराम बहुत क्रोधित होते हैं। यहाँ तक कि राम को अपशब्द भी कहते हैं। इस स्थिति में लक्ष्मण भले क्रोध में आते हैं, लेकिन राम रंच मात्र भी विचलित नहीं होते, बल्कि वे लक्ष्मण को ही रोकते हैं। वे परशुराम की गरिमा को कहीं भी खंडित नहीं होने देते। तब परशुराम कहते हैं कि तुम सचमुच विष्णु के अवतार हो–

राम रमापति करधन लेहू।
खैंचहु मिटै मोर संदेहूं।।

जब परशुराम कहते हैं, तो राम वह धनुष लेते हैं और धनुष अपने आप चढ़ जाता है। यथा –

देत चापु आपुहिं चलि गयऊ।
परसुराम मन बिस्मय भयऊ।।[2]

राम के पराक्रम को देखकर परशुराम का अहंकार नष्ट हो जाता है। फिर भी राम के भीतर अहंकार का भाव नहीं आता। इतना ही नहीं, जन वासियों के सामने जिस तरह से अपने को प्रस्तुत करते हैं, वहाँ भी कोई अहंकार नहीं है। सीता विवाह के उपरांत अयोध्या जाते हैं तो वहाँ भी अन्य पुत्रों की उपेक्षा कर जेष्ठ पुत्र को ही राज अधिकारी मानने वाली अन्यायपूर्ण प्रथा पर विचार करते हुए युवा राम और फिर पिता के वचनों और माता के प्रति श्रद्धा रखते हुए प्रसन्नता से राज्य छोड़कर वनवासी राम में कहीं भी न तो अहंकार का भाव आता है और न ही ईर्ष्या का भाव। यहाँ तक की माता कैकेई के प्रति भी



मन में वही सम्मान है। जब वापस जाने का समय आता है। तब राम स्वयं माता कैकेई के पास आते हैं और कहते हैं–

भरत मातु पद बंदि प्रभु सुचि सनेहँ मिलि भेंटि।
बिदा कीन्ह सजि पालकी सकुच सोच सब मेटि।।[3]

अर्थात माता कैकेई के मन के सारे संकोच और सोच को निकालकर पालकी सजाकर आदरपूर्वक विदा करते हैं। यही नहीं, कैकेई की जिस दासी (मंथरा) के कारण राजा दशरथ के परिवार में यह विवाद खड़ा होता है, उसके प्रति भी राम के मन में कोई दुर्भावना नहीं है। संपूर्णता में देखा जाए तो राम अयोध्या से वन के लिए जाते हैं तो उस समय वे राजकुमार राम होते हैं। उसके पश्चात निषादराज नदी पार कराते हैं तो वे तपस्वी राम बनते हैं और जब 14 वर्ष वनवास के उपरांत वापस अयोध्या आते हैं तब वे मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाते हैं।

'मानस' तुलसी का चरित प्रधान महाकाव्य है। इस

महान ग्रंथ में राम के चरित्र की प्रधानता के साथ-साथ अनेक ऐसे पात्रों का भी चित्रण हुआ है, जो अपने चरित्र के कारण सद्गति की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं। अत्याचार की सारी सीमाएँ लांघ जाता है और महापापी होकर मृत्यु को प्राप्त करता है। वह अपने कर्म को जानता है इसलिए अपनी सद्गति प्राप्त करने के लिए अत्याचार करता है ताकि राम उसके अत्याचारों के लिए उसे शीघ्र ही मुक्ति प्रदान करें। रामचरितमानस के किसी भी पात्र के चरित्र में किसी भी प्रकार का संशय दिखाई नहीं पड़ता। सभी के सभी पात्र निर्भीक हैं। वह कभी भी असमंजस की स्थिति में दिखाई नहीं पड़ते। लक्ष्मण, भरत, हनुमान, अंगद, सुग्रीव, कैकेई, कौशल्या, मंथरा शूर्पणखा, रावण, मेघनाथ, मंदोदरी सभी स्त्री-पुरुष पात्र व्यक्तिगत विशेषताएँ रखते हुए भी मानव जीवन की एक विशेष स्थिति में आदर्श प्रस्तुत करते हैं।

लोक धर्म और समाज की दृष्टि से मानस के पात्रों में भरत महत्वपूर्ण पात्र हैं। भरत के कारण राम को वनवास मिलता है। यह बात भरत को जब पता चलती है तो वे तुरंत ही अपनी माता से संबंध तोड़ लेते हैं और व्यथित अयोध्या वासियों के साथ राम को मनाने चित्रकूट जाते हैं और राम के सामने अपना हृदय खोल कर रख देते हैं-

सानुज पठइअ मोहि बन कीजिए सबहि साथ।
नतरु फेरिअहिं बंधु दोउ नाथ चलौं मैं साथ।।[4]

इस तरह भरत संपूर्ण समाज के सामने अपने बड़े भ्राता राम के समक्ष जिस श्रद्धा से नतमस्तक होते हैं, वह वर्तमान भारतीय जनमानस के लिए अप्रतिम है। रामचरितमानस में तुलसीदास ने भरत के चरित्र को निश्चित रूप से अपने महाकाव्य के अनुरूप ही गढ़ा है। भरत का त्याग इतना बड़ा है कि उनके सामने प्रभु श्रीराम असमंजस में पड़ जाते हैं। मानस में तुलसीदास ने लक्ष्मण को पर्याप्त जगह दी है। सीता और राम के साथ लक्ष्मण भी प्रमुख पात्र के रूप में हमारे सामने आते हैं। लक्ष्मण अपने सूझबूझ, त्याग एवं सेवा धर्म के कारण राम के प्रिय बनते हैं और एक अनुज के रूप में भारतीय समाज के लिए आदर्श पात्र दिखाई पड़ते हैं। इन विशेष पात्रों के साथ ही मानस में महाकवि तुलसीदास गौड़ पात्रों के चरित्र को भी अपनी सूझ-बूझ के साथ भारतीय जनमानस के सामने जीवन के विभिन्न पक्षों को खोलने के लिए प्रस्तुत करते हैं। मंथरा, शूर्पणखा आदि स्त्री पात्र बहुत कम समय के लिए हमारे सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद हमारे मानस पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ जाती हैं। दरअसल, यह दोनों स्त्री पात्र आज भारतीय जनमानस में प्रतीक बन गई हैं। यही स्थिति कैकेई की भी है। जहाँ तक बात कौशल्या की है, वे केवल राम की माता के रूप में ही नहीं, बल्कि राजरानी के रूप में भी मानस के माध्यम से हमारे सामने दिखाई पड़ती हैं। राजा दशरथ को महाकवि ने एक प्रतापी राजा के रूप में आदर के साथ मानस में चित्रित किया है, जो नियति के चक्र में फँस कर रह जाते हैं।

मानस में तुलसीदास ने पुरुष गौण पात्रों में केवट, निषाद, कोल, किरात आदि का चरित्र-चित्रण जिस कुशलता एवं मार्मिकता के साथ किया है, वह दर्शनीय है-

तुम्ह प्रिय पाहुने वन पगु धारे।
सेवा जोग न भाग हमारे।।
देब काह हम तुम्हहि गोसाईं।
ईंधनु पात किरात मिताई।।[5]

अर्थात भरत अपने राज समाज के साथ वन आते हैं। वन में रहने वाले कोल, किरात जिस उत्साह और प्रेम के साथ उनका स्वागत करते हैं, वह अभूतपूर्व है।

मानस में कपि, भालू, पात्रों में हनुमान अंगद, सुग्रीव, नल, नील, जामवंत आदि पात्र भी अपनी विशिष्ट उपस्थिति के साथ दिखाई पड़ते हैं। हनुमान और अंगद अपने-अपने चरित्र के साथ न्याय करते हुए अलग पहचान बनाते हैं। जहाँ तक बात मानस में राक्षस पात्रों के चरित्र-चित्रण निर्माण की है, वहाँ भी तुलसी बाबा ने अपनी सहृदयता एवं कवि कुशलता का परिचय दिया हैं। खल पात्रों में रावण प्रमुख पात्र के रूप में मानस में दिखाई पड़ता है। रावण अपने जीवन में केवल एक बार पराजय का अनुभव करता है और दूसरी बार उसे अपने ही राज्य में अंगद द्वारा अपमानित होना पड़ता है। इसके बावजूद वह कभी भयभीत नहीं होता। अपने तमाम पुत्रों और भाइयों के वध का समाचार सुनने के बाद भी वह दुख और शोक में नहीं पड़ता,

बल्कि अत्यधिक क्रोधित होता है। यहाँ तक कि स्वयं मृत्यु के समय भी वह वीर गर्जना के साथ युद्ध करने के लिए राम के सामने उपस्थित होता है-

कहं राम कहि सिर निकर धाए
देखि मर्कट भजि चले।।[6]

रावण एक वीर योद्धा के साथ-साथ कुशल सेनापति भी है। वह जब युद्ध के लिए निकलता है तो अपनी सेना को चेतावनी देते हुए कहता है कि जिसे युद्ध में भाग नहीं लेना है वह अभी लौट जाए। वह किसी प्रकार की सहायता की अपेक्षा किए बिना युद्ध को अपने आत्मबल से लड़ता है। उसकी इस युद्ध नीति और वीरतापूर्वक युद्ध करने की कला को देखकर स्वयं राम भी अपने विजय के प्रति विचलित हो जाते हैं। रावण की मृत्यु जिस ढंग से होती है, उसे देखकर तो यही कहा जा सकता है कि उसका वध करना किसी सामान्य प्राणी के वश का नहीं था। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि महाकवि ने नायक के साथ अपने मानस में प्रति नायक के चरित्र के साथ भी पूर्ण न्याय किया है। राक्षस पात्रों में रावण के बाद मेघनाथ का प्रमुख स्थान है। उसने देवराज इंद्र को पराजित कर यह नाम अर्जित किया है। वह पूरी तरह पिता के आदेशों का पालन करने वाला एक आदर्श पुत्र है। रण कौशल और सूर वीरता में अपने पिता रावण के समान ही वह अद्वितीय है। कुंभकरण रावण की नीतियों का विरोध करता है, किंतु भाई के इच्छा को ध्यान में रखते हुए युद्ध भूमि में आता है। रावण और मेघनाथ की भाँति वह युद्ध में कुशल तो नहीं है, किंतु अपनी शारीरिक शक्ति के दम पर युद्ध में भाग लेता है, जहाँ वह रावण और मेघनाथ की अपेक्षा आसानी से मारा जाता है।

निष्कर्षत: आज हम देख सकते हैं कि तुलसीदास रामचरितमानस के द्वारा चरित्र प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारतीय समाज के सामने शिष्टाचार, शालीनता, नैतिकता उच्च मानवीय मूल्य और मर्यादा प्रस्तुत करते हैं। लोक मर्यादा के मूल्य रामचरितमानस के पात्रों में कूट-कूट कर भरे हुए हैं। यही तुलसी की श्रेष्ठता का कारण भी है।

मानस में महाकवि तुलसीदास ने अपने पात्रों के माध्यम से मानव जीवन के व्यापक चरित्र को उद्घाटित किया है। सभी पात्र अपने-अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं, जो मानव समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। आज के संदर्भ में अगर कहा जाए तो रामचरितमानस चरित्र निर्माण की वह मल्टी नेशनल कंपनी है, जहाँ मानस के आदर्शों को जीवन में उतारकर सभ्य सुशिक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है। ❑

संदर्भ संकेत :

1. श्रीरामचरितमानस : तुलसीदास, गीता प्रेस, गोरखपुर, संवत् 2076, बालकांड, पृष्ठ 167.
2. श्रीरामचरितमानस : वही, बालकांड, पृष्ठ 240.
3. श्रीरामचरितमानस : वही, अयोध्याकांड, पृष्ठ 559.
4. श्रीरामचरितमानस : वही, अयोध्याकांड, पृष्ठ 518.
5. श्रीरामचरितमानस : वही, अयोध्याकांड, पृष्ठ 504.
6. श्रीरामचरितमानस : वही, लंकाकांड, पृष्ठ 794.

सहायक ग्रंथ :

1. गोस्वामी तुलसीदास : शुक्ल, रामचंद्र, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली.
2. हिंदी साहित्य का इतिहास : शुक्ल, रामचंद्र, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी.
3. परंपरा का मूल्यांकन : शर्मा, रामविलास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.

हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड)
ईमेल- amitsirmu@gmail.com, मोबाइल-09653302787

आलेख

समकालीन कवि भगवत रावत के काव्य-चरित्र

✍ शंकर शर्मा

समकालीन कविता में काव्य-चरित्र सामान्य जन के जीवन संघर्ष और द्वंद्व को अभिव्यक्त करते हैं। आज के चरित्र में मिथकीय चरित्र की तरह कोई दैवीय शक्ति नहीं होती। वे अपनी सीमाओं और शक्तियों के साथ यथार्थ रूप में अपनी क्रियाशीलता, संघर्ष और द्वंद्व के बीच निखार पाते हैं। भगवत रावत के काव्य का अनुशीलन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि उनके काव्य चरित्र सामान्य जन हैं। वे कल्पना से किसी चरित्र का निर्माण नहीं करते, अपितु समाज के यथार्थ चरित्र को प्रस्तुत करते हैं। भगवत रावत के काव्य-चरित्र हमें अपने आसपास के जन सामान्य के रूप में परिलक्षित होते हैं, जिससे हम रोज बातें करते हैं या फिर समाज में उन्हें देखते हैं। भगवत रावत की कविताओं में आत्मीय चेहरे हमारे परिवेश के चरित्र हैं, जो कठिनाइयों, अभाव और संघर्ष के बीच उभरते हैं।



इन्हीं चेहरों में एक चेहरा तीजन बाई का है, जो लोगों को महाभारत की कथा गा-गा कर सुनाती हैं। साथ ही साथ महाभारत की कथा के प्रसंगों का बीच-बीच में अभिनय भी करती हैं। तीजन बाई देश-विदेश का चक्कर भी लगा आई हैं और लोगों के चेहरे भी पहचानने लगी हैं। कवि तीजन बाई से कहते हैं कि तुम चाहे दुनिया-जहान में घुम आना, चाहे छत्तीसगढ़ी गाने को पूरी दुनिया में फैला देना, परंतु जिन सामान्य लोगों के समक्ष तुम गाती आई हो उन्हें न भुला देना, क्योंकि वे ग्रामीण जन तुम्हारे द्वारा गाए गए महाभारत की कथा के माध्यम से ही आज भी न्याय और अन्याय को पहचानते हैं-तुम दुनिया-जहान में घूम आना,/गूँज आना/जगह-जगह अपना छत्तीसगढ़ी गाना/लेकिन उनके बीच जाना मत छोड़ना /उनके लिए गाना मत छोड़ना/ जो तुम्हारा एक-एक बोल सच मानते हैं/जो न्याय और अन्याय/तुम्हारी ही बोली में/पहचानते हैं।[1]

छत्तीसगढ़ प्रांत की अनेक आदिवासी स्त्रियों के अभावमय जीवन का आधार श्रम ही है। गरीब आदिवासी स्त्रियों पर महाजनों की लोलुप नजरें रहती हैं और वे हमेशा मौके की ताक में रहते हैं। 'कहाँ गई री अमरीका' शीर्षक कविता में भगवत रावत ने अमरीका नामक स्वाभिमानी मजदूरीन की क्रियाशीलता और जीवन संघर्ष को अभिव्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ प्रांत की अनेक आदिवासी स्त्रियों का नाम अमरीका भी होता है। अमरीका बड़े यत्न से सिर पर ईंटें रखकर सीढ़ी चढ़ती जाती है। लोग उसे कभी चूना लाने को तो कभी मिट्टी लाने को कहते हैं। उसे याद ही नहीं कि कब उसने शीशे में अपना मुँह देखा था। उसकी आँखें कारी और

बाल भूरे हैं। वह बात-बात पर हँसती है और दुनिया की नजरों को ताड़कर हमेशा चौकस और सावधान रहने वाली स्त्री है--बात बात पर हँसते-हँसते/सबकी नजर ताड़ने वाली/सावधान/चैकन्नी चौकस/कसी कमर की हिम्मत वाली/धोती बाँधे।[2]

वर्तमान लोक जीवन में एक ऐसी मानसिकता का विकास हुआ है कि निम्नवर्ग के लोग अगर विकास करने लगें तो लोग उसे आत्मसात नहीं कर पाते और ईर्ष्या से भर उठते हैं। भगवत रावत 'सोच रही है गंगाबाई' शीर्षक कविता में गंगाबाई के माध्यम से समाजिक चेतना के खोखलेपन और वर्गीय द्वंद्व को अभिव्यक्त करते हैं। गंगाबाई लोगों के घर पर बरतन-झाड़ू करके अपने बेटे को पढ़ाती है। उसका बेटा जब काम पर लग जाता है तो गंगाबाई के प्रति लोगों की सोच यकायक बदल जाती है। मुहल्ले के लोग उससे कटे-कटे से रहने लगते हैं जैसे उसने कोई अपराध किया हो। नौकरी मिलने के उपरांत गंगाबाई का बेटा अपनी माँ को दूसरों के घर पर काम करने के लिए जाने नहीं देता, क्योंकि इससे उसकी सामाजिक हैसियत में कमी आती है। गंगाबाई के काम पर न जाने से उसके जात-बिरादरी के लोग उसकी खुशहाली से जल-भून जाते हैं और उसे 'महारानी' का संबोधन देते हैं-अम्मा,अब तू कभी किसी साले के घर का/झाड़ू-पोछा नहीं करेगी/घर बैठेगी आखिर मेरी भी इज्जत है/बस, उस दिन से उसके/ पास-पड़ोस जात-बिरादरी वाले मुँह बिचकाकर/ आपस में गंगाबाई को / कहने लगे गंगा महारानी।[3]

हमारा देश भले ही विकास और उन्नति के पथ पर पग बढ़ा रहा हो, परंतु आज भी हमारे देश में ऐसे तमाम लोग हैं, जो बदहालीपूर्ण, जानवरों-सा जीवन जीने को मजबूर हैं। 'कचरा बीननेवाली लड़कियाँ' सामाज के विद्रूप रूप को प्रत्यक्षता से दर्शाती है। कचरा बीनने वाली लड़कियाँ हर शहर में दिख जाती हैं, जिनके न माता-पिता का पता हैं, न घर का ठिकाना। वे कचरे में ही जन्म लेती हैं और कचरे में ही पलकर बड़ी होती हैं। कचरे की ये पैदाइश जिन्हें न अच्छा खाने को मिलता है न अच्छा पहनने को। समाज के नैतिक पतन की इंतहा तो तब होती हैं जब वे लड़कियाँ कचरे में से कुछ उठाकर अपने मुँह में चुपचाप डाल लेती हैं- जब कोई छपा हुआ फोटू/या साबुत डिब्बा मिल जाता है उन्हें/ तो वे रख देती हैं उसे अलग सँभालकर/और उस समय तो आप/ उन्हें देख ही नहीं सकते जब वे/ कचरे में से न जाने क्या उठाकर/ चुपचाप मुँह में रख लेती हैं।[4]

समाज में स्त्री चरित्रों की कहानी एक ही है, बस स्थान, काल और परिवेश का अंतर है। समय चाहे जितना बदले, परंतु समाज में नासूर घाव की तरह वर्गीकृत समाज कभी परिवर्तित नहीं होगा। भगवत रावत के काव्य में अभिव्यक्त आत्मीय लोक चरित्र के संबंध में रेवती रमण का कहना है, "भगवत रावत की कविताओं में इतनी संख्या में आत्मीय चेहरे हैं कि इच्छा होती है कि कहूँ-ये देखकर आत्मीय चेहरों की कविताएँ हैं, आत्मीय चेहरों की आभा से जगमग।

वर्तमान समाज में कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो पैसों के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यहाँ तक कि संबंधों को भी उन्होंने ताक पर रख दिया है। 'भरोसा' शीर्षक कविता में ऐसी मनोवृत्ति और उससे पड़ने वाले मानसिक प्रभाव का वास्तविक चित्रण किया गया है, जिसमें एक निम्नवर्गीय चरित्र बरतन माँजने वाली बाई है, जो बहुत बोलती है और सभी को अपनी आपबीती सुनाती है। उसके मैले झोले में उसकी बेटी की एक पुरानी तस्वीर है, जिसे उसके पति और सगे भाई ने मिलकर बेच दिया है। इस घटना से उसका मानसिक संतुलन बिगाड़ दिया

है। वह इन दोनों को उनके इस अपराध की सजा दिलवाना चाहती है, जिसके लिए वह विगत सात वर्षों से बरतन माँज कर पैसे जोड़ रही है। वह सबको बताती है कि इसके लिए उसने थाने में रिपोर्ट लिखवाई, नेताओं से मिली, पुलिस अफसर से मिलकर दोनों मुजरिमों के नाम पते दिए और तो और, कुछ जानकार लोगों के जरिए वह जगह पर पैसे भी पहुँचा आई है। इतना कुछ करने के बाद अब उसे कानून पर पूरा भरोसा है कि दोनों अपराधियों को सजा मिलेगी और उसकी लड़की, जो अब भी लड़की है, उसे वापस मिल जाएगी। उसे भरोसा है कि एक दिन/अपराधी पकड़े जाएँगे/ उसे भरोसा है कि एक दिन/उसकी लड़की मिल जाएगी/ उसे भरोसा है/ उसकी लड़की जिन्दा है/उसे भरोसा है/उसकी लड़की/ अब भी लड़की है।[5]

वर्तमान समाज में सामाजिक हैसियत के आधार पर नामकरण होने लगे हैं। 'कहानी' शीर्षक कविता में भगवत रावत ने एक ही नाम के तीन चरित्रों का उल्लेख करते हुए समाज का वर्गीकरण किया है। प्रभा मध्यवर्गीय चरित्र है, जिसने एम.ए, बीएड किया किया है, प्ररभा

निम्नवर्गीय चरित्र है, जो बरतन माँजने वाली बाई है तथा पब्बी उच्चवर्गीय चरित्र है। ये सभी चरित्र समाज में अपनी-अपनी भूमिका अदा करने में लगे हुए हैं। प्रभा, परभा और पब्बी तीनों के नाम एक ही हैं, लेकिन सामाजिक हैसियत ने तीनों के नाम में अंतर ला दिया है और तीनों नाम के आधार पर ही उच्च, मध्य और निम्न वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं । भगवत रावत का मानना है कि प्रभा की शादी हो जाएगी, वह पब्बी के बच्चों को हिंदी पढ़ाएगी। पब्बी अपनी माँ की तरह अपनी आठ-नौ साल की बेटी को लेकर पब्बी के बंगले पर काम करने लगेगी और परभा बाई बन जाएगी। परंतु पब्बी में कोई परिवर्तन नहीं होगा। अगर वह कभी नाटक या नाचने गाने के बहाने परभा की भूमिका अदा करेगी तो अखबारों की सुर्खियाँ बन जाएगी- अव्वल पब्बी ने अपना रूप-रंग /ज्यादा नहीं बदला है/जब भी वह नाटक करने /या नाचने गाने के बहाने/ परभा की भूमिका में आ जाती है/तो उसकी तस्वीर/जगह-जगह/ अखबारों में छप जाती है।[6]

अभावजन्य जीवन में आजीविका के लिए स्त्री और पुरुष दोनों को श्रम और संघर्ष करना पड़ता है। गरीब परिवार में लड़कियों के श्रम अधिक करने के कारण समय से पहले ही उनका शरीरिक विकास शुरू हो जाता है। इसलिए ''गरीब घर की लड़कियों का यौवन आरंभ भी जल्दी होता है और समाप्त भी शीघ्र होता है। इन दोनों के लिए जिम्मेदार वह जीवन होता है जो उन्हें जन्म से पहले मिल चुका है।''[7] भगवत रावत ने 'जो भी पढ़ या सुन रहा है इस समय' शीर्षक कविता में भूरी भाभी नामक आदिवासी स्त्री चरित्र के जीवन-संघर्ष और उनके प्रति अपने आकर्षण को व्यक्त किया है। भूरी भाभी की नई-नई शादी हुई थी और वह देखने में बहुत सुंदर थीं। बचपन में वह भगवत रावत को गोद में लिए फिरती थीं और भूरी भाभी का कोमल स्पर्श ने उन्हें इस हद तक आकर्षित कर लिया था कि वे बचपन में ही सोचने लगे कि बड़े होकर वे भूरी भाभी से ही शादी करेंगे। खैर यह सोच बचपन की थी। कुछ वर्षों तक वे भूरी भाभी से नहीं मिले। एक दिन उन्होंने भूरी भाभी को देखा तो वे आश्चर्यचकित रह गए, और उन्हें भौजाई कहकर बुला भी

नहीं पाए और न ही भूरी भाभी डन्हें लाला कहकर पुकार पाईं, क्योंकि जीवन के अभाव ने उनके सौंदर्य को तांबाई रंग में परिणत कर दिया था–पिछले साल/ चैतुओं के डेरे के साथ/ मेरे घर के बगल वाले मैदान में/ पत्थरों का चूल्हा बनाकर/ जब उसने लकड़ियाँ सुगलाई/ तब सड़क से निकलते हुए/ मेरे मुँह से/ निकल नहीं पाया भौजाई / और न उसके मुँह से निकला लाला/ लकड़ियाँ जरूर सुगलीं/ और उनकी आँच में/ एक क्षण तो दिखा/ तांबाई हो चुका उसका भूरा चेहरा / और धुएँ में गुम हो गया।[8]

समाज में स्त्री चरित्रों की कहानी एक ही है, बस स्थान, काल और परिवेश का अंतर है। समय चाहे जितना बदले, परंतु समाज में नासूर घाव की तरह वर्गीकृत समाज कभी परिवर्तित नहीं होगा। भगवत रावत के काव्य में अभिव्यक्त आत्मीय लोक चरित्र के संबंध में रेवती रमण का कहना है, ''भगवत रावत की कविताओं में इतनी संख्या में आत्मीय चेहरे हैं कि इच्छा होती है कि कहूँ– ये देखकर आत्मीय चेहरो की कविताएँ हैं, आत्मीय चेहरों की आभा से जगमग। इनमें संबंधों के उदात्त भाव और रूप हैं, गहरे रचनात्मक स्तर पर वर्गीय आधार की समझ के साथ। इनमें माँ का प्रेरणादायी, दुख में सांत्वना देने वाला एक सर्वथा दिव्य चेहरा है और हाँ, भूरी भाभी का वह चेहरा भी जो चूल्हे की आँच में ताम्बाई हो गया है। यह एक उदास चेहरा है। इन चेहरों की शिनाख्त में भगवत रावत के इबादत में प्रखर समाजशास्त्रीय चिंतन और जनबोध सक्रिय है। वर्ग विभाजित समाज की नैतिकता को मुँह चिढ़ाता हुआ, उसे जगह–जगह बेनकाब करता हुआ। वह चाहे 'कचरा बीननेवाली लड़कियाँ' हों या एक कहानी की प्रभा। प्रभा, परभा और पब्बी एक ही रूप के तीन वर्गीय नाम हैं, सामाजिक हैसियत से नाम बनता और बिगड़ता भी है।''[9] वर्तमान समाज में आज भी हजारों ऐसे निम्नवर्गीय चरित्र हैं, जो आर्थिक विपन्नता के कारण अपनी इच्छाओं को तिलांजलि देकर जीवन निर्वाह के लिए मजदूरी को विवश हैं। कविता में रामचरण ऐसे ही सामाजिक चरित्र का प्रतिनिधित्व करता है। रामचरण कवि के बचपन का दोस्त था और जात का कोरी था। वह इतना अच्छा गाता था कि कवि भी उसी की तरह गाना चाहता था। छठवीं तक वह कवि के साथ पढ़ा और उसी साल उसका विवाह भी हो गया। इसके बाद आर्थिक अभाव के कारण उसने पढ़ाई छोड़ दी और कई वर्षों तक कवि की मुलाकात रामचरण से नहीं हुई। एक दिन अचानक कवि उसे एक बिल्कुल अलग परिवेश में गाते हुए देखता है, जहाँ वह मालगाड़ी में कोयला लाद रहा है–बहुत बरसों बाद/मैंने देखा उसे /वह गा रहा था/ सिर पर कोयले का डला रखे/माल गाड़ी में कोयला लाद रहा था/चेहरा कोयले की राख में गुम हो गया था/ लेकिन उसकी बीड़ी में/उसके गाने की आग थी।[10] रामचरण की 'बीड़ी में गाने की आग का होना' उसके अंतर्मन का द्वंद्व है। यह विरोध समाज और अपने अभावग्रस्त जीवन का है, जो बीड़ी की तरह अंदर–ही–अंदर सुलग रहा है। भगवत रावत का अपने काव्य चरित्र के संबंध में कहना है, ''अगर मेरी कविता के नायक को पहचानना है तो उसकी एकमात्र पहचान होगी कि वह मध्यवर्गीय व्यक्ति है, जो ईमानदार है, जीवन के लिए, प्रगतिशील मूल्यों के लिए संघर्ष कर रहा है। उसकी पीड़ा, उसका तनाव मेरी कविता में दिख पड़ेगा।[11] 'लड़का अजूबा' शीर्षक कविता में लड़का अजूबा एक ऐसा चरित्र है, जो आग के माध्यम से समाज में प्रगतिशील मूल्यों के लिए क्रांति लाना चाहता है। समाज के ठेकेदार इसे बर्दाश्त नहीं कर पाते, क्योंकि अगर समाज में बदलाव आ गया तो उनका साम्राज्य समाप्त हो जाएगा। वे अपने खिलाफ उठने वाले हर आवाज को दबा देना चाहते हैं। इसलिए वे लड़का अजूबा को किसी भी हालत में पकड़ना चाहते हैं–लेकिन समझदार/ झुके हुए टेबिलों पर/ करते हुए विचार/सहमत है/ कि आग की खबर फैलाने वाले/लड़के को पकड़ो/ पकड़ो पकड़ो।[12]

भगवत रावत ने अनेक कविताओं में लोक–चरित्रों के माध्यम से लोक जीवन में व्याप्त मानवीय संवेदना और आत्मीयता की अभिव्यक्ति की है। 'प्याज की एक गाँठ' शीर्षक कविता में बशीर भाई एक ऐसे प्याज बेचने वाले व्यक्ति हैं, जिनमें गहरी मानवीय संवेदना और आत्मीयता है, जिसके कारण ग्राहक उनकी दुकान की ओर आकर्षित होते हैं। प्याज की बढ़ती कीमत की मार के कारण ग्राहक एक किलों के स्थान पर आधा किलों प्याज माँगता है। ग्राहक को प्याज तौलकर देते समय प्याज की एक गाँठ

तराजू में ज्यादा हो जाती है। बशीर भाई प्याज की एक गाँठ तराजू से निकाले या न निकाले इसी उधेड़बुन में वे ग्राहक से सौदा तय करते हैं। ग्राहक के साथ लौकिक संबंध और आत्मीयता के फलस्वरूप वे महँगाई के दौर में भी प्याज की एक गाँठ ग्राहक को ज्यादा तौल देते हैं। बशीर भाई के इस अंतर्द्वंद्व और लोक जीवन में आत्मीयता के संबंध को वास्तविकता से बड़े ही सूक्ष्म रूप से अभिव्यक्त किया गया है- प्याज की एक गाँठ/ और उतारे या न उतारे/ इस सोच में/उनका हाथ/ ग्राहक से रिश्ता तय करता सा/ एक क्षण को/ हवा में रुका / और आखिरकार/बशीर भाई जीत गए।[13]

भगवत रावत ने सामान्य जन की क्रियाशीलता, श्रम और स्वाभिमान को वास्तविकता से चित्रित किया है। लोक जीवन में स्वाभिमान को बहुत महत्व दिया जाता है। भले ही वे गरीब हों, अगर उनके स्वाभिमान पर चोट पर उसे बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। भगवत रावत ने 'अब ऐसा कोई रास्ता नहीं बचा' शीर्षक कविता में एक साथ तीन लोक चरित्र को तीन विशिष्ट विशेषताओं के साथ प्रकट किया है। प्रथम लोक चरित्र एक नेक दिल और स्वाभिमानी व्यक्ति पंडित श्याम सुंदर दास का है। इन्होंने नेक नियति से जीवन व्यतीत करते हुए आजीवन दूसरों की सहायता की। परंतु उनके स्वाभिमान को अगर भगवान भी चोट पहुँचाए तो उनसे भी लड़ बैठते हैं। द्वितीय चरित्र गप्पे कक्का का है, जो चाट का ठेला लगाते थे और अपनी चीजों को बेचने के लिए मधुर वचन से ग्राहकों का मन मोह लेते थे। लोक जीवन की यही आत्मीयता ही लोगों में अपनेपन का बोध कराती है। तृतीय चरित्र रहमान का है, जो सभी का दोस्त है। उसके मुँह में हमेशा गाली रहती है। रहमान अगर किसी से नाराज हो जाता तो उर्दू में बातें करने लगता था। उसके मुँह में गाली होना सामाजिक व्यवस्था के प्रति विद्रोह को ही अभिव्यक्त करता है- एक था रहमान जो सबका दोस्त होता था / बिना गाली दिए किसी को आवाज नहीं देता था/ जिससे नाराज हो जाता उसी से उर्दू बोलने लगता था[14]

भगवत रावत के काव्य में सामाजिक जीवन के पारिवारिक चरित्र में गृहस्थ पत्नी का चित्रण है, जो सारे कष्टों को सहते हुए पारिवारिक दायित्व का निर्वहन करती है। संवेदनशील और प्रेरणादायी माँ का चित्रण है, जो भगवत रावत के कवि-कर्म की प्रेरणा-स्रोत रही हैं तथा बेटी के बालमन का मनोवैज्ञानिक चित्रण भी है। इसके अतिरिक्त भी हीरामन, हीराबाई, झबुआ की मजदूरिन, आदि अनेक चरित्र हैं, जो सामाजिक जीवन की विसंगति, अभाव आदि के बीच अपने होने का अहसास दिलाते हैं।

संवाद चरित्र के क्रिया-कलाप, रहन-सहन, क्रियाशीलता आदि को अभिव्यक्त करते हैं। किसी भी तथ्य को जीवंत और प्रभावपूर्ण रूप से चित्रित करने के लिए काव्य में चरित्र के संवाद को प्रस्तुत करना आवश्यक होता है। पाठक पात्रों के संवादों से ही उनकी मन:स्थिति का पता लगा लेता है। भगवत रावत की कविता में चित्रित चरित्र की सबसे बड़ी कमजोरी है कि पात्रों के द्वंद्व और संघर्ष को पात्र नहीं, अपितु भगवत रावत कवि संवाद के माध्यम से स्वयं ही व्यक्त कर देते हैं। इससे पात्रों की क्रियाशीलता और चेतना आदि में कमी आती है। ऐसा नहीं है कि भगवत रावत के चरित्र में संवाद नहीं है, परंतु उसकी मात्रा अपेक्षाकृत कम है।

निष्कर्षत: आधुनिकीकरण और शहरीकरण ने लोक जीवन और उसके स्वभाव पर अपना प्रभाव अवश्य छोड़ा है। लोक जीवन में रिश्तों में जटिलता विसंगति और जड़ता किसी से छिपी हुई नहीं है। शहरीकरण और औद्यौगिकीकरण के दबाव इतने बढ़े कि लोग जीवन बोध, लोक अनुभव एवं चिंतन से निरंतर कटते जा रहे हैं। भगवत रावत अपने काव्य में लोक जीवन और चरित्र के माध्यम से संबंधों की वह आत्मीयता वापस पाना चाहते हैं, जो जीवन की जटिलता में कहीं खो गए हैं, जिसे वे बचपन से ही देखते आ रहे हैं। भगवत रावत का मानना है कि आत्मीयता ही भारतीय लोक जीवन की पहचान है और बचपन से ही अनुभव किया है। भगवत रावत की सहानुभूति उन श्रमिकों के साथ है, जो जीवन की क्रियाशीलता और संघर्ष में आज भी अडिग भाव से खड़े हैं। भगवत रावत की काव्य भावना वैश्विक चिंतन-सृजन का फलक तैयार करती है, जो साम्राज्यवादी-पूँजीवादी व्यवस्थाओं से तीसरी दुनिया के देशों के

शोषित लोगों के संघर्ष और दुख को आत्मसात करती हुई उनके पक्ष में खड़ी होती हैं। भगवत रावत के काव्य चरित्र वह सामान्य जन हैं, जिनमें खुशी, गम, अवसाद आदि सभी कुछ है, वह चाहे गंगाबाई हो या गप्पे कक्का, बशीर भाई हो या लड़का अजूबा, कचरा बीननेवाली लड़कियाँ हों या फिर भूरी भाभी। यही कारण है कि उनकी कविताओं में लोक जीवन और चरित्र की क्रियाशीलता सहजता के साथ रूपायित है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. भगवत रावत : 'ऐसी कैसी नींद', वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2004 पृष्ठ- 106
2. भगवत रावत : 'हुआ कुछ इस तरह', परिमल प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण 1998 पृष्ठ-35
3. भगवत रावत : 'सच पूछो तो', राधाकृष्ण प्रकाशन, प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, 1996 पृष्ठ-20
4. वही, पृष्ठ -28
5. विकास (संपा.) : 'निर्वाचित कविताएँ', साहित्य उपक्रम, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, 2004, पृष्ठ- 78
6. भगवत रावत : 'हुआ कुछ इस तरह', पृष्ठ -27
7. डॉ. बृजबाला सिंह : 'भगवत रावत अपने समय का चरितार्थ, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2006 पृष्ठ -173
8. भगवत रावत : 'बिथा कथा', प्रवीण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1997,पृष्ठ -71
9. वसुधा अंक 56-57, पृष्ठ-50
10. भगवत रावत : हुआ कुछ इस तरह, पृष्ठ-115
11. वागार्थ अंक 146 सितंबर 07, पृष्ठ-22
12. भगवत रावत हुआ कुछ इस तरह पृष्ठ-82
13. विकास (संपा.) : 'निर्वाचित कविताएँ', पृष्ठ -75
14. भगवत रावत : 'ऐसी कैसी नींद', पृष्ठ-30

कछार कॉलेज,
सिलचर असम-788001
मो. 9401287200



आलेख

असमीया उपन्यास की पृष्ठभूमि

✍ स्मिता रजक

असमीया उपन्यास के उदय के कई कारण हैं। जिनमें पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली, पत्र-पत्रिकाएं, मध्य वर्ग का उदय एवं पाश्चात्य फॉर्म आदि गिने जाते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि भले ही असमीया उपन्यास का विकास पाश्चात्य ढांचे से होकर गुजरा हो, लेकिन उपन्यास में निहित समस्याएं, संवेदनाएं और संघर्ष भारत भूमि की हैं।

बीज शब्द :

असमीया, औपनिवेशिक, पद्मावती देवी फुकननी, अंग्रेजी, नायक, नायिका, मध्यवर्ग, लेखिका, छापाखाना, पत्र-पत्रिकाएं, पृष्ठभूमि।

प्रस्तावना :

उपन्यास आधुनिक युग का सबसे सशक्त विधा रूप है। भारत में उपन्यास के उदय के लिए, अंग्रेजी राज, अंग्रेजी शिक्षा, अंग्रेजी शिक्षाविदों द्वारा लेखन को बढ़ावा दिए जाने, अंग्रेजी पुस्तकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद, छापे की मशीन एवं नए पाठक वर्ग के निर्माण; जैसे कारणों को भूमिका के तौर पर माना जाता है। इन कारणों ने नवीं सदी की आख्यान परंपरा को एक विशेष ढांचे (अंग्रेजी ढंग) के प्रभाव से पुनर्जीवित किया। आख्यान एक पूर्वनिर्धारित रूप और अंतर्वस्तु के खांचे से संबद्ध है तो उपन्यास इन दोनों खांचों को तोड़ता हुआ एवं उसकी परंपरा को आधुनिक संदर्भों से निखारता हुआ एक आधुनिक रूपबंध है। यूरोप में औपन्यासिक रूपबंध का इस्तेमाल विशेष संस्कृति, सभ्यता और आर्थिक उन्नति के तहत एक विशेष व्यक्तिवादी मध्यवर्गीय जीवन की अभिव्यक्ति के लिए हुआ। भारत में उपन्यास का उदय यूरोप की तुलना में कुछ देर से हुआ। भारत में उपन्यास किसी विशेष खांचे में बंधने के बजाय विविध रूपों में दस्तक देता है। मसलन भारतीय उपन्यास का उदय यथार्थवादी, भारतीय एवं दास्तानों के रूप में हुआ।

□□□□□□□□□□□□□□□□

भारतीय उपन्यास के परिप्रेक्ष्य में असमीया उपन्यास की पृष्ठभूमि को देखने और परखने के उद्देश्य को सामने रख प्रस्तुत शोधालेख तैयार किया गया है। औपन्यासिक फॉर्म और विषय वस्तु को उजागर करना भी ध्येय रहा है।

□□□□□□□□□□□□□□□□

प्रस्तुत शोधालेख में विश्लेषणात्मक, तुलनात्मक एवं आलोचनात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है।

महत्व :

भारत की औपन्यासिक पृष्ठभूमि से कई मायने में असमीया उपन्यास की पृष्ठभूमि मेल खाती है। परंतु भारतीय औपन्यासिक पृष्ठभूमि से जो बात असमीया उपन्यास को अलग करती है, वह है एक स्त्री द्वारा औपन्यासिक शुरुआत। इतना ही नहीं असमीया उपन्यास विशेष जनजाति की समस्याओं को उठाने के कारण भारतीय औपन्यासिक जगत में एक अलग पहचान रखता है।

विश्लेषण :

बिरिंचि कुमार बरुवा अपने 'असमीया साहित्य का इतिहास' नामक पुस्तक में उपन्यास के उदय पर प्रकाश डालते हैं। उनके अनुसार औपनिवेशिक शासन में पाश्चात्य शिक्षण प्रणाली के अंतर्गत पाश्चात्य साहित्य से प्रेरणा प्राप्त कर असमीया उपन्यास अस्तित्व में आया। "The novel in Assamese came in the wake of the Western system of education that was introduced by the British Administration, and it drew its inspiration from the literature of the west."[1]

यह धारणा बहुत कुछ मराठी के आलोचक आर.बी. जोशी जी से मिलती-जुलती है। जोशी जी मराठी उपन्यास के उदय की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए इन्हीं कारणों का उल्लेख करते हैं।

पद्मावती देवी फुकननी कृत 'सुधर्मार उपाख्यान' (1880 ई.) के विषय में उनका मानना है कि यह प्रथम उपन्यास के रूप में प्रख्यात हुआ, लेकिन हेमचंद्र बरुवा कृत 'बाहिरे रंग-संग भीतरे कोरा भातुरी' को उपन्यास के रूप में पहला प्रयास कहते हैं। वे औपन्यासिक ढांचे के रूप में इसकी प्रशंसा करते हैं, क्योंकि उपन्यास में प्लॉट है। इसके अतिरिक्त तत्कालीन समय के सामाजिक और धार्मिक जड़ता का विरोध होने के कारण उपन्यास की सराहना भी करते हैं। वे पहली बार इस उपन्यास में यथार्थवाद और चरित्र विकास को लक्षित करते हैं। बरुवा जी इस उपन्यास को सामाजिक कहते हैं। "The first attempt at anything approaching a plot, was Hemchandra BaruaÓs Bahire-oang Bhitare Kowa Bhaturi. As this is a novel with a purpose directed against the social and religious evils of the time, here for the first time realism and characterisation find fuller development."[2] वे ऐतिहासिक उपन्यास की प्रवृत्ति पर विचार करते हुए लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा कृत 'पदुम कुंवरी' को ऐतिहासिक उपन्यास के घेरे में रखते हैं। यह पदमा और सूरजया की एक दु:खान्त प्रेम कहानी है। इस प्रेम कहानी के अतिरिक्त दो विद्रोहियों की भी कहानी चलती है। एक कामरूप नामक प्रख्यात जमींदार है तो दूसरी ओर हरदत्त और वीरदत्त (नायिका के पिता और चाचा) हैं। इन जमींदारों की आपसी लड़ाई के साथ-साथ नायक और नायिका की प्रेम कहानी भी आगे बढ़ती है। बरुवा जी उपन्यास के शिल्प की सराहना करते हैं। उपन्यास में वर्णित विद्रोहियों की कथा के बीच प्रेमियों के जीवंत चरित्र को रखने, स्पष्ट विचार और शिल्प की गतिशीलता के लिए उपन्यास को महत्वपूर्ण मानते हैं।

बरुवा जी आगे चलकर पद्मनाथ गोहाईंबरुवा कृत 'भानुमति' पर टिप्पणी करते हैं। दरअसल 'भानुमति' एक पारिवारिक शोकपूर्ण उपन्यास है। इसमें दो प्रेमिकाएं एक युवक से और दो प्रतिद्वंद्वी युवक एक नारी से प्रेम करते हैं। भानुमति और चारु गोहाईं में प्रेम है, किंतु राजा भानुमति से विवाह करना चाहता है। चारु भीरु सिद्ध होता है, भानुमति आत्मगोपन करती है। चारु बंदी बना लिया जाता है। भानुमति पुरुष वेश धारण कर उसे छुड़ाना चाहती है। भानुमति की तरह एक प्रयास हिंदी उपन्यास में देखा गया है। किशोरीलाल गोस्वामी कृत 'प्रणयिनीप्रणय' नामक उपन्यास में प्रणयिनी अपने प्रेमी को वेश बदलकर मृत्यु दण्ड से बचाने निकलती है। राजघराने की भी एक लड़की चारु से प्रेम करती है, वह भी छुड़ाने की चेष्टा करती है। वध्यभूमि में चारु की मृत्यु वज्रपात से होती है। छल-प्रपंच, आत्महत्या, मृत्यु तथा वैराग्य से युक्त अनेक घटनाएं चलती रहती है। चरित्रों और कथा में स्वाभाविता और मनोवैज्ञानिकता का अभाव है। इस उपन्यास में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में आधुनिक समस्याओं के चित्रण का भी प्रयास है। कुछ आलोचक इसे असमीया साहित्य का प्रथम उपन्यास भी मानते हैं।

बरुवा जी को इस उपन्यास में ऐतिहासिक व्याख्या की कमी और उपन्यास में किसी भी प्रकार के ऐतिहासिक ढांचे की भी कमी दिखती है। इसके अलावा उपन्यास में प्लॉट के न होने, चरित्र-विकास की कमी और मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के न होने की ओर भी संकेत करते हैं, "Though placed against historical settings, neither novel deals with any history as such. Moreover, neither in

plot- development nor in characterisation and psychological analysis do the novels show and distinction."[3]

असमीया उपन्यास के उदय को समग्र दृष्टि से देखने का प्रयास तिलोत्तमा मिश्र जी ने किया है। यह प्रयास उन्होंने मीनाक्षी मुखर्जी द्वारा संपादित पुस्तक 'Early Novels in India' के एक लेख में किया है।

तिलोत्तमा जी, अंग्रेजी शासन के आगमन, व्यापार संबंधी विकास की योजना का आरंभ, मिशनरियों द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से लेखन कार्य की शुरुआत, छापेखाने की शुरुआत, इतिहास, पाठ्यपुस्तकों एवं पत्रिकाओं के साथ जोड़कर उपन्यास के उदय को देखती हैं। उनके अनुसार 'अरुणोदय' एवं 'मोउ' जैसे आरंभिक दौर के पत्र-पत्रिकाओं से उपन्यास लेखन की शुरुआत हुई।

पद्मावती देवी फुकननी कृत 'सुधर्मार उपाख्यान' (1884 ई.) को तिलोत्तमा जी असमिया का प्रथम साहित्यिक गद्य कहती हैं, जबकि तिलोत्तमा जी यह स्वीकार करती हैं कि कुछ आलोचक इसे उपन्यास कहते हैं, लेकिन तिलोत्तमा जी आगे चलकर इसे नैतिक काल्पनिक (पौराणिक) कथा के रूप में अभिहित करती हैं। 'सुधर्मार उपाख्यान' में मनोरमा नामक स्त्री अपने पति को सही मार्ग पर लाने की चेष्टा करती है। वह अपने पति के बुरे बर्ताव की निंदा नहीं करती वरन् उसे ईश्वर के समान पूजती है। यह कथा मनोरमा और उसके पति की कथा के साथ-साथ सत्यवन-सुधर्मा और माधवचंद्र- लीलावती की कथा भी है।

तिलोत्तमा जी 'सुधर्मार उपाख्यान' के शिल्प में कई प्रकार की त्रुटियां देखती हैं। उनका मानना है कि चरित्र को जीवंत रूप में चित्रित नहीं किया गया है। वे भौतिक वातावरण के वर्णन का अभाव चिन्हित करती हैं जिसमें यथार्थ का चिह्न नहीं मिलता है। उनके अनुसार पद्मावती उन स्थानों के वर्णन को छोड़ देती है, जिस स्थान पर मनोरमा को जंगल में छोड़ दिया जाता है। उस स्थान का वर्णन वास्तविक रूप में प्रकट नहीं हुआ है बल्कि मिथ के रूप में है। जहां शिकारी, साधु और आश्रम है। इसके अतिरिक्त जिस समय नाव उलट जाती है, उस समय मुश्किल से दो वाक्य सामने आते हैं। तिलोत्तमा जी लेखिका के अनुभव की कमी की ओर भी इशारा करती है; उनका मानना है कि लेखिका उच्च मध्यवर्गीय महिला को सुरक्षा प्रदान करती हैं। इसीलिए जोखिम भरे जीवन को दर्शाने का अनुभव उनके पास नहीं है। इतना ही नहीं वह आगे कहती हैं कि लेखिका का अनुभव धार्मिक पुस्तकों तक सीमित है। इसीलिए जंगल, जोखिम भरे जीवन और नदियों का वर्णन नहीं कर पाती हैं।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कहा जाए तो 'सुधर्मार उपाख्यान' में तिलोत्तमा जी जीवंत चरित्र और बाह्य जगत के वर्णन का अभाव देखती हैं। अत: वे उपन्यास को पौराणिक या नैतिक काल्पनिक कथा भर मानती है। "Padmavati's fictional narrative remains at the level of a moral fable."[4]

तिलोत्तमा जी 'सुधर्मार उपाख्यान' के पश्चात् तीन उपन्यासों के प्रकाशन की चर्चा करती हैं। जो पाश्चात्य ढांचे के निकट ठहरते हैं। जिनमें लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा कृत 'पदुम कुंवरी' (1890 ई.), पद्मनाथ गोहानी बरुवा कृत 'भानुमति' (1891 ई.) और 'लाहोरी' (1892 ई.) प्रमुख है। समानता की बात की जाए तो सामाजिक समानता ही इन उपन्यासों को 'सुधर्मार उपाख्यान' से जोड़ती है।

तीनों ही उपन्यास ऐतिहासिक रूप से अतीत की कथा है। केंद्रीय विषय प्रेम कहानी है। 'भानुमति' और 'पदुमकुंवरी' का अंत दु:खांत है तो लाहोरी का अंत मिलन के रूप में हुआ है।

जिस समाज में स्त्रियों का विवाह कम उम्र में हो जाया करता है, ऐसे समाज में युवाओं की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। नायक-नायिका मध्यवर्गीय परिवार की नैतिकता का मान रखते हैं। प्रथम दो उपन्यास के नायक, ज्यों ही यह देखते हैं कि उनकी प्रेमिकाओं का विवाह निकट आ गया है, वे भाग खड़े होते हैं।

उपन्यास में कुछ खामियों को चिह्नित करते हुए तिलोत्तमा जी कहती हैं कि इन उपन्यासों में जातिगत-वर्गगत बंधन के परे जाकर लोक जीवन के साहसिक कार्यों से युक्त सच्चा रूप लाने की असमर्थता देखी गई

है। प्रेम और विवाह जैसे विषय बांग्ला उपन्यासों के अनुकरण पर लिखे गए हैं। वे इन उपन्यासों में बिहु संगीत और नृत्य के अभाव को रेखांकित करती हैं। इस अभाव का कारण स्पष्ट करती हुई तिलोत्तमा जी कहती हैं कि ऐसा इसलिए, क्योंकि उच्च वर्ग ग्रामीण लोक संस्कृति के विरुद्ध थे। इसलिए उपर्युक्त लेखकों ने इन दृश्यों के वर्णन से अपनी लेखनी को रोके रखा- "The inability of the early novelists of Assam to beyond the bounds of their class and caste boundaries and to present bold and realistic pictures of the lives of ordinary folk, is thus the greatest weakness of these novels."[5]

तिलोत्तमा जी रजनीकांत बरदलै कृत 'मिरिजियरी' (1894 ई.) उपन्यास का उल्लेख भी करती हैं।

'मिरिजियरी' यह रजनीकांत बरदलै का प्रथम उपन्यास है। न्यायधीश बरदलै को 1894 ई. में कार्यवश नेफा जाने का अवसर मिला था। वहां उन्होंने मिरि नामक जनजाति के रहन-सहन, आचार-विचार का अध्ययन किया था। उन्होंने अपने अध्ययन का उपयोग इस उपन्यास में किया है। जंकि (पानेई-जंकि) और पानेई (पानेई जंकि) बालसखा हैं, यौवन आने पर वे प्रणयी बन जाते हैं। गांव और परिवार की प्रथा के अनुसार उनके प्रेम को स्वीकृति नहीं मिलती है। उन्हें अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता है। जनजाति की अदालत के अनुसार उन्हें मृत्यु दंड दिया जाता है। जीवित अवस्था में वे नहीं मिल सके किंतु सुवर्ण श्री नदी में दोनों के शव एक साथ तैरते दिखाई देते हैं। यह दु:खांत उपन्यास असमीया साहित्य का (और वह भी जनजाति पर आधारित) प्रथम सामाजिक उपन्यास कहा जाता है। इस उपन्यास में औपनिवेशिक कानून-व्यवस्था और मिरी-जनजाति की कानून-व्यवस्था के बीच सामाजिक न्याय पीस कर रह जाता है। आज अंतर्जातीय प्रेम और विवाह की छूट हम कानून व्यवस्था में देखते हैं। इसके बावजूद जंकी और पानेई जैसी घटनाएं भी घटती रहती है। इस लिहा? से रजनीकांत जी की यह रचना आज भी प्रासंगिक बनी हुई है।

तिलोत्तमा जी बरदलै जी के रचनाओं को पूर्ववर्ती औपन्यासिक कृतियों से भिन्न मानती हैं। वे इस मायने में भिन्न मानती हैं कि पूर्ववर्ती लेखकों ने जहां मध्यवर्गीय जीवन को आंकने की कोशिश की वहीं बरदलै जी ने असम के ग्रामीण जीवन को रखने का प्रयास किया है।

तिलोत्तमा जी असमीया का पहला उपन्यास किसे मानती है? इस पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं मिलती है।

निष्कर्ष :

आलोचकों ने असमीया उपन्यास की पृष्ठभूमि निर्मित करते हुए कई तत्वों को रेखांकित किया है। ब्रिटिश शासन और उनकी शिक्षा प्रणाली, पत्र-पत्रिकाओं की शुरुआत या फिर उपन्यास का अंग्रेजी ढांचा आदि। ये सारे तत्व असमीया उपन्यास की पृष्ठभूमि निर्मित करने में एक अहम भूमिका रखते हैं। इसके बावजूद असमीया उपन्यास अपनी प्रकृति और समस्याओं को रखते हुए अंग्रेजी ढांचे से अलग एक जातीय मौलिक रूप भी रखता हुआ चलता है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. History of Assamese Literature- Birinchi Kumar Barua, Sahitya Akademi, First published: 1964, Si& Printing: 2016 , पृष्ठ संख्या- 167
2. वही, पृष्ठ संख्या-167
3. वही, पृष्ठ संख्या-167-168
4. Early Novels In India- Edited by Meenakshi Mukherjee- Sahitya Akademi, First published, 2002, पृष्ठ संख्या-14
5. वही, पृष्ठ संख्या-18

-शोधार्थी, प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
20डी, लाला बाबू लेन, कोलकाता-700002
मोबाइल नं : 9331514136
ईमेल : rajaksimita@gmail.com

किन्नर समुदाय एवं धार्मिक संघर्ष : एक विवेचनात्मक अध्ययन

✍ प्रियंका कलिता

'किन्नर' शब्द उस समुदाय के लिए प्रयुक्त होता है, जो लैंगिक रूप से न स्त्री होता है, न पुरुष ।'किन्नर' या 'हिजड़ा' शब्द सुनकर ही आम जनमानस के मन में यह धारणा बन जाती है कि ये लोग असामाजिक कार्य करने वाले लोग हैं, जो ताली बजाकर अपशब्दों का प्रयोग करने, छीना-झपटी करके आजीविका चलाने तथा प्रतिक्रियास्वरूप हाथापाई करने पर आमादा हो जाते हैं ।

भारतीय समाज में किन्नर समुदाय की स्थिति अत्यंत शोचनीय है। हमारे देश के संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकारों का प्रावधान है, परंतु यह समुदाय सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक तथा राजनीतिक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए निरंतर संघर्षरत है। साधारण जनता की भाँति उन्हें धार्मिक-स्थलों पर स्वीकार्यता प्राप्त नहीं है । किन्नरों हेतु किसी भी प्रकार के पूजा-पाठ संबंधी धार्मिक कृत्य नहीं देखे जाते। यदि होते भी हैं तो यह समुदाय गोपनीय तरीके से अपने प्रयासों एवं अनुष्ठानों का क्रियान्वयन करता है। अत: किन्नर समुदाय अपने धार्मिक अधिकारों की प्राप्ति हेतु भरसक प्रयास कर रहा है ।

बीज-शब्द : किन्नर समुदाय, धार्मिक संघर्ष, अस्मिता, अधिकार, लैंगिकता ।

1. प्रस्तावना :

किन्नरों का इतिहास समृद्ध एवं संस्कृति गौरवशाली रही है - शतपथ ब्राह्मण, रामायण, महाभारत, जैन एवं बौद्ध ग्रंथ इत्यादि में किन्नर समुदाय का उल्लेख मिलता है। देश के प्राचीन साहित्य में किन्नर को तृतीय प्रकृति अथवा नपुंसक मानव के रूप में संबोधित किया गया है। संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों में लिंग संबंधी ज्ञान पर प्रकाश डाला गया है ।

बीसवीं सदी के अंत और इक्कीसवीं सदी के आरंभ में हिंदी साहित्य जगत में स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श, वृद्ध विमर्श जैसे अनेक महत्वपूर्ण विमर्शों ने जन्म लिया। इन विमर्शों के अंतर्गत अस्मिता संबंधी प्रश्न तथा उन पक्षों पर विस्तृत रूप से चर्चा होने लगी, जो मुख्य विषय नहीं बन पाते थे। इनमें 'थर्ड जेंडर' विमर्श भी एक महत्वपूर्ण विमर्श है । यह समाज का उपेक्षित ,उपहासित एवं अत्यंत परित्यक्त वर्ग है - जिसे थर्ड जेंडर या तृतीय पंथी समाज के रूप में जाना जाता है। इस वर्ग को सदैव समाज द्वारा निम्न दृष्टि से देखा जाता है ।

परंपरागत रूप से जो लैंगिकता के आधार पर न नर होते हैं, न मादा। वह तीसरे लिंग के रूप में पहचाने जाते हैं। जैविक अनिश्चितता के कारण यह समुदाय

समाज में अन्य मानव समुदाय की भाँति सामान्य प्रतीत नहीं होता । लेखिका नंदा ने अपनी पुस्तक 'नाइदर मेन नोर वुमेन' जो सन 1990 प्रकाशित हुई, जिसमें किन्नर की परिभाषा इस प्रकार प्रस्तुत की गई है –

स्वयं किन्नर भी अपने आपको न तो आदमी और न ही औरत के रूप में स्वीकारते हैं, बल्कि उनका मानना है कि महिला-पुरुष द्विधार के बीच में कहीं-न-कहीं एक जीवन ईश्वर ने बनाया है, जहाँ स्त्रीत्व और पुरुषत्व की गहरी जड़ें सांस्कृतिक निर्माण के द्वारा प्रतिबंधित हैं। अधिकांश हिजड़े शारीरिक रूप से नर होते हैं या अंत:लिंगी (इंटरसेक्स), किंतु कुछ मादा (स्त्री) भी होते हैं।

(सिंह और गोंड 2016 : 43-44)

2. विश्लेषण :

संघर्ष जीवन का एक महत्वपूर्ण आयाम है। जीवन में संघर्ष के बिना मानव का अस्तित्व ही नहीं है। इसके माध्यम से ही मानव जीवन में गतिशीलता आती है। यह आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है । जब तक व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त नहीं कर जाता, तब तक यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। प्रत्येक व्यक्ति या समूह इस प्रक्रिया से गुजरता है ।

वर्तमान समाज में विभिन्न अस्मिता समूह अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। इन्हीं समूहों के अंतर्गत किन्नर समुदाय भी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। थर्ड जेंडर समुदाय आज भी शिक्षा एवं स्वास्थ्य की समान पहुँच से वंचित है। जिस कारण वे शैक्षिक रूप से पिछड़ेपन के शिकार हैं तथा साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना भी करना करना पड़ता है। इन्हें केवल समाज में शुभ कार्यों में बधाई देने वाले, ताली बजाने वाले, भिखारी, सेक्स वर्कर आदि के रूप में देखा जाता है। मनुष्य के रूप में आज भी इन्हें देखना कठिन प्रतीत होता है, किंतु समय बीतने के साथ कुछ किन्नर आगे भी बढ़े हैं, लेकिन इनकी संख्या नगण्य है ।

आज इक्कीसवीं शताब्दी के समाज में वैज्ञानिकता आने के पश्चात भी लोगों की मानसिकता में विशेष परिवर्तन नहीं आया है, क्योंकि किसी व्यक्ति का तृतीय लिंगी होना जैविक कारण है। भारत के संविधान में भी प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं, किंतु आज भी इस समुदाय को सामाजिक स्वीकार्यता प्राप्त नहीं हो पाई है ।

